kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-255 ❑ शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



इस दीपोत्सव की झलक हर आगंतुक के लिए अविस्मरणीय अनुभव बनने जा रही है। दीपोत्सव की असली चमक उसकी जन सहभागिता में है। करीब 33 हजार वालंटियर जिनमें- छात्र, शिक्षक और स्थानीय संगठन शामिल हैं, अयोध्या के घाटों पर दीयों की सजावट में जुटे हैं।

जयवीर सिंह

भारतीय सेना प्रमुख से मिले नेपाली सेना के उप प्रमुख, स्थायी संबंधों को सशक्त बनाने पर जोर 11

उत्तराखंड में वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च को सशक्त करें विश्वविद्यालयः राज्यपाल 12

मुख्यमंत्री ने दीपावली से पूर्व 10 लाख से अधिक विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से वितरित की छात्रवृत्ति

# छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहेगा प्रदेश का कोई भी छात्र : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के ठीक पूर्व प्रदेश के छात्र-छात्राओं को बड़ी सौगात देते हुए दशमोत्तर एवं पूर्वदशम छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत एक साथ 10 लाख 28 हजार 205 विद्यार्थियों को 300 करोड़ की छात्रवृत्ति राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में प्रेषित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उनकी शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आने देने के संकल्प के साथ आयोजित किया गया है। यह डबल इंजन सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए जा रहे शिक्षा-सशक्तिकरण अभियान की एक नई कड़ी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी विजयादशमी के अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई थी। पहले छात्रवृत्ति वितरण प्रक्रिया में भेदभाव, विलंब और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं आम थीं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में टेक्नोलॉजी आधारित डीबीटी प्रणाली लागू होने से अब पात्र छात्रों के खाते में राशि सीधे पहुंच रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब छात्रवृत्ति वर्ष में एक बार नहीं बल्कि दो चरणों में (अक्टूबर और जनवरी में) दी जाएगी, ताकि छात्रों को समय पर सहायता मिले। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016-17 तक जहां केवल 8.64 लाख विद्यार्थी छात्रवृत्ति से लाभान्वित होते थे, वहीं अब यह संख्या 62 लाख तक पहुंच गई है।



❑ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली से पूर्व 10 लाख से अधिक विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से वितरित की छात्रवृत्ति

❑ विभिन्न वर्गों के छात्रों को मिली छात्रवृत्ति

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 3 लाख 56 हजार से अधिक विद्यार्थियों को 114 करोड़ 92 लाख, सामान्य वर्ग के 97 हजार से अधिक छात्रों को 29 करोड़ 18 लाख, अन्य पिछड़ा वर्ग के 4 लाख 83 हजार से अधिक विद्यार्थियों को ?126 करोड़ ● शेष पेज 11 पर

## हमारा संकल्प, एक भारत श्रेष्ठ भारत कांग्रेस-सपा का 'फूट डालो, हुकूमत करो' : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ यूनिटी मार्च और राष्ट्रीय एकता दिवस का कार्यक्रम, बाबा साहब को समर्पित संविधान दिवस और युवा पदयात्रा

❑ विकसित भारत' और 'स्वदेशी उत्पादों' पर जोर

लखनऊ । सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान को लेकर राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कंग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन अंग्रेजों की ख्फूट डालो और राज करोङ्क नीति को आज भी अपनाए हुए हैं। ये दल समाज में जाति, पंथ और मजहब के आधार पर फूट डालने का काम कर रहे हैं ताकि देश की एकता और अखंडता कमजोर हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश आज़ाद हो रहा था, तब अंग्रेजों ने भारत को कई हिस्सों में बांटने की साजिश रची थी। उनकी कोशिश थी कि भारत कभी एक न हो सके, लेकिन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी अद्भुत दूरदृष्टि और दृढ़ इच्छाशक्ति से 563 रियासतों को भारत गणराज्य में विलय कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि आज उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जो भारत एकजुट दिखता है, वह सरदार पटेल की देन है। इसलिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष से हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा और केंद्र व राज्य की सरकारें सरदार पटेल के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करने के लिए कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष समाज को बांटने की राजनीति कर रहा है, तब भाजपा की जिम्मेदारी है कि एकता और अखंडता के संदेश को हर गांव और हर विधानसभा तक पहुंचाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि 31 अक्टूबर को 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन पूरे प्रदेश में होगा। इसके बाद 1 नवंबर ● शेष पेज 11 पर

# धनतेरस पर भीड़भाड़ वाले इलाकों में सादी वर्दी में तैनात रहे पुलिस : डीजीपी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ, । पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने दीपावली त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने कहा कि शनिवार को धनतेरस पर्व हैं, ऐसे रात भर महिलाएं खरीदारी को निकलती है। सर्राफा बाजारों तथा अन्य बाजारों में भीड़भाड़ रहती है। इसके मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाए। सादी वर्दी में महिला और पुरुष पुलिस तैनात की जाए। बाजारों में एण्टी रोमियो स्क्वाड को सक्रिय रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पुलिस व पीएसी बल के साथ पैदल गश्त करें। छोटी से छोटी सूचनाओं को अत्यन्त गम्भीरता से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों एवं थाना प्रभारी स्वयं मौके पर पहुंच कर विवाद को हल करने एवं संवेदन शीलता को समाप्त करने के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित करें। प्रत्येक थाने पर उपलब्ध त्योहार रजिस्टर, रजिस्टर नबंर आठ में उपलब्ध प्रविष्टियों का अध्ययन कर ले। किसी नई परम्परा की अनुमति न दी जाये। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए रिजर्व पुलिस कर्मियों की टीम बनाकर उन्हें क्यूआरटी के रूप में रखे। भीड़ नियंत्रण, दंगा नियंत्रण से सम्बंधित उपकरणों की उपलब्ध हो। त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, बाजार, मनोरंजन स्थल, पार्क, मल्टीप्लेक्स आदि स्थानों पर भी भीड़ बढ़ जाती है। इसको लेकर भी सारी तैयारियां कर ली जाए। डीजीपी ने कहा कि पटाखों की दुकानों ● शेष पेज 11 पर



## प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए कृषि मंत्री करेंगे 11 मंत्रालयों के मंत्रियों के साथ बैठक

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' और 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की। इस दौरान, इन योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए शिवराज सिंह ने निर्देश दिए। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए शिवराज सिंह 11 मंत्रालयों के मंत्रियों के साथ जल्द ही बैठक करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को कृषि मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में बताया गया कि इन योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जिलेवार क्लस्टर बनाकर दलहन आत्मनिर्भरता मिशन पर काम किया जाएगा। इस संबंध में राज्यों से क्लस्टर निर्माण के लिए सहयोग लिया जा रहा है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को जमीनी स्तर पर बेहतर तरीके से लागू करने के लिए भी शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में शिवराज सिंह ने कहा कि दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन जल्द शुरू होने से किसानों को फायदा होगा। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को देश के 100 आकांक्षी जिलों में कृषि उत्थान के लिए 11 मंत्रालयों की 36 उप-योजनाओं को समन्वित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा ● शेष पेज 11 पर

## जुबिन गर्ग की समाधि पर राहुल गांधी ने अर्पित की श्रद्धांजलि

गुवाहाटी । असम के प्रसिद्ध गायक जुबिन गर्ग के असामयिक निधन के 28 दिन बाद शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद राहुल गांधी असम पहुंचे। बोरझार हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद वह दोपहर 2 बजे सोनापुर के कमारकुची स्थित जुबिन गर्ग की समाधि स्थल पर पहुंचे। वहां उन्होंने जुबिन गर्ग की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर कलाकार को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा राहुल गांधी ने जुबिन गर्ग की तस्वीर के सामने एक गामोछा भी अर्पित किया। साथ ही उन्होंने जुबिन गर्ग का पसंदीदा नाहर का एक पौधा भी पास में लगाया। जानकारी के अनुसार उनका आज का यह असम दौरा केवल जुबिन गर्ग के लिए निर्धारित था। आज के ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### श्रीलंका की प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली। श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या ने शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। डॉ. हरिनी अमरसूर्या का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी यात्रा ऐतिहासिक और बहुआयामी भारत-श्रीलंका संबंधों को नई गति प्रदान करेगी।

प्रधानमंत्री ने इस वर्ष अप्रैल में श्रीलंका की अपनी राजकीय यात्रा को याद किया, जिसके दौरान उन्होंने राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका के साथ सहयोग के सभी क्षेत्रों पर उपयोगी चर्चा की थी। दोनों नेताओं ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार विकास सहयोग और हमारे मछुआरों के कल्याण सहित अनेक क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। भारत और श्रीलंका के बीच विशेष संबंधों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने दोनों देशों की साझा विकास यात्रा में मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति दिसानायके को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे उनके साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने के लिए उत्सुक हैं।पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, ख्श्रीलंका की प्रधानमंत्री सुश्री हरिनी अमरसूर्या का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। उनके साथ शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, नवाचार, विकास सहयोग और हमारे मछुआरों के कल्याण सहित कई व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा हुई।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले मिस्र के विदेश मंत्री, रणनीतिक साझेदारी पर हुई वार्ता

नई दिल्ली । भारत-मिस्र रणनीतिक वार्ता के लिए दिल्ली आए मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बद्र अब्देलती ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास सात लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने गाजा शांति समझौते में मिस्र की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सिसी का आभार जताया और आशा व्यक्त की कि इससे क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित होगी। विदेश मंत्री अब्देलती ने प्रधानमंत्री को उनकी यात्रा के दौरान आयोजित होने वाली पहली भारत-मिस्र सामरिक वार्ता के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, रक्षा और लोगों के बीच संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

गुजरात में भूपेंद्र सकार में

## हर्ष संघवी बने सबसे उपमुख्यमंत्री 25 मंत्रियों में 19 नए चेहरे शामिल

एजेंसी

गांधीनगर । गुजरात में शुक्रवार को भूपेंद्र सरकार के नए मंत्रिमंडल में छह पुराने और 19 नए विधायकों के साथ कुल 25 विधायकों को मंत्री बनाया गया है। हर्ष संघवी को प्रोन्नत कर उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। क्रिकेट खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जाडेजा को भी मंत्री बनाया गया है। इन 25 मंत्रियों में 19 नए चेहरों को शामिल किया गया है। गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में आज हुए शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सभी 25 विधायकों को मंत्रि पद की शपथ दिलाई। हर्ष संघवी ने सबसे पहले उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद जीतू वाघाणी, नरेश पटेल, अर्जुन मोढवाडिया, प्रद्युमन वाजा और रमन सोलंकी ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। ईश्वरसिंह पटेल, प्रफुल्ल पानसेरिया और डॉ. मनीषा वकील ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली।



❑ क्रिकेट खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा को बनाया गया मंत्री

कंती अमृतिया, रमेश कटारा, दर्शनाबेन वाघेला, कौशिक वकेरिया, प्रवीण माली, जयराम गामित, त्रिकम छागा, संजय महीडा, कमलेश पटेल, पी.सी. बरंडा, स्वरूपजी ठाकोर और रिवाबा जाडेजा ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। नए मंत्रियों ने हाथ में भगवद गीता लेकर शपथ ली। इसके अलावा पुरुषोत्तम सोलंकी, ऋषिकेश पटेल, कनु देसाई और कुवरजी बावलिया ने इस्तीफा स्वीकार नहीं होने के कारण शपथ नहीं ली, क्योंकि इनके मंत्रालयों में कोई फ़ेरबदल ● शेष पेज 11 पर

## डाक विभाग जनवरी से 24 घंटे और 48 घंटे में 'डिलीवरी' की गारंटी के साथ शुरू करेगा नई सेवाएं

नई दिल्ली । केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय डाक 24 घंटे और 48 घंटे की डिलीवरी समय सीमा के साथ मेल और पार्सल की गारंटी आधारित सेवाएं अगले साल जनवरी में शुरू की जाएंगी। हम डाक और पार्सल की डिलीवरी की गारंटी के साथ नए उत्पाद लॉन्च करने जा रहे हैं।

केंद्रीय संचार मंत्री ने यहां प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि जनवरी से 24 घंटे और 48 घंटे डाक वितरण और अगले दिन पार्सल वितरण शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्सल की अगले दिन डिलीवरी के लिए भी ऐसी ही सेवाएं होंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि पार्सल की डिलीवरी अगले दिन हो, जबकि अभी इसमें 3-5 दिन लगते हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2029 तक भारतीय डाक को 'लागत केंद्र' से 'लाभ केंद्र' में बदलना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह नई सेवा जनवरी में शुरू की जाएगी। इस कदम का उद्देश्य भारतीय डाक के संचालन को आधुनिक बनाना, ग्राहकों का विश्वास बढ़ाना और निजी कूरियर सेवाओं के साथ अधिक ● शेष पेज 11 पर

# प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक में चुनाव आयोग का आर्थिक अपराधों के खिलाफ प्रभावी समन्वय पर जोर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली । चुनाव आयोग ने शुक्रवार को निर्वाचन सदन में चुनाव खुफिया विभाग की बहु-विभागीय समिति (एमडीसीईआई) की बैठक आयोजित कर विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों को आगामी चुनावों के दौरान सक्रिय और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग 'शून्य-सहिष्णुता' की नीति पर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराधों और चुनावों में धनबल के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए सभी प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान और आपसी सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

आयोग ने राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर एजेंसियों के बीच बेहतर अंतर-एजेंसी समन्वय पर ज़ोर देते हुए निर्देश दिया कि तस्करी, नशीले पदार्थों, शराब, नकदी और नकली मुद्रा के अवैध परिवहन पर रोक के लिए निर्वाचन क्षेत्रों का मानचित्रण किया जाए। बैठक में सीबीडीटी, सीबीआईसी, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), आर्थिक खुफिया ब्यूरो (सीईआईबी), वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू-आईएनडी), भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय बैंक संघ (आईबीए), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सीआईएसएफ, एसएसबी, एएआई, बीसीएएस और डाक विभाग सहित विभिन्न एजेंसियों के प्रमुख शामिल हुए। बिहार के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, राज्य पुलिस नोडल अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी भी बैठक में ऑनलाइन जुड़े। सभी एजेंसियों ने आयोग को अपनी तैयारियों और प्रस्तावित कदमों की जानकारी दी, जिससे चुनावों में नकदी और अन्य प्रलोभनों के प्रभाव को समाप्त किया जा सके। ● शेष पेज 11 पर




बिहार में चुनाव सरगर्मी के बीच रैलियों और जनसभाओं का सिलसिला भी अब शुरु हो चुका

# बिहार में राजग गठबंधन की 20 सालों में सबसे बड़ी बहुमत वाली सरकार बनेगी : शाह

एजेंसी

पटना । बिहार में चुनाव सरगर्मी के बीच रैलियों और जनसभाओं का सिलसिला भी अब शुरु हो चुका है। तमाम दलों के नेता अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी शुक्रवार को सारण जिले के तरैया विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार जनक सिंह के पक्ष में चुनावी सभा की।

जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस बार बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 20 सालों में सबसे बड़ी बहुमत वाली सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रचार की शुरुआत सारण से होती है, उसमें हमेशा विजय ही विजय मिलती है। यदि लालू यादव के जंगलराज के खिलाफ लड़ने का संकल्प लेना है और पूरे बिहार के युवाओं को 20 साल पहले लालू-राबड़ी द्वारा बनाई गई स्थिति याद दिलानी है, तो इसके लिए सारण-छपरा से अधिक उचित स्थान कोई नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राज्य की आम जनता तक सरकार की उपलब्धियों और संदेश को प्रभावी ढंग से पहुंचाएं। अमित शाह ने कहा कि हम बिहार में नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में ● शेष पेज 11 पर



❑ जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस बार बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 20 सालों में सबसे बड़ी बहुमत वाली सरकार बनेगी

## छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से 2100 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण : शाह

❑ पिछले 2 दिनों में कुल 258 वामपंथी उग्रवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा

जगदलपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से अब तक 2100 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं। इसके अलावा करीब दो हजार नक्सलियों को गिरफ्तार और लगभग पांच सौ को निष्प्रभावी किया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने आज सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जनवरी 2024 में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार बनने के बाद से 2100 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है जबकि 1785 को गिरफ्तार किया गया है और 477 को निष्प्रभावी किया गया है। यह 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के हमारे दृढ़ संकल्प का प्रतिबिम्ब है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में गुरुवार को 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। एक दिन पहले 27 ने हथियार डाले थे। महाराष्ट्र में भी 61 नक्सली हथियार त्याग कर मुख्यधारा में लौटे। उन्होने बताया कि पिछले 2 दिनों में कुल 258 वामपंथी उग्रवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा है। यह नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता है। शाह ने एक्स पर लिखा कि हिंसा छोड़कर ● शेष पेज 11 पर

# स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1ए की पहली उड़ान आज

एजेंसी

नासिक। देश की विमानन और रक्षा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में शुक्रवार का दिन एतिहासिक होने जा रहा है जब हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की तरफ से बनाया गया तेजस एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान पहली बार उड़ान भरेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में आज महाराष्ट्र के नासिक में तेजस एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान पहली बार उड़ान भरेगा। तेजस मार्क-1ए की पहली उड़ान देश की वैज्ञानिक उपलब्धि के साथ देश की रणनीतिक आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर है।

एचएएल का बनाया तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान आज नासिक में पहली उड़ान भरेगा। स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए मार्क-1ए भारतीय वायुसेना की क्षमता को और मजबूत करते हुए मिग-21 का स्थान लेंगे। वायुसेना ने पिछले महीने 26 सितंबर को मिग-21 को अपने बेड़े से सेवानिवृत्त किया है। हालांकि इसे वायुसेना में शामिल करने की औपचारिक घोषणा फिलहाल नहीं हुई है लेकिन एचएएल का कहना है कि बहुत जल्द इसे भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल कर लिया जाएगा। खास बात यह है कि तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान, तेजस लड़ाकू विमान का एडवांस वर्जन है और इसकी रफ्तार 2200 किमी से भी अधिक है। इसे ब्रह्मोस समेत विभिन्न स्वदेशी हथियारों से लैस किया जाएगा। इसमें अपग्रेडेड एवियॉनिक्स और रडार सिस्टम हैं। इसकी अन्य खासियतों पर नजर डालें तो यह हर मौसम, दिन-रात और हर तरह के ऑपरेशन में एक ● शेष पेज 11 पर



❑ शिक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रहेंगे मौजूद

# जिलाधिकारी ने ''दिव्य दीपोत्सव मेला'' का फीता काटकर किया शुभारंभ

## दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन कर की सराहना, यह मेला उनके हौसलों को पंख लगाएगाः जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को विकास भवन प्रांगण में ''दिव्य दीपोत्सव मेला'' का फीता काटकर शुभारंभ किया। यह मेला दिव्यांगजनों के हुनर, कौशल और स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन हेतु दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की पहल पर मण्डल स्तर पर आयोजित किया गया।जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह के साथ मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित सामग्रियों – जैसे मिट्टी के दीपक, मूर्तियाँ, जूट बैग, मोतियों की माला, मोमबत्ती, धूपबत्ती, अगरबत्ती आदि – की गुणवत्ता और कलात्मकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि ल्लदिव्य दीपोत्सव मेला न केवल दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास को बढ़ाएगा, बल्कि उनके हुनर को बाजार से जोड़ने का माध्यम भी बनेगा।इस मेले में कई विभागीय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं जैसे बचपन डे केयर सेंटर, राजकीय मानसिक ममता विद्यालय, बेसिक शिक्षा विभाग, भाविनी वेलफ़ेयर सोसाइटी, मूर्ति देवी महिला गृह उद्योग, द स्कूल होम फॉर ब्लाइंड असाइलम, माता कलावती कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन, रेड ईगल आशा स्कूल, दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्थान (कौशाम्बी), चेस्टा फाउंडेशन, रूद्रवाणी दिव्यांग विद्यालय, एस.एन. सेवा संस्थान, जनचेतना संस्थान, मां गंगा देवी दिव्यांग सेवा संस्थान, भावना दिव्यांग विद्यालय फतेहपुर, तथा नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय आदि के प्रतिभागियों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई।इस अवसर पर गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला विकास अधिकारी, अभय कुमार श्रीवास्तव, उपनिदेशक (दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रयागराज मण्डल), सन्तोष कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अशोक कुमार गुप्ता, उपायुक्त (एनआरएलएम), एवं अशोक कुमार गौतम, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रमोद शिवहरे अध्यक्ष और छोटेलाल महामंत्री विजयी घोषित

झांसी । जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रमोद शिवहरे ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। वहीं महामंत्री पद पर छोटे लाल वर्मा विजयी रहे। शुक्रवार को सुबह 09 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शुरू मतगणना के दौरान परिणाम जानने के लिए अधिवक्ताओं में खासी जिज्ञासा रही। वहीं जीत के साथ ही विजयी प्रत्याशियों ने ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस निकालकर जमकर आतिशबाजी की।अध्यक्ष पद पर प्रमोद शिवहरे ने जीत का परचम फहराया। उन्होंने कुल 1073 मत प्राप्त कर प्रतिद्वंद्वी राजेश कुमार श्रीवास्तव(641 मत) को 432 मतों के भारी अंतर से शिकस्त दी। ज्ञानेंद्र कुमार तिवारी(145), सुरेश चंद्र अहिरवार को(14) मतों पर संतोष करना पड़ा। जबकि 16 मत अवैध घोषित किए गए। अधिवक्ताओं ने इसे असत्य पर सत्य की विजय बताई। कहा इस जीत से सभी प्रसन्न हैं।महामंत्री/सचिव पद पर छोटे लाल वर्मा (572 मत) ने संदीप यादव (480) को 92 वोटों से पराजित किया। तीसरे स्थान पर अभय कुमार त्रिपाठी397, सुरेन्द्र कुमार शर्मा 376 व महेश नारायण वर्मा को महज 50 मतों पर संतोष करना पड़ा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु अभिनंदन प्रजापति (566मत) ने शानदार जीत हासिल कर अपने प्रतिद्वंद्वी अजय कुमार मिश्रा (319 मत) को 247 मतों से पराजित किया।

# मोहनलालगंज कस्बे में जूडियो शोरूम का हुआ भव्य उद्घाटन

## नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय पांडेय सत्यम ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज कस्बे के मुख्य बाजार स्थित नवनिर्मित जूडियो शोरूम का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय पांडेय सत्यम तथा शिवम पाण्डेय निगोहां प्रेस क्लब के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार मुकेश द्विवेदी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारी, स्थानीय गणमान्यजन, पत्रकार व युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शोरूम प्रबंधन की ओर से अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अजय पांडेय सत्यम ने कहा कि जूडियो शोरूम के खुलने से मोहनलालगंज कस्बे के लोगों को नवीनतम फैशन के कपड़े अब अपने ही क्षेत्र में मिल सकेंगे। अब लोगों को ट्रेंडी और ब्रांडेड कपड़ों की खरीदारी के लिए शहर तक नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शोरूम में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए आधुनिक डिज़ाइन व फैशनेबल परिधानों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है, जिससे कस्बे के लोगों को सुविधा होगी।उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठान न केवल क्षेत्र के व्यापार को नई दिशा देंगे बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराएँगे।डॉ. अजय पांडेय सत्यम नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं।

## एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई, एसडीओ सहित दो गिरफ्तार

**प्रयागराज।** एंटी करप्शन प्रयागराज टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के एसडीओ प्रेमचंद्र यादव और उनके निजी मुंशी अतुल सिंह को 10,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई फतेहपुर जिले के थरियांव थाना क्षेत्र में की गई। टीम ने दोनों आरोपियों को मौके से पकड़कर थरियांव थाने में मुकदमा दर्ज कराया। गिरफ्तारी की खबर फैलते ही बिजली विभाग में हड़कंप मच गया है।

## गरीब बच्चों की दीपावली बनी खास, मंत्री नंदी ने कराई शॉपिंग

**प्रयागराज।** दीपावली से पहले गरीब बच्चों की खुशियों में चार चांद लगाने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने विशेष पहल की। उन्होंने शहर के एक शॉपिंग मॉल में बच्चों और उनके परिवारों को बुलाकर खरीदारी कराई। बच्चों ने नए कपड़े, खिलौने और मिठाइयाँ खरीदकर दीपावली का उल्लास महसूस किया। मंत्री नंदी ने कहा कि समाज के हर वर्ग को त्योहार की खुशियों में शामिल करना ही सच्चा उत्सव है।

## अवैध पटाखा कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई, एक गिरफ्तार

**प्रयागराज।** पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए यमुनानगर के बारा थाना क्षेत्र से व्यापारी मनोज अग्रहरि को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से प्लास्टिक की बोरियों में भरे तीन बोरे अवैध पटाखे बरामद किए गए। कार्रवाई थाना प्रभारी विनोद सोनकर के निर्देशन में की गई। पुलिस ने बरामद पटाखों को जब्त कर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## जनपद की समस्त तहसीलों में कुल 15 स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**प्रयागराज ।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशानुसार जनपद प्रयागराज में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सभी तहसीलों में निरंतर कार्रवाई की जा रही है। बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाब एवं अन्य सरकारी भूमि का व्यापक सर्वेक्षण कर अवैध कब्जों को चिह्नित कर तत्काल हटाया जा रहा है ।दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को जिले की समस्त तहसीलों में कुल 15 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया ।तहसील सोरांव के ग्राम माधोपुर मन्धेशा में चकमार्ग की भूमि एवं ग्राम देवापुर स्थित रास्ते की भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया गया ।तहसील फूलपुर के ग्राम सांवडीह में बंजर खाते की भूमि तथा चककासिम उर्फ फूलपुर में रास्ते की भूमि को मुक्त कराया गया ।तहसील कोरांव में ग्राम बढवारी खुर्द, पटेहरी, शुक्लपुर, भगेसर और कौंदी में चकमार्ग एवं तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया ।तहसील बारा के ग्राम रिंगवा में नाली की भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया गया ।तहसील मेजा के ग्राम ममोली, ककराही, जोरा, सैबसा और धरांव गजपति में चकमार्ग, पहाड़, खेल मैदान, खाद गड्ढा और तालाब की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया ।तहसील सदर के ग्राम चांदपुर में राजकीय आस्थान की भूमि को अतिक्रमणमुक्त किया गया ।जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अतिक्रमण संबंधी शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। साथ ही सभी तहसीलों में सरकारी एवं ग्रामसभा की भूमि का नवीन सर्वेक्षण कर श्रेणीवार अतिक्रमण की पहचान की जाए तथा उसके अनुसार अभियान चलाकर भूमि को मुक्त कराया जाए ।अब तक इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं और आगामी दिनों में यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## दीपोत्सव बनेगा 'प्रदूषण–मुक्त महाआयोजन', सरयू के ऊपर खिलेगा हरित सूर्य

**अयोध्या।** अयोध्या दीपोत्सव इस बार केवल आस्था और भव्यता का नहीं, बल्कि पर्यावरण–संवेदनशील नवाचार का भी प्रतीक बनने जा रहा है। सरयू तट पर जब असंख्य दीपक जलेंगे और आकाश में आतिशबाज़ी का दिव्य दृश्य खिलेगा, तब हवा में धुआँ नहीं हरियाली की चमक और स्वच्छ प्रकाश फैलेगा। इस बार का दीपोत्सव पूरी तरह ग्रीन पटाखों और प्रदूषण–मुक्त तकनीकों पर आधारित होगा, जिससे अयोध्या में रोशनी का यह महा समागम प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देगा ।सरयू के आकाश में खिलेगा ग्रीन सूर्य बिना धुएँ की चमक, बिना शोर की थरथराहटदीपोत्सव 2025 का सबसे बड़ा आकर्षण होगा। आकाशीय ग्रीन सूर्य एक ऐसा आतिशबाज़ी प्रदर्शन जिसमें न तो जहरीला धुआँ होगा, न कानों को चुभने वाला शोर। यह सूर्य पर्यावरण अनुकूल रासायनिक संयोजन से तैयार की गई ग्रीन आतिशबाज़ियों से निर्मित होगा, जो आकाश में सुनहरी और हरी रोशनी के संगम से एक दिव्य दृश्य रचेगा।

# डीएम ने एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारम्भ

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व बैंक प्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को विकास भवन स्थित सरस हाल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आयोजित ल्लसूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशनङ्क विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सीसीएल लक्ष्य की सफल पूर्ति के लिए सभी बैंक शाखा प्रबंधकों एवं एनआरएलएम टीम की सराहना की। जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला मिशन प्रबंधक, बैंक शाखा प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक एवं बैंक सखी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।उपायुक्त (स्वरोजगार) अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को आजीविका संवर्धन हेतु किए गए वित्तीय सहयोग के परिणामस्वरूप विभाग का एनपीए एक प्रतिशत से भी कम है। इसे शून्य करने के लिए बैंकों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई है।कार्यशाला में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जारी मास्टर सर्कुलर एवं एनआरएलएम की बैंकिंग प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। स्वयं सहायता समूहों और बैंक शाखा प्रबंधकों के समक्ष आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद के नेशनल रिसोर्स पर्सन जितेंद्र यादव एवं श्री ओमप्रकाश खोखर ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए।कार्यक्रम में डी.डी.एम. (नाबार्ड) अनिल, अग्रणी जिला मिशन प्रबंधक (बैंक ऑफ बड़ौदा) मणि प्रकाश मिश्र, क्षेत्रीय प्रबंधक (उ.प्र. ग्रामीण बैंक) संतोष पांडेय, जिला मिशन प्रबंधक (एनआरएलएम) विजय गुप्ता सहित विभिन्न अधिकारी एवं बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चार गौ तस्कर को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव प्रयागराज। एसओजी व सर्विलांस सेल यमुनानगर जोन व थाना कोरांव की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 04 गौ-तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन तथा गौ-तस्करी में प्रयुक्त वस्तुएं बरामद करने का दावा किया है।

प्रयागराज, यमुनानगर एसओजी/सर्विलांस सेल यमुनानगर जोन व थाना कोरांव की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 271/25 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम, 11घ पशु क्रूरता अधिनियम, 325 बीएनएस तथा 4/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित 04 वांछित अभियुक्त 1. अकील ट्ट/ग सकील निवासी चमरौवा थाना शहजादनगर जनपद रामपुर उ0प्र0 2. अरफाज ट्ट/ग नवाब हुसैन निवासी चमरौवा थाना शहजादनगर जनपद रामपुर उ0प्र0 3. इस्माइल ट्ट/ग इंताफ अली निवासी साहिदाबाद थाना केमरी जनपद रामपुर उ0प्र0 4. वसीम ट्ट/ग बसीर नि0 कुरैना थाना शहजादनगर जनपद रामपुर उ0प्र0 को दिनांक-16.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर कोहड़ार-कोरांव मार्ग से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से गोवंश की तस्करी में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन स्वीफ्ट कार रजि0 सं0-ठ्घ14एड3434 तथा उसी कार की डिग्गी से 12 सूत व नायलान की रस्सी, विभिन्न रंग के कपड़ों की बनी 05 रस्सी, प्लास्टीक की 07 रस्सी तथा 02 चाकू बरामद किया गया । 09 अक्टूबर 2025 को थाना कोरांव पुलिस टीम द्वारा ग्राम बिरहा करपिया थाना क्षेत्र कोरांव में 01 ट्रेलर रजि0 नं0-ठ्घ22ड्3738 में 33 गोवंश, 01 बांका व 01 चाकू बरामद होने के सम्बन्ध में थाना कोरांव पर मु0अ0सं0 271/25 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था । जिसकी विवेचना/अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही थी । जिसके क्रम में दिनांक-16.10.2025 को मुखबिर की सूचना पर गोवंश की तस्करी में प्रयुक्त 01 चार पहिया वाहन स्वीफ्ट कार रजि0 सं0-ठ्घ14एड3434 व उसी कार की डिग्गी से 24 सूत, नायलान तथा विभिन्न रंग के कपड़ों की बनी रस्सी एवं 02 चाकू के साथ 04 अभियुक्त 1. अकील 2. अरफाज 3. इस्माइल 4. वसीम उपरोक्त को कोहड़ार-कोरांव मार्ग से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग परिवार का पालने करने के लिए गो-तस्करी का धन्धा करते हैं और इसमें अच्छा पैसा कमाते हैं । पूछा गया कि गोवंश कहां से लोड करते हो तो बताया कि जंगलनुमा स्थान है पता नहीं जानते है ।मुख्य रूप से आरोपीअकील पुत्र सकील निवासी चमरौवा थाना शहजादनगर जनपद रामपुर उ0प्र0, उम्र करीब 28 वर्ष ।अरफाज पुत्र नवाब हुसैन निवासी चमरौवा थाना शहजादनगर जनपद रामपुर उ0प्र0, उम्र करीब 29 वर्ष । इस्माइल पुत्र इंताफ अली निवासी साहिदाबाद थाना केमरी जनपद रामपुर उ0प्र0, उम्र करीब 32 वर्ष । वसीम पुत्र बसीर नि0 कुरैना थाना शहजादनगर जनपद रामपुर उ0प्र0, उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# चोरी करने वाले दंपती गिरफ्तार चोरी का माल समेत नगदी बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ । नगराम पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पति-पत्नी समेत दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गया सामान व नगदी बरामद की है। नगराम पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित विवेक द्विवेदी निवासी देवती थाना नगराम द्वारा तहरीर दी गई थी कि बीते 10 अक्टूबर की रात उनके घर से चार बोरी सरसों समेत अन्य कीमती सामान चोरी हो गया था। इस पर पुलिस ने पीड़ित द्वारा तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तुलसी निवासी देवती नगराम तथा उसकी पत्नी ज्ञानमती देवी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो बोरी सरसों, 3100 रुपये नगद, एक जोड़ी चांदी की पायल व अन्य चोरी का सामान बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने विवेक द्विवेदी के घर से दो बोरी सरसों, चांदी के सिक्के, टॉप्स सेट व लगभग 500 रुपये नगद चोरी किए थे और चोरी का कुछ सामान पहले ही बेच दिया था। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि आरोपियों द्वारा घरों में घुसकर चोरी करना और चोरी का माल बेचकर आजीविका चलाना उनका पेशा बन चुका था।


उत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि 10.11.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 01072025 दिनांक 03.10.2025 |
| निविदा सं. | 1. 19-DEN-V-LKO-2025-2026 2. 20-DEN-V-LKO-2025-2026 3. 21-DEN-V-LKO-2025-2026 |
| कार्य का नाम | 1. एडीईएन/II/एलकेओ के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/लाइन/एलकेओ अनुभाग में पुलों का वार्षिक रखरखाव और मरम्मत। (प्रा. स. 189–2025) 2. एडीईएन(II)/लखनऊ के अधीन एसएसई (डब्ल्यू)/लाइन/लखनऊ अनुभाग में प्लास्टरिंग, दीवार फिनिशिंग, फर्श, छत, दरवाजे, खिड़कियां, सैनिटरी और शौचालय फिटिंग आदि द्वारा स्टाफ क्वार्टरों की भारी मरम्मत। (प्रा. स. 194–2025) 3. एडीईएन(II)/एलकेओ के अधीन एसएसई (डब्ल्यू)/लाइन/एलकेओ के अनुभाग में प्लास्टरिंग, दीवार फिनिशिंग, फर्श, छत, पानी के बूथ, पीएफ कोपिंग, पीएफ दीवारें, सैनिटरी और शौचालय फिटिंग आदि द्वारा स्टेशन भवन और सेवा भवन की भारी मरम्मत। (प्रा. स. 192–2025) |
| अनुमानित लागत | 1. ₹49,99,749.77 2. ₹1,49,61,569.41 3. ₹1,49,98,268.91 |
| धरोहर राशि | 1. ₹1,00,000/- 2. ₹2,24,800/- 3. ₹2,25,000/- |
| कार्य समापन की अवधि | क्र.सं. 1 से 3 के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 06 माह |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 27.10.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 10.11.2025 at 15:00 hrs. |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 3243/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OSD-585-25-1 (Advertising-On Station Premise (Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.10.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-BSB-OSD-586-25-1 (Advertising-On station Premise (Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.10.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-Int-221981-497-25-1 (Advertising-Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PYGS-WRL-79-25-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PYGS-WRL-102-24-2 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 10.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AY-MaChr-130-25-1 (Misc Static Services Relaxation Chair) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.10.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.10.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-BSB-PSKsK-96-24-1 (Misc Static Services Pooja Samagri Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.10.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3215/2025


## श्री नारायण सेवा समिति ने मनाया दीपोत्सव कार्यक्रम

चंदौसी। श्री नारायण सेवा समिति चंदोसी के तत्वावधान में पावन पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम ब्रज नगर कॉलोनी स्थित भोलेनाथ भवन में मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र वार्ष्णेय ने कहा दीपावली का त्यौहार सुख, समृद्धि तथा उत्साह लेकर आता है । कृष्ण गोपाल मंगलम् ने कहा कि चूंकि दीपावली प्रकाश का पर्व है इसलिए सब लोगों को इसे मिलजुल कर मानना चाहिए । हरीश कठेरिया एडवोकेट ने कहा कि दीपावली का पर्व प्रेम भाईचारे और एकता का संदेश लेकर आता है । के. जी. गुप्ता ने कहां कि इस दिन भगवान राम लंका विजय के बाद अयोध्या वापस आए थे, उनके स्वागत में सर्वत्र दीप जलते हुए खुशियां मनाई गई थीं । डॉ. जयशंकर दुबे ने अपने काव्यपाठ से सबको आनंदित कर दिया ।


भारतीय रेल

"सार्वजनिक सूचना"

रेलवे एवं परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज ए. सी. सिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि लाइन के समीप दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| सेक्शन (खण्ड) | मण्डल (डिवीजन) | दिनाँक |
|---|---|---|
| लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे के लखनऊ–कानपुर खंड पर गति क्षमता को 160/200 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के संबंध में नया वंदे भारत निरीक्षण शेड और स्टैबलिंग लाइन का निर्माण लोकेशनसं. किमी 1075/24 (चेनज 1075/350.000) से किमी LKO/VB-01 (चेनज 1073/613.000) तक, संबंधित टर्नआउट्स और क्रॉसओवर्स सहित। | लखनऊ | 25.10.2025 |

उप मुख्य विद्युत् अभियंता (निर्माण)
उ. रे. लखनऊ

25 केवी एसी ट्रैक्शन लाइन का आरंभ
"सड़क उपयोगकर्ताओं हेतु अधिसूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेल खंड "लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे के लखनऊ– कानपुर खंड पर गति क्षमता को 160/200 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के संबंध में नया वंदे भारत निरीक्षण शेड और स्टैबलिंग लाइन का निर्माण लोकेशनसं. किमी 1075/24 (चेनज 1075/350.000) से किमी LKO/VB-01 (चेनज 1073/613.000) तक, संबंधित टर्नआउट्स और क्रॉसओवर्स सहित" पर 25 केवी विद्युत ट्रैकशन का शुभारंभ किया जाएगा। सभी समपार फाटक हाइट गेज़ का निर्माण सड़क की सतह से स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई **4.78** मीटर पर अत्यधिक ऊंचाई भारों को ट्रैक्शन लाइन **(कांटेक्ट तार), जो की समपार फाटक पर रेल लेवल से 5.5 मीटर न्यूनतम ऊंचाई पर हो,** के खतरनाक संपर्क में आने से बचाव के उद्देश्य से किया गया है।

"एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारित वाहनों के लिए उपर्युक्त निर्धारित ऊंचाई का अवलोकन करें तथा यह भी ध्यान रखें कि सड़क वाहनों में लदा हुआ भार हाइट गेज में किसी भी परिस्थिति में न टकराए।

अधिक ऊँचे भार से निम्न खतरे हैं:
1. हाइट गेज को नुकसान और तत्पश्चात सड़क व रेल लाइन का अवरोध।
2. स्वयं वाहन अथवा ले जाये जाने वाले सामान अथवा उपकरण को ख़तरा।
3. बिजली के तारों से संपर्क अथवा खतरनाक समीपता के कारण आग फैलने व जान माल को ख़तरा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)
उत्तर रेलवे, लखनऊ

No. 135/Elect./C/Dy.CEE/LKO/Warning/2 Date:- 04.10.2025
3212/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# खतरा का अनदेशा बेलन नदी पर बना रपटा पुल बारिश में टूटा , लोक निर्माण विभाग नही करा रहा मरम्मत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोराव प्रयागराज। कोराव तहसील क्षेत्र के भोगन गाव के पास बेलन नदी पर बना रपटा पुल बारिश के समय टूट गया जिस कारण राहगीरों को खतरा बना है इसके पहले भी उक्त रपटा आरसीसी लोक निर्माण विभाग द्वारा लाखो रुपये खर्च करके एक ठीकेदार द्वारा ढलाई कराया गया था लेकिन पिछली बारिश में ही ज़्यादातर हिस्सा टूट कर बह गया।

जर्जर के कारण एक महिला इसी पुल पर गिरने से कुछ समय पहले मौत हो चुकी है काफी शिकायत करने के पश्चात पुनः लोक निर्माण विभाग ने दूसरे ठीकेदार को निर्माण कार्य कराने की जिम्मेदारी सौपा उनके द्वारा कुछ लोगो के माध्यम से पुरानी आरसीसी ढलाई निकाल कर पुनः काम कराया गया लेकिन पुनः बारिश में टूट गया धीरे -धीरे दो महीने से ज्यादा समय बीत गया लेकिन पीडब्लूडी के जिम्मेदार अधिकारी सुध नही ले रहे आखिर अब किसके मौत का इंतजार में है जब कोई अप्रिय घटना घटित हो जाती है तब जाकर शासन प्रशासन एक्टिव होकर काम करता है सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला का कहना है केवल व केवल सरकारी धन का दुरुपयोग किया जाता है का निर्माण कार्य मे गुणवक्ता न होने से आयेदिन आरसीसी टूट जाए रहा साथ ही पुल के दोनों तरफ सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग नही लगाया गया यह बेलन नदी पुल हर वर्ष बारिश में डूब जाता है जिस कारण आवागवन दर्जनों गाव का बाधित रहता है कुछ वर्ष पहले नाव पलटने से वर्ष 2018 में बड़ोखर गाव के कैलाश केशरी उम्र लगभग 35 वर्ष की मौत भी हो चुका है दर्जनों लोगो की जान बच गई थी अभी हाल ही में 5 अक्टूबर 2025 को सिकरो कोराव के रहने वाले सुरेंद्र कुशवाह मोटर साइकिल तेज बहाव में बह गई थी मछुवारों ने किसी तरह जान बचाई थी भोगन गाव के रहने वाले काशी प्रसाद सिह , बड़ोखर गाव के सूर्य कांत तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता , आदि लोगो ने क्षतिग्रस्त पुल को ठीक कराये जाने व ऊंचा नया पुल बनाने की माँग की है

## बालिकाओं को घरेलू हिंसा, महिला यौन उत्पीड़न के प्रति किया गया जागरुक

कोरांव, प्रयागराज। अभियोजन विभाग प्रयागराज के तत्वावधान में मिशन शक्ति फ़ेस 5.0 के अन्तर्गत सहायक अभियोजन अधिकारी प्रयागराज जय किशोर राय और महिला उपनिरीक्षक सरिता, उपनिरीक्षक कृष्णा सोनी, उपनिरीक्षक पूर्णिमा द्वारा गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज अंग्रेजी माध्यम में छात्राओं को आत्मरक्षा एवं सुरक्षा हेतु जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियोजन अधिकारी प्रयागराज जय किशोर राय ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में मिशन शक्ति महत्वपूर्ण योजना है जो कि महिलाओं के आत्मरक्षा एवं सुरक्षा के लिए है। महिला उपनिरीक्षक सरिता ने छात्राओं को आत्मरक्षा एवं सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबरों जैसे-वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, साइबर क्राइम 1930 आदि के बारे में जानकारी दी।

# नारी सशक्तिकरण को नया आयाम, मिशन शक्ति से आलोकित हुए केजीबीवी परिसर

## प्रदेश में जनांदोलन बन चुका है नारी सशक्तिकरण : संदीप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में चल रहा मिशन शक्ति अभियान दीपावली के अवसर पर नई ऊर्जा से दमक उठा। प्रदेश के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (खक्कठ्ठ) में 'मिशन शक्ति के लिए, रोशन करो दीये' थीम पर आयोजित कार्यक्रमों ने 88 हजार से अधिक बेटियों के आत्मविश्वास और सृजनशीलता को नई दिशा दी। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति आज प्रदेश में नारी सशक्तिकरण का जनांदोलन बन चुका है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में दीपों से सजे ये संदेश केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज में चेतना, आत्मविश्वास और बदलाव की लौ है। जब बेटियाँ शिक्षित




और सुरक्षित होंगी तभी उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगा। बेटियों ने दीपों से 1090, 1098, 112 जैसे प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों को सजाया, ताकि सुरक्षा और सहायता के ये संदेश हर बालिका तक पहुँच सकें। विद्यालयों के परिसर रंगोलियों, मिशन शक्ति के लोगों और नारी सशक्तिकरण के प्रेरक स्लोगनों से आलोकित रहे। 'नारी ही शक्ति है', 'सुरक्षा मेरा अधिकार है' जैसे संदेशों को रंगोली और दीपों में ढालकर बालिकाओं ने सशक्त समाज का उजला प्रतीक प्रस्तुत किया। कैंडिल मार्च में दिखा आत्मविश्वास, बेटियों ने जलाई चेतना की लौ प्रदेश मे विभिन्न केजीबीवी में कैंडिल मार्च के दौरान बालिकाओं ने मिशन शक्ति से जुड़े संदेशों की तख्तियाँ हाथों में थामकर नारी सशक्तिकरण का संकल्प दोहराया। क्योरियोसिटी कार्यक्रम के अंतर्गत तैयार किए गए लैंप्स और क20 सीरीज़ से प्रेरित हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुओं ने विद्यालयों को रचनात्मकता और नवाचार का केंद्र बना दिया। कार्यक्रम की तस्वीरों और वीडियोज ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर खूब धूम मचाया। इस दौरान विद्यालय प्रशासन ने छात्राओं और स्टाफ की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश मोनिका रानी का कहना है कि मिशन शक्ति की यह पहल विद्यालयों में शिक्षा के साथ संवेदना और सुरक्षा की संस्कृति स्थापित करने वाली रही। दीपावली के अवसर पर बेटियों द्वारा जलाए गए ये दीप नारी गरिमा और आत्मविश्वास के प्रतीक हैं। बेसिक शिक्षा विभाग इस दिशा में निरंतर कार्यरत है कि हर बालिका स्वयं पर विश्वास करे और समाज उसे समान अवसर दे।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय कपेरा में न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ।गोसाईगंज क्षेत्र उच्च प्राथमिक विद्यालय कपेरा में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलकूद का प्रारंभ सरस्वती प्रतिमा पर प्राथमिक शिक्षक संघ के गोसाईगंज के ब्लॉक अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह तथा मंत्री अतीश द्वारा किए गए माल्यार्पण से किया गया । खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर की 100 मीटर दौड़ में राज अस्ती प्रथम , निर्मल महुराकला द्वितीय रहा । बालिका वर्ग में मुस्कान पंचसरा , गीतांजलि कपेराक्रमशः प्रथम व द्वितीय रही । जूनियर स्तर की 100 मीटर की दौड़ में पिंकी महुरा प्रथम , शिवानी द्वितीय रही। , बालक वर्ग में वीरेंद्र कपेरा प्रथम रहे और, शिवा गुदौली ने दूसरा स्थान प्राप्त किया इसके बाद 200 मीटर की दौड़ में नैन्सी व काजल प्रथम व द्वितीय रहीं। बालकों की लम्बी कूद में प्रिंस कपेरा पहले स्थान पर रहे।, हर्ष बघौली ने दूसरा स्थान हासिल किया।, बालिका वर्ग में पिंकी महुरा ने बाजी मारी तो, गुदौली की दीक्षा उसी के पीछे रही गुदौली रहीं। टीम प्रतियोगिता में कबड्डी बालक वर्ग में बघौली प्रथम , अस्ती द्वितीय, बालिका वर्ग गुदौली प्रथम, शेख अहमद पुर द्वितीय रहा ।जूनियर स्तर में बालक बघौली प्रथम, तो गुदौली द्वितीय रहा। बालिका वर्ग में गुदौली का स्थान प्रथम तथा बघौली द्वितीय का द्वितीय स्थान रहा। खो खो प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर अस्ती शेख अहमदपुर द्वितीय, बालिका अस्ती प्रथम, बघौली द्वितीय रहा । जूनियर स्तर पर गुदौली प्रथम तथा बघौली द्वितीय रहा । इस अवसर पर जगतपाल , ललित , अजय शुक्ला, उपमा मिश्रा , किरन मौर्या ,किरन श्रीवास्तव ,प्रतिभा मैम , अनिल कुमार शुक्ला, संतोष शुक्ला , इंद्रजीत चौरसिया, मनोज यादव, शिवकुमार, मेराज रसूल, ज्ञान बाबू , मिश्रीलाल धर्मेश तथा न्याय पंचायत के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सहभाग किया।

# लखनऊ चिड़िया घर के पास तेज आवाज वाले पटाखे न जलाएं : जू निदेशक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) की निदेशक आदिति शर्मा ने स्थानीय लोगों से वन्य जीवों के हित में तेज आवाज वाले पटाखे नहीं जलाने की अपील की है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया है कि ईको ग्रीन दीपावली मनायें और पर्यावरण को स्वस्थ बनाये रखने में सहयोग करें।

निदेशक ने शुक्रवार को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी आम-जनमानस से अपील की, कि दीपावली पर तेज आवाज वाले पटाखे न फोड़े। राकेट व ऐसे पटाखे जो ऊपर जाकर फटते हों, न जलायें। ऐसे पटाखों से आपके पड़ोसी वन्यजीवों को हानि पहुंचने का खतरा है। यदि जलायें भी तो कम आवाज के पटाखे हों। ज्यादा पटाखे, फुलझड़ी आदि चलाने से




पर्यावरण में प्रदूषण तो फैलता ही है साथ ही आपके आस-पास रह रहे प्राणि उद्यान के वन्यजीवों को भी परेशानी होती है। यह वन्यजीव आपके हैं। इनको स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। आप सभी से अनुरोध है कि ईको ग्रीन दीपावली मनायें और पर्यावरण को स्वस्थ बनाये रखने में सहयोग करें। वन्य जीवों एवं पर्यावरण को सुरक्षित एवं संतुलित रखने के लिए हम सभी पटाखे व शोरगुल रहित दीपावली मनायें, जिससे हमारे वन्य जीव एवं पर्यावरण सुरक्षित रहेंगे और ध्वनि प्रदूषण व वायु प्रदूषण भी नियंत्रित रहेगा।

# मिशन शक्ति के तहत जागरूकता चौपाल— गाँवों में घरेलू हिंसा पर खुला संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत 17 अक्टूबर से 3 नवम्बर के बीच प्रदेश भर में 'जागरूकता चौपाल' कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। यह चौपालें प्रदेश के विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन आयोजित की जाएंगी। जिनका उद्देश्य समाज में दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध व्यापक जन-जागरूकता फैलाना है।

इन चौपालों का प्रमुख फोकस दो विषयों पर है-दहेज उन्मूलन तथा घरेलू हिंसा की रोकथाम। चौपालों में महिलाओ, किशोरियों, पुरुषों और समुदाय के प्रतिनिधियों को इन समस्याओं की जड़ों, उनके कानूनी पहलुओं तथा सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी जाएगी। दहेज प्रथा, जो आज भी कई परिवारों में आर्थिक बोझ, लिंग असमानता और हिंसा का कारण बनती है, समाज के नैतिक ढांचे को कमजोर



करती है। वहीं घरेलू हिंसा चाहे वह शारीरिक, मानसिक, आर्थिक या भावनात्मक रूप में हो महिलाओं की गरिमा, आत्मविश्वास और समानता पर प्रत्यक्ष आघात करती है। चौपालों के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि किसी भी प्रकार की हिंसा को सहन करना नहीं, बल्कि उसके खिलाफ आवाज उठाना ही वास्तविक सशक्तिकरण है। इन चौपालों में प्रतिभागियों को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005, तथा दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के बारे में सरल और व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञ वक्ता और विभागीय अधिकारी यह समझा रहे है कि इन कानूनों के अंतर्गत महिलाओं को क्या अधिकार प्राप्त हैं और शिकायत दर्ज करने हेतु वह विभाग की महिला हेल्पलाइन 181 तथा प्रत्येक जनपद में स्थापित वन स्टॉप सेंटर में संपर्क कर सकते हैं, जहाँ पीड़ित महिलाओं को 24 घंटे त्वरित सहायता प्रदान की जाती है। महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने बताया कि, ''दहेज और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों का अंत केवल कानून से नहीं बल्कि समाज की चेतना से संभव है। मिशन शक्ति के तहत आयोजित जागरुकता चौपालों का उद्देश्य यही है कि ''हर गाँव में संवाद हो, हर घर में सोच बदले और हर महिला को यह भरोसा मिले कि राज्य उनके साथ है। इन चौपालों में विभागीय अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस, आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम प्रधान, तथा स्वयंसेवी संस्थाएं भी भाग ले रही हैं। प्रत्येक चौपाल में स्थानीय महिलाओं और बालिकाओं को अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिल रहा है, ताकि समाज में संवाद और सहानुभूति का वातावरण बने। कार्यक्रमों में विभागीय योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वन स्टॉप सेंटर, तथा समग्र महिला सुरक्षा पहले के बारे में भी संवाद किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण समुदायों तक सरकारी सेवाओं की पहुँच और भरोसा दोनों सुदृढ़ हो। ''जागरूकता चौपाल' न केवल जानकारी का माध्यम है, बल्कि यह समाज में संवेदना, समानता और सम्मान की संस्कृति स्थापित करने का अभियान भी है।

# अचली खेड़ा : श्री कृष्ण-रुक्मणी विवाह पर झूमे श्रद्धालु आज होगा कन्या भोज के साथ भंडारे का आयोजन

**व्यापार मंच (अपना दल) के जिलाध्यक्ष विकास पटेल ने श्रवण किया कथा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के गांव अचली खेड़ा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा वाचक श्रीकृष्णा नन्द मृदुल जी महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीला और महारास का वर्णन सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास मृदुल जी ने बताया कि श्रीकृष्ण लीलामृत के महारास में जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि जीव और परमात्मा तत्व ब्रह्म के मिलन को ही महारास कहते है। कथा व्यास ने कहा जब जीव में अभिमान आता है, तब भगवान से



वह दूर हो जाता है। लेकिन, जब कोई भगवान के अनुराग के विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है, उसे दर्शन देते हैं। भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मिणी के साथ संपन्न हुआ, लेकिन रुक्मिणी को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। कथा व्यास ने बताया कि रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर व्यापार मंच अपना दल के जिला अध्यक्ष विकास पटेल ने कथा प्रांगण में पहुंचकर कथा श्रवण किया और श्री कृष्णा का आशीर्वाद लिया । कथा के आयोजक एवं मुख्य यजमान धर्मेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि आज श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर आज झण्डेश्वर महादेव मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजन होगा।

# लखनऊ सिटी रेलवे स्टेशन को पूर्ण रूप से महिला कर्मचारियों द्वारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए लखनऊ सिटी रेलवे स्टेशन को पूर्ण रूप से महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित स्टेशन के रूप में स्थापित किया है। यह स्टेशन अब पूर्वोत्तर रेलवे का एकमात्र ऐसा स्टेशन बन गया है, जहां समस्त परिचालन, वाणिज्य, सुरक्षा और तकनीकी कार्यों की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा निभाई जाएगी। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल एवं महिला कल्याण संगठन, लखनऊ की अध्यक्षा श्रुति गुप्ता की उपस्थिति में स्टेशन के महिला संचालन का शुभारंभ एवं 'अमृत संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लखनऊ सिटी स्टेशन की वरिष्ठतम रेल कर्मी विजय लक्ष्मी पांडे, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा, ल्ललखनऊ सिटी रेलवे स्टेशन का पूर्ण महिला संचालन 'नारी शक्ति-राष्ट्र शक्ति' की भावना का प्रतीक है। यह




कदम महिलाओं की क्षमता, आत्मविश्वास और समर्पण को दर्शाता है। रेलवे जैसे विशाल संगठन में स्टेशन संचालन की सभी जिम्मेदारियां जैसे परिचालन, टिकटिंग, सुरक्षा और तकनीकी कार्य, महिलाओं द्वारा संभालना गर्व का विषय है। हमारी सभी महिला कर्मचारियों की मेहनत और लगन ने इस स्टेशन को एक नया मुकाम दिलाया है। लखनऊ सिटी रेलवे स्टेशन पर अब स्टेशन अधीक्षक, आरक्षण पर्यवेक्षक, टिकट संग्राहक, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), कॉंटावाला, सिगनल मेंटेनर, सफाईकर्मी सहित सभी महत्वपूर्ण भूमिकाएं महिला कर्मचारी निभाएंगी। यह स्टेशन 24 घंटे महिला कर्मचारियों के नेतृत्व में संचालित होगा, जो यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। 'अमृत संवाद' कार्यक्रम में मण्डल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों, यात्रियों और प्रेस मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उपमहानिरीक्षक जगजीवन राम अकादमी, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, जनसंपर्क अधिकारी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक, सहायक यांत्रिक इंजीनियर/ईएनएचएम सहित अन्य अधिकारी गण और कर्मचारी उपस्थित थे।

# सुरक्षित नागरिक,सुरक्षित समाज,सतर्कता ही सबसे बड़ा अपना हथियार

**मिशन शक्ति 5.0 व विशिष्ट महिला त्रैमासिक अभियान, काकोरी के मुजफ्फरनगर पलिया में हुआ भव्य आयोजन, ग्राम प्रधान ने कराया स्कूल में कार्यक्रम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।अपराध और अपराधियों से बचाव केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है,बल्कि हर नागरिक की सजगता और बच्चों को अच्छे संस्कार देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।यदि हम परिवार और समाज दोनों स्तर पर सतर्क रहें तो अपराधों को जड़ से कम किया जा सकता है। घरेलू और सामाजिक सुरक्षा पर चर्चा

घर में सीसीटीवी कैमरे लगाएँ और आसपास की गतिविधियों पर नज़र रखें।घरेलू नौकर,माली,ड्राइवर आदि का पुलिस सत्यापन अवश्य कराएँ।नौकरों या बाहरी लोगों के सामने पैसे या जेवरात की चर्चा न करें।कई दिनों के लिए बाहर जाना हो तो अख़बार,दूध वाले को पहले से मना कर दें।घर से बाहर जाते समय कीमती जेवर और नकदी घर में न रखें,बैंक लॉकर का उपयोग करें।

**यात्रा और अपनी दिनचर्या में सावधानी बरतें**

ज़्यादा नकदी लेकर चलते समय सतर्क रहें।महिलाएँ सुबह टहलने या सफर करते समय चेन,मंगलसूत्र और गहनों को ढककर पहनें ताकि स्नैचिंग से बचा जा सके।ट्रेन या बस में सफर करते समय अनजान व्यक्ति से कुछ न लें।रात में सुनसान रास्तों से बचें और कैब/टैक्सी का नंबर परिजनों को भेजें।मन्दिर,मेले भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क रहें, अपने नगदी,जेवर आदि को सुरक्षित रखें,छोटे बच्चों का विशेष ध्यान दें।अपनी कॉलोनी/गाँव/मोहल्ले आदि में संदिग्ध बाहरी व्यक्ति की सूचना तत्काल अपने निकटतम थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को दें छोटे बच्चों और लड़कियों को यौन अपराधों के बारे में जागरूक करें और उनसे खुलकर बात करें।छेड़खानी,पीछा करने या किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।स्कूल-कॉलेज जाने वाली लड़कियों को




आत्मरक्षा के छोटे उपाय सिखाएँ।युवाओं को सही दिशा परिवार के बच्चों,खासकर किशोर और युवाओं को यह सिखाएँ कि लड़कियों की इज़्ज़त करना उनका कर्तव्य है।उन्हें बताएं कि छेड़खानी,मारपीट,नशे की लत और अवैध हथियार रखना अपराध है।ऐसे अपराधों के कानूनी परिणाम और सज़ा समझाएँ,ताकि वे गलत रास्ते पर न जाएँ।परिवार और स्कूल दोनों स्तर पर बच्चों को नैतिक शिक्षा और अच्छे संस्कार दें। साइबर सुरक्षा अनजान कॉल,लिंक और ईमेल से बचें ओटीपी,पासवर्ड और बैंक डिटेल्स किसी से साझा न करें।सोशल मीडिया पर निजी जानकारी और लोकेशन साझा करने से बचें।बच्चों और युवाओं को इंटरनेट के दुरुपयोग और साइबर अपराधों के दुष्परिणाम समझाएँ। शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 व विशिष्ट महिला बीट त्रैमासिक अभियान के अंतर्गत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र राठौर के निर्देशन मे महिला उपनिरीक्षक दिनेश कुमारी की मिशन शक्ति टीम में चौकी प्रभारी शैलेंद्र गुप्ता और एंटीरोमियो टीम प्रभारी उपनिरीक्षक आकांक्षा सिंह,नवीन यादव,अजय यादव,अरविंद सोनकर व महिला आरक्षी ट्विंकल आदि ने ग्राम प्रधान मुजफ्फरनगर पलिया एवं प्रधान संघ अध्यक्ष आनन्द यादव के द्वारा बेसिक विद्यालय मुज़फर नगर,चौधरी खेड़ा थाना काकोरी में जाकर वहाँ उपस्थित बालिकाओ और महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक करते हुए उक्त सुझाव दिए।साथ ही थाने में नवनिर्मित मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया तथा उससे मिलने वाली सेवाओं के बारे में भी बताया गया।महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930, 1076,112 ,102,108,181 आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए आपातकालीन तैयारी के लिए अपने स्थानीय थाने,बीट दरोगा और सिपाहियों के नंबर भी पास में रखने के सुझाव दिए गए। ग्राम प्रधान आनन्द यादव ने कहा कि सुरक्षित समाज तभी बन सकता है जब नागरिक न केवल खुद सतर्क रहें,बल्कि अपने बच्चों और युवाओं को भी सही दिशा दें।नशा,हिंसा,छेड़खानी और अवैध शस्त्र अपराध हैं और कानून इन पर कठोर सज़ा देता है।यदि हर परिवार अपने बच्चों को सम्मान,संस्कार और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाए तो अपराध की जड़ ही सूख जाएगी।इस अवसर ग्राम पंचायत अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह मौर्य,क्षेत्रीय लेखपाल कुलदीप कुमार वर्मा,ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं सहकारी संघ लिमिटेड के चेयरमैन केशरी राव धारा सिंह यादव सहित आदि सम्मानित लोग एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# परवरिश स्कूल में दिव्यांग बच्चों ने लगाया भव्य दीपावली मेला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। निराला नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की संस्था परवरिश स्कूल के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को भव्य दीपावली मेला लगाया गया। मेले का उद्घाटन परवरिश स्कूल की डायरेक्टर डॉ कुसुम कमल ने किया। मेले में दिव्यांग बच्चों के द्वारा बनाई गई चीजें लगाई गई, जिसे मेले में आने वाले लोगों ने सराहना भी की। इस मौके पर स्कूल की डायरेक्टर डॉ कुसुम कमल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाने एवं समाज में उनको एक अलग पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रयास के तहत ही संस्था निरंतर इन बच्चों के प्रयास से मेला लगा रही है जिससे इनका मनोबल भी बढ़ता है। दिव्यांग बच्चों के द्वारा लगाए गए मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और बच्चों के द्वारा बनाए गए उत्पादों की खरीददारी भी की। इस मौके पर स्कूल के बच्चे व उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस मौके पर स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि सुदर्शन कटियार एवं दीपू जायसवाल मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया स्वदेशी मेला व जनपद स्तरीय ऋण वितरण मेगा कैम्प का शुभारम्भ

**338 महिलाओं को 7 करोड़ 33 लाख की धनराशि वितरित, वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 में स्वदेशीउत्पादों की बिक्री एवं प्रदर्शनी आयोजन राजकीय इंटर कालेज मैदान सीतापुर में उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग उ0प्र0 स्वदेशी अभियान के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह के वित्तीय पोषण हेतु जनपद स्तरीय ऋण वितरण मेगा कैम्प का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मा0 मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है और साथ ही शारदीय नवरात्रों से मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत विभिन्न का आयोजन किये जा रहे हैं। उसी के क्रम में आज संयुक्त रूप से दोनों कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि मिशन शक्ति के कार्यक्रमों में सुरक्षा के साथ-साथ स्वस्थ नारी सशक्त नारी के तहत महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिये मेगा कैम्प का आयोजन किया गया ताकि महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ वित्तीय सुरक्षा मिल सके। इसी वित्तीय स्वावलम्बन के क्रम में आज हम लोगों ने कार्यक्रम की परिकल्पना रखी है, जिसमें समूह की महिलाओं एवं महिला उद्यमी व अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा और महिलाओं के अनुभवों को अन्य लोगों के साथ साझा करायेंगे। उन्होंने कहा कि आज 338 महिलाओं को वित्तीय स्वावलम्बन के तहत आगे बढ़ा रहे हैं, उनको लगभग 7 करोड़ 33 लाख राशि अनुदान के रूप में लाभार्थियों को वितरित की जा रही है, इसमें विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी शामिल हैं। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि इस ऋण की राशि का सदुपयोग अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में करें और अपने पैरों पर खड़े हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि जरूरी नही है कि महिलाएं अपने जीवन यापन के लिये दूसरों पर निर्भर रहें, वह अपना विकास व उद्यम स्वयं ही कर सकती हैं, यही सरकार की मंशा है। उन्होंने सभी महिला समूहो से अपील की कि जो भी महिलाएं अपना उद्यम करना चाहती हैं, आप सभी आगे बढ़ें। बैंक और हम सभी आप लोगों के साथ हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 के तहत आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जो हमारी महिलाएं है, वह वित्तीय रूप से मजबूत हो सकें। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि आप लोगों को यह जो ऋण मिल रहा है, इसके लिये आपकों स्वयं मेहनत भी करनी होगी ताकि आप वित्तीय रूप से आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि हम आपके कार्य को शुरू करने में पूरी तत्परता से अपना सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने महिलाओं से कहा कि जब आप लोग व्यापार की शुरूआत करेंगीं तो बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, उनसे बिल्कुल भी डरना नही है, उन परेशानियों का डटकर सामना करना होगा। एन0आर0एल0एम0 के सहयोग से प्रत्येक तहसील में स्टॉलों एवं दुकानों को लगाये जाने का प्रयास रहेगा, जिससे स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाये गये उत्पादों को स्टॉलों एवं दुकानों पर विक्रय हेतु लगाया जाये। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न बैंकों से आये हुये जोनल बैंक मैनेजर एवं बैंकों मैनेजरों ने अपने विचार रखते हुये लाभार्थियों को दिये जाने वाले सहयोग के विषय में जानकारी दी। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम के दौरान एस0एच0जी0 की महिलाओं, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, जिला कौशल विकास मिशन, आरसेटी, सी0एम युवा के लाभार्थियों को ऋण की प्रतीकात्मक चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, डी0सी0 मनरेगा चन्दन देव पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाकर हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जहांगीराबाद, सीतापुर। विगत 9 अक्टूबर से क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर हवन पूजन आरती के पश्चात एक विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया जिसमें देर?रात? तक श्रद्धालु श्रोता भक्तों ने प्रसाद छका। इस कथा का आयोजन गांव में स्थित शिव मंदिर पर समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया गया।

इस अवसर पर कथा के अंतिम दिन सिकरी बेहटा गांव से पधारे कथा व्यास पंडित मनोज शुक्ल ने उपस्थित श्रोता भक्तों को श्रीकृष्ण जन्म और कंस वध की मार्मिक कथा सुनायी जिसको सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। उसके पश्चात सायं 5 बजे से एक विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें देर?शाम तक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। गत 9अक्टूबर से प्रारंभ हुई इस श्रीमद्भागवत कथा आयोजन में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक और रात्रि में 8 बजे से 12 बजे तक कथा व्यास द्वारा श्रीमद्भागवत कथा के अन्तर्गत कृष्ण लीलाओं का संगीतमय वाचन किया गया।शुक्रवार अंतिम दिन होने के कारण हवन पूजन आरती के पश्चात एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामवासी तथा पास पड़ोस के श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने ईंट भट्ठा स्वामियों को किया आगाह

**बिना ऑनलाइन पंजीकरण व शुल्क जमा किये संचालन पर होगी कार्यवाही**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी ने भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश दिनांक 28.09 2025 द्वारा ईट भट्ठा सत्र 2025-26 (01.10.2025 से 30.09.2026 तक) अग्रिम विनियमन शुल्क एवं देय धनराशि जमा करने के निर्देश दिये गये हैं।

तत्क्रम में जनपद सीतापुर के समस्त ईंट भट्ठा स्वामियों को सूचित किया है कि समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर विभागीय पोर्टल upmines.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन फर्म का रजिस्ट्रेशन कराकर सत्र 2025-26 हेतु पायों के आधार पर विनियमन शुल्क, पलेथन शुल्क व आवेदन शुल्क जमा करने के पश्चात ही मिट्टी खनन, ईट पथाई अथवा ईंट भट्ठे का संचालन प्रारम्भ किया जाये। ईंट भट्ठों पर संचालित होने वाले ट्रैक्टर ट्राली व अन्य वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगवाया जाये। यदि समयान्तर्गत विनियमन शुल्क जमा नहीं किया जाता है तो उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियमावली के प्राविधानों के अनुसार विधिक कार्यवाही करते हुए देय धनराशि की वसूली ब्याज सहित वसूल की जायेगी। साथ ही साथ ईंट भट्ठा स्वामियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त निर्गत शासनादेश दिनांक 26.09.2025, अधिसूचना दिनांक 30 10.2023 एवं मा0 राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशों के अधीन ही मिट्टी खनन/ईंट भट्ठे का संचालन सुनिश्चित किया जाये। यदि उपर्युक्त शासनादेश/अधिसूचना व उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली (संशोधन) 2023 के किसी भी नियम का उल्लंघन किया जाता है व ऑनलाइन पंजीयन प्रमाण पत्र में अंकित गाटा संख्या/क्षेत्रफल के अतिरिक्त अन्य गाटा संख्या/क्षेत्रफल से मिट्टी खनन कार्य किया जाता है तो मिट्टी खनन कार्य अवैध खनन की श्रेणी में माना जायेगा, जिसके लिये उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के नियम-58 के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व अवैध मिट्टी खननकर्ता एवं भट्ठा स्वामी का होगा। इसके अतिरिक्त जनपद सीतापुर में जिन ईट भट्ठा स्वामियों द्वारा भड़े का संचालन नहीं किया जाना है, उनके द्वारा सत्र 2025-26 के प्रारम्भ से पूर्व की जियोकार्डिनेट, फोटोग्राफ सहित सूचना खनन कार्यालय में उपलब्ध करायी जाये।तद्नुसार शासनादेश दिनांक 26.09.2025 व उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली (संशोधन), 2023 में दिये गये निर्देशों के कम में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन विनियमन शुल्क एवं अन्य देय जमा कर अनुशा पत्र प्राप्त करके ही मिट्टी खनन/इंट भट्ठे का संचालन किया जाये।

## उद्यान विभाग सीतापुर में शुरू हुई अनुदान योजना

सीतापुर । जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के कृषक बन्धुओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु उद्यान विभाग में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) योजनान्तर्गत पुष्प क्षेत्र विस्तार के अन्तर्गत ग्लेडियोलस की खेती के लक्ष्य जनपद को प्राप्त हुये है, जिसमें कुल लागत मूल्य का 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जायेगा तथा अनुसूचित जाति व जनजाति कृषकों हेतु औद्यानिक विकास योजनान्तर्गत गुलाब की खेती के भी लक्ष्य प्राप्त हुये है जिसमें कुल लागत मूल्य का 90 प्रतिशत का अनुदान दिया जायेगा कृषक अपना पंजीकण कराके लाभ प्राप्त का सकता है। इच्छुक कृषक योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रपत्र यथा आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी व पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, मोबाईल नम्बर के साथ उद्यान विभाग की बेवसाईट dbt.uphorticulture.in पर पंजीकरण कराना होगा। योजना का लाभ प्रथम आवक- प्रथम पावक के आधार पर विभागीय दिशा निर्देशानुसार देय होगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, राजकीय पौधशाला परिसर, स्वरूपनगर, सीतापुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

## हिंदू समाज को गाली देने वाले युवक ने मांगी माफी अतुल तिवारी के हस्तक्षेप से शांत हुआ मामला

**वायरल वीडियो में सिधौली के गांधीनगर दक्षिणी निवासी अंकित नामक युवक हिंदू समाज के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करता हुआ दिखाई दे रहा था**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिधौली , सीतापुर। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए एक वीडियो ने हिंदू समाज में आक्रोश की लहर पैदा कर दी। वायरल वीडियो में सिधौली के गांधीनगर दक्षिणी निवासी अंकित नामक युवक हिंदू समाज के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करता हुआ दिखाई दे रहा था।

मामले की जानकारी मिलते ही भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक एवं हिंदू नेता अतुल तिवारी ने तुरंत संज्ञान लिया और फोन पर युवक अंकित से बातचीत की। बातचीत के दौरान अंकित ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी और कहा कि उससे यह बड़ी भूल हो गई है।अतुल तिवारी के कहने पर अंकित ने सोशल मीडिया पर एक और वीडियो जारी कर पूरे हिंदू समाज से सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना की।अतुल तिवारी ने कहाअंकित स्वयं हिंदू है, उसका यह कदम अत्यंत निंदनीय था। परंतु हिंदू समाज की यही महानता है कि हम क्षमा करने की संस्कृति में विश्वास रखते हैं। उसे एक अवसर दिया जाना चाहिए ताकि वह भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न करे और समाज के प्रति उसकी सोच में सुधार आए।ङ्कइस घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने अतुल तिवारी की पहल की व्यापक सराहना की और इसे समाज में शांति व सद्भाव बनाए रखने का उदाहरण बताया।

## पिछड़े वर्ग के पूर्वदशम एवं दशमोत्तर के छात्र/छात्रों के खातों में भेजी गई छात्रवृत्ति

रायबरेली। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने बताया है कि जनपद के पूर्वदशम एवं दशमोत्तर कक्षाओ के पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण का कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर आयोजित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जनपद के समस्त विद्यालयों के छात्र/छात्राओं द्वारा देखा गया। उन्होंने बताया कि जनपद के कक्षा 9-10 के 2822 छात्र/छात्राओं को 60.86 लाख एवं कक्षा 11-12 के 3060 छात्र/छात्राओं को 92.73 लाख की धनराशि का हस्तांतरण उनके खाते में मा0 मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा किया गया। अब तक जनपद के पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (कक्षा 9-10) के 5354 छात्र/छात्राओं को 115.97 लाख की धनराशि एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत (11-12) के 3701 छात्र/छात्राओं को 112.60 लाख की धनराशि का हस्तांतरण उनके खातों में किया जा चुका है।

## दीपावली से पहले पुलिस का फ्लैग मार्च

**सर्राफा व्यापारियों को दिया सुरक्षा का भरोसा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। आगामी त्योहार दीपावली व धनतेरस को देखते हुए महराजगंज पुलिस ने सुरक्षा को लेकर फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने पटाखा ,सर्राफा व्यापारियों,सहित बाजार के सभी दुकानदारों से वार्ता कर सुरक्षा जांची। मार्च का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने किया। इस दौरान सर्राफा दुकानों पर विशेष रूप से पहुंचकर व्यापारियों से संवाद कर सतर्कता व सावधानी बरतने के निर्देश दिए। कोतवाल जगदीश यादव ने दुकानदारों से आग्रह किया कि वे अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखें, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने कहा, ''हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आमजन और व्यापारीगण दीपावली जैसे पावन पर्व को शांति, सुरक्षा और विश्वास के साथ मना सकें। सर्राफा बाजार जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्त, निगरानी और सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। इस मौके पर एसएसआई दिनेश गोस्वामी, उनि रोहित कुमार, सुनील चौहान, राजवीर सिंह, शहजाद अहमद, महिला सिपाही शगुन शर्मा, गीता सिंह, आरक्षी शिव प्रताप, संदीप यादव, कुंदन यादव,गौरव सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## साइबर क्राइम ने खोए हुए 32 स्मार्ट फोन मोबाइल उनके स्वामियों को किया सुपुर्द




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में आज साइबर थाना खीरी द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित CEIR PORTAL के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त हुई मोबाइल खोनें की शिकायतो का निस्तारण करते हुए 32 अदद मोबाइल फोन बरामद कर सम्बन्धित धारकों को प्रदान किया जा रहा है। CEIR PORTAL पर प्राप्त मोबाइल खोने की शिकायत पर कार्य करते हुए साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा 32 अदद भिन्न-भिन्न कम्पनियों के स्मार्ट फोन जिनकी कीमत करीब 05 लाख रूपये हैं, जिनको मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया गया। CEIR PORTAL के सम्बन्ध में जानकारी व शिकायत करने का तरीका केन्द्र सरकार द्वारा CEIR PORTAL का गंठन मार्च, 2023 में किया गया, जिसमें मोबाइल फोन खो जाने पर CEIR PORTAL की वेबसाइट (ceir.gov.in) पर जाकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया गया जागरूक

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक धौरहरा के नेतृत्व में आज दिनांक- 17.10.2025 को थाना धौरहरा की महिला शक्ति टीम द्वारा अभियान चलाकर, महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## उपनिबन्धक कार्यालयों में पक्षकारों द्वारा किए जाने वाले आवेदन 31 अक्टूबर समय 4 से सायं 6 बजे तक किया गया विस्तारित : एडीएम

रायबरेली। अपर जिला अधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह ने बताया है कि महानिरीक्षक निबन्धन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा रुपए 20,000/- से अधिक की रजिस्ट्रेशन फीस का अनिवार्य रूप से ऑनलाइन माध्यम से भुगतान किए जाने की बाध्यता को शिथिल करते हुए रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान अन्य माध्यम से 31 अक्टूबर 2025 तक लिये जाने एवं उप निबन्धक कार्यालयों में पक्षकारों द्वारा किए जाने वाले आवेदन का समय 31 अक्टूबर 2025 तक 4 बजे से सायं 6 बजे तक विस्तारित किया गया

## बकायेदारों की भूमि की नीलामी 24 अक्टूबर को

रायबरेली। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय देय के बकायेदार संतराम पाल पुत्र स्व उदयराज निवासी लक्ष्मणगंज बाजार मजरे लोधवारी, गणेश सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी कल्यानपुर रैली, नन्द किशोर पुत्र स्व रामबली निवासी उमरपुर गेरूखुवा, अहमद कुरैशी पुत्र स्व जान मोहम्मद निवासी उत्तरपारा (बेलाभेला), नौशाद पुत्र वशीर अहमद निवासी रसेहता एवं गुड्डा देवी पत्नी चतुरी निवासी ग्राम कल्याणपुर रैली परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 24 अक्टूबर 2025 को समय प्रातः 10 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार पश्चिमी/नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित है। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि व समय, स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी सम्बन्धी शर्तें संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## घरेलू हिंसा, दहेज उन्नमूलन थीम पर जागरूकता चौपाल का आयोजन सम्पन्न

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 5 के तहत घरेलू हिंसा/दहेज उन्नमूलन थीम पर ब्लॉक राही की ग्राम पंचायत भखरवारा में जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग से हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ वीमेन से शेफाली सिंह जिला मिशन कोऑर्डिनेटर द्वारा घरेलू हिंसा 2005, दहेज उन्मूलन विषय पर विस्तृत जानकारी एवं दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए शिक्षा को बढ़ावा दिया जाने पर जोर दिया गया। जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी द्वारा शासन से संचालित विभागीय योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में 42 महिलाएं 02 पुरुष उपस्थित रहे।

## जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत लखीमपुर खीरी द्वारा लालपुर स्टेडियम में किया गया। यह आयोजन जिला युवा अधिकारी श्री संकल्प शुक्ला जी के मार्गदर्शन में हुआ। इस प्रतियोगिता में लखीमपुर खीरी जनपद की पांच ब्लॉक नकहा , रमियाबेहड़, गोला, मोहम्मदी एवं लखीमपुर के लगभग 250 युवा खिलाड़ियों ने अलग अलग खेल विधाओं में सम्मिलित रूप से प्रतिभाग किया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा जी, गुरुनानक खेल अकादमी के प्रबंधक श्री सेवक सिंह अजमानी, समाज सेवी श्री अशोक तोलानी, चिकित्सक श्री वीर बहादुर धुरिया, भारतीय योग संस्थान जिला मंत्री श्री शिवराम वर्मा, उप क्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान जी ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया।खेल विधाओं में पुरुष वर्ग के लिए 400 मीटर दौड़ में गोला के रामानुज ने प्रथम, नकहा के विनय कुमार यादव ने द्वितीय एवं मोहम्मदी के भूपेंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद में नकहा के कुशाग्र सिंह ने प्रथम, गोला के शिवम कुमार ने द्वितीय एवं नकहा के विनय कुमार यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग के लिए 200 मीटर दौड़ में गोला की लवी शर्मा ने प्रथम, लखीमपुर की अनन्या मिश्र ने द्वितीय एवं नकहा की मालती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में लखीमपुर की मानसी ने प्रथम एवं रिंकी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में अन्तिम चरण में ''निघासन टीम'' ने लखीमपुर टीम वॉरियर्स को हराकर प्रथम विजेता का खिताब जीता। महिला वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में अन्तिम चरण में ''रमियाबेहड़ टीम'' विजेता तथा पनगी कलां,नकहा टीम उपविजेता रही।

## ट्रेन में बम होने की फर्जी सूचना देने पर पुलिस ने दो सगे भाइयों को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । जनपद की कमिश्नरेट पुलिस ने आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की फर्जी सूचना देने वाले दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से वह मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। जिससे जीआरपी कंट्रोल रूम को सूचना दी गई थी। दोनों ने बताया कि ट्रेन में बैठने की जगह नहीं थी इसलिए उन्होंने ट्रेन में बम होने की झूठी सूचना पुलिस को दी थी। हालांकि इस पूरे मामले को लेकर एटीएस कड़ाई से पूछताछ कर रही है। यह जानकारी शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त छावनी आकांक्षा पांडेय ने दी।प्रयागराज स्थित जीआरपी कंट्रोल रूम को यह सूचना मिली कि राजधानी दिल्ली से कटिहार जा रही गाड़ी संख्या 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस की बोगी में बम रखा गया है। बम होने की सूचना पर गुरुवार देर रात कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंची। सूचना मिलते ही बॉम्ब डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीडीएस), एसीपी कैंट, एसीपी एलआईयू, रेलबाजार पुलिस, जीआरपी और एवं आरपीएफ टीम द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर उक्त ट्रेन का सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।करीब 40 मिनट तक चले इस चेकिंग अभियान में पुलिस को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पूरी तरह से संतुष्टि करने के बाद ही ट्रेन को रवाना किया गया। इसके बाद पुलिस उस मोबाइल नंबर की जांच में लग गई। जिस नंबर से बम होने की सूचना दी गई थी। मामला रेलवे से जुड़ा होने के चलते एटीएस ने भी सक्रियता दिखाते हुए सर्विलांस और सीसीटीवी कैमरों की सहायता ली।जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना देने वाले लड़के काफी देर पुलिस के सम्पर्क में रहे, लेकिन फिर अचानक उन्होंने फोन बंद कर लिया। इसमें बाद जब उनके नंबर को सर्विलांस पर लगाया। शुक्रवार दोपहर फोन ऑन होते ही घाटमपुर निवासी दीपक चौहान और अंकित चौहान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित दीपक चंडीगढ़ में मजदूरी करता है जबकि अंकित जयपुर में नौकरी करता है। दोनों ने बताया कि राजधानी दिल्ली से कानपुर के लिए अमरपाली एक्सप्रेस में रवाना हुए थे। जनरल डिब्बे में सीट न होने के चलते उन्हें काफी समस्या हो रही थी। इसलिए इटावा के पास कुछ यात्रियों से उनकी कहासुनी भी हो गई थी। कानपुर सेंट्रल पहुंचते ही वह काफी डर गए थे इसलिए अपना मोबाइल बंद करके रेल बाजार इलाके में छुप गए थे लेकिन फोन ऑन करते ही पुलिस ने उन्हें धर दबोचा।फिलहाल एटीएस दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ कर रही है।

# नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं से स्वच्छ हो रही हैं गंगा नदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक एकीकृत संरक्षण मिशन में नमामि गंगे कार्यक्रम संचालित किया जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय नदी मां गंगा के प्रदूषण में प्रभावी कमी लाने, संरक्षण और पुनरूद्धार करना है**

बदायूँ। हिमालय से निकली गंगा नदी युगो-युगों से पवित्र पतितपावनी और मोक्ष दायिनी रही है। भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही जनमानस में मां गंगा के प्रति गहरी श्रद्धा और आस्था रही है। गंगा के किनारे अनेकों नगर बसे है। गंगा के तट पर धर्म, दर्शन और संस्कृति पर सदैव गहन शोध तथा विविध सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर कथा वार्ता और विमर्श होते रहे है।

गंगा के तटों पर स्थित धार्मिक स्थलों में आकर लोगों को आध्यात्मिक शान्ति मिलती हैं औद्योगिक विकास होने पर अनेक नदियों के प्रदूषित जल से गंगा जल प्रदूषित होने लगा है। भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक एकीकृत संरक्षण मिशन में नमामि गंगे कार्यक्रम संचालित किया जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय नदी मां गंगा के प्रदूषण में प्रभावी कमी लाने, संरक्षण और पुनरूद्धार करना है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में 74 सीवर शोधन की परियोजनायें स्वीकृत हुई हैं, जिनमे से 39 पूर्ण की जा चुकी हैं तथा शेष 22 पर कार्य प्रगति में है। 02 परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यादेश निर्गत हैं। 09 परियोजना के क्रियान्वयन हेतु वर्तमान में टेंडर की प्रक्रिया है तथा 02 नई परियोजनायें स्वीकृत हुई है। प्रदेश में कुल 74 परियोजना हेतु स्वीकृत धनराशि रूपए 16177.12 करोड़ है। उपरोक्त 74 परियोजनाओं के पूर्ण होने से 2288.30 एमएलडी सीवेज शोधित हो सकेगा।वर्तमान में राज्य में नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत 32 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (22 प्रगतिशील परियोजनाओं में) निर्माणाधीन है जिनकी क्षमता 900.10 एमएलडी है। साथ ही 8 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (9 परियोजना) के निविदा प्रक्रिया के अधीन है, जिनकी कुल क्षमता 483.0 एमएलडी है। वर्तमान में इनके आलावा 09 सीवरेज परियोजनाओं की डीपीआर नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत विचाराधीन हैं जिनकी कुल प्रस्तावित क्षमता 555.0 (08 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) एमएलडी है। नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य में अब तक कुल 38 ैज्च (39 परियोजनाओं में) का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है जिनकी कुल शोधन क्षमता 849.70 एमएलडीहै। वर्तमान में राज्य में कुल 5500 एमएलडी सीवेज उत्पन्न हो रहा है तथा कुल 152 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जिनकी क्षमता 4651.60 एमएलडी है, जल शोधन हेतु संचालित (ट्रायल रन में योजनाओ को शामिल करते हुए) हैं।उ0प्र0 में औद्योगिक उत्प्रवाह शोधन संबंधी 05 योजनाएं कानपुर, उन्नाव, बन्थर, मथुरा तथा गोरखपुर में पूर्व में स्वीकृत हुई थी, जिसमें से मथुरा औद्योगिक क्षेत्र की परियोजना का कार्य पूर्व में पूर्ण हो चुका था। कानपुर (जाजमऊ टेनरी क्लस्टर) की परियोजना पूर्ण कर संचालित की गयी। बन्थर में कार्य प्रगति में है एवं 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्नाव परियोजना के क्रियान्वयन हेतु अनुबन्ध गठन की कार्यवाही प्रगति पर है। गोरखपुर सी.ई.टी.पी. परियोजना हेतु संशोधित क्षमता हेतु डी.पी. आर. गठित कर एन.एम.सी.जी. को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा चुका है।इन कार्यो के अतिरिक्त प्रयागराज में 07 घाटों (1. दशाश्वमेध घाट, 2. किला घाट, 3. नौकायन घाट, 4. ज्ञान गंगा आश्रम घाट, 5. सरस्वती घाट, 6. महेवा घाट, 7. रसूलाबाद घाट) का महाकुम्भ-2025 के पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया था। फतेहपुर (नागेश्वर धाम आश्रम घाट) तथा बलिया में घाट निर्माण का कार्य प्रगति पर है। योजनाएं डीबीओटी तथा एचएएम पीपीपी मोड पर आधारित है। इन योजनाओं में 15 वर्ष के संचालन एवं रख रखाव की व्यवस्था की गयी है।प्रदेश में सीवर शोधन की परियोजना प्रयागराज नैनी, फाफामऊ, झुसी, कन्नौज, नरोरा, गढ़ मुक्तेश्वर, अनूपशहर, कानपुर, बिठूर, अयोध्या, मथुरा-वृन्दावन, छाता (मथुरा), कोसीकला (मथुरा), वाराणसी, चुनार, फिरोजाबाद, मुरादाबाद, कासगंज, इटावा, शुक्लागंज-उन्नाव, सुल्तानपुर, जौनपुर, बागपत, मुज़फरनगर, बुडाना, लखनऊ, गाज़ीपुर, मिर्ज़ापुर, बरेली, कैराना, फर्रूखाबाद मेरठ, देवबन्द (सहारनपुर), सहारनपुर, शामली, हापुड़, गोरखपुर, आगरा, गुलावटी (बुलंदशहर), पंडित दीन दयाल नगर (मुगलसराय-चन्दौली), भदोही, राम नगर, हाथरस, अलीगढ़, डलमऊ (रायबरेली), मानिकपुर (प्रतापगढ़), में क्रियानवित की जा रही हैं।नमामि गगे के अंतर्गत संचालित इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नालो द्वारा नदियों में प्रवाहित अपशिष्ट जल का शोधन कर नदियों में हो रहे प्रदुषण की रोकथाम करना है। इसके अतिरिक्त घाट, शवदाहगृह एवं कुंडो का निर्माण एवं पुनरुद्धार का कार्य भी किया जा रहा है। इस क्रम में 80 घाटों एवं 15 शवदाहगृह का कार्य पूर्ण किया गया है। वाराणसी में 26 नहाने वाले घाटों का पुनरुद्धार किया गया है। वाराणसी में 08 कुंडो का पुनरूद्धार व सौन्दर्यीकरण का कार्य भी पूर्ण किया गया है।

## मंडलायुक्त की बड़ी कार्यवाई, मंडल स्तर के 7 अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**9 को स्पष्टीकरण नोटिस, आईजीआरएस पोर्टल गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही पर मंडलायुक्त ने की कार्यवाई**

मुरादाबाद । आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने अग्रिम आदेशों तक मंडल स्तर के 07 अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक लगा दी है साथ ही 09 अधिकारियों को चेतावनी नोटिस भी जारी किया है।आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के अधिकारियों से आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किए जाने के कारणों के बारे में जानकारी ली परंतु अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, जिसके चलते मंडलायुक्त ने अधीक्षण अभियंता विद्युत, उपनिदेशक पंचायत, अपर निदेशक स्वास्थ्य, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, मुख्य अभियंता विद्युत, सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा तथा अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन का अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए इन सभी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।इसके साथ साथ उप श्रमायुक्त, डीआईजी स्टाम्प, अपर आयुक्त वाणिज्य कर, मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी, आरटीओ, डिवीजनल कमांडेंट (होमगार्ड), उप निदेशक मंडी, संयुक्त आयुक्त आबकारी और खाद्य विभाग के संबंधित मंडलीय अधिकारी को चेतावनी नोटिस जारी किया है।शासन स्तर से आइजीआरएस पोर्टल की मॉनिटरिंग के दौरान असंतोष जनक फीडबैक और विभागीय अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं से संपर्क न करने के कारण मंडल की रैंक में गिरावट पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई।उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मा. मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा नियमित तौर पर आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की मॉनिटरिंग की जा रही है।वर्तमान में प्रदेश में मंडल की 11वीं रैंक है और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के खराब पर्यवेक्षण की वजह से मंडल की प्रदेश में रैंक प्रभावित हो रही है इसलिए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## विकासखंड बहजोई के ग्राम मैथरा धर्मपुर में धान की फसल की हुई क्रॉप कटिंग

**जिलाधिकारी ने भी क्रॉप कटिंग के अन्तर्गत धान की फसल को काटा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया ने विकास खंड बहजोई के ग्राम मैथरा धर्मपुर में किसानों की फसल उत्पादकता को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें जिलाधिकारी ने किसान श्रीमती देवकी पत्नी श्री हरग्यान के खेत गाटा संख्या 468 में जाकर धान की फसल की क्रॉप कटिंग के कार्य का निरीक्षण किया एवं स्वयं भी धान की फसल को काटा।निरीक्षण के दौरान 10ँ10 त्रिकोण मीटर के क्षेत्र की फसल को निकलवा कर उसके अनाज को क्रॉप कटिंग के मानक के अनुसार माप करवायी। 43. 3 स्क्वायर मीटर में 21.840 कि.ग्रा. धान निकला। जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग सभी जनपदों में किए जाते हैं और इसमें रैंडम आधार पर कुछ खेतों को चुना जाता है जिनकी उत्पादकता का आकलन त्रिकोणीय आकृति में खेत को काटकर उससे कितनी उत्पादकता हुई है वह देखी जाती है इससे दो लाभ होते हैं प्रथम जनपद का जो औसत निकलता है उससे यहां की उत्पादकता का पता चलता है और उसके आंकड़े शासन को भी प्रेषित किए जाते हैं द्वितीय उत्पादकता अगर कम होती है तो उन किसानों को जिन्होंने फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा करा रखा है अगर जनपद में उत्पादकता मानकों से कम रहती है तब उन किसानों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत लाभ दिया जाता है अतः किसानों को ज्यादा से ज्यादा फसल बीमा कराना चाहिए। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार एवं तहसीलदार चंदौसी रवि सोनकर एवं लेखपाल राहुल यादव, अमित कुमार,जगवीर एवं संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा0 विदुषी सिंह के आदेशानुसार व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी श्री विभांशु सुधीर के निर्देशन में आज दिनांक-17.10.2025 को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत अक्रूर जी कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज चंदौसी, जनपद संभल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित बालिकाओं को विधिक जागरूकता संबंधी विभिन्न जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान निशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी और साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस विधिक जागरूकता शिविर में बालिकाओं के अधिकारों, आर्थिक व सामाजिक विकास और महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना था। शिविर में कॉलेज की बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रंगोली के माध्यम से नारी शक्ति, महिला अधिकार और बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ जैसे विषयों पर सुंदर संदेश प्रस्तुत किए।उक्त कार्यक्रम के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से आशुलिपिक श्री अंशुल कुमार, लिपिक श्री अमित कुमार सैनी तथा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल संभल श्री संजीव कुमार, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल संभल श्री चंद्रपाल सिंह, पीएलवी श्री अतुल कुमार, श्री अंशुल, अध्यपिका डा0 ममता चौधरी, श्रीमती अफशा इदरीस समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

## मिलावटी खाद्यान एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिय अभियान जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जाँच हेतु संग्रहित किए गए 08 खाद्य पदार्थो के नमूने**

बदायूँ। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर-प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में सहायक आयुक्त (खाद्य) - द्वितीय सीएल यादव व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी सिंह के निर्देशन व नेतृत्व में आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता हेतु जनपद-बदायूँ में मिलावटी खाद्यान एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जाने वाले अभियान के क्रम में शुक्रवार को जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से विशेष अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 08 खाद्य पदार्थो के नमूनों को वास्ते जाँच हेतु संग्रहित किए गए।अभियान के दौरान आरिफपुर नवादा स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों पर एफएसडब्लू द्वारा 14 खाद्य पदार्थों के नमूनों को मौके पर ही चेक किये गये। आमजनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। भूड़ बिसौली स्थित निजाकत के प्रतिष्ठान से एक सरसों तेल का नमूना संग्रहित किया गया। शेष लगभग 198 कि0ग्रा0 सरसों तेल (अनुमानित मूल्य 31680 रुपए) को नियमानुसार नष्ट कराया गया। सिसरका खेड़ा स्थित वाहन से एक पान मसाला का नमूना संग्रहित किया गया। डरेला स्थित लालाराम के प्रतिष्ठान से एक खोया का नमूना संग्रहित किया गया। मुड़िया धुरेकी स्थित जयप्रकाश शर्मा के प्रतिष्ठान से एक खोया का नमूना संग्रहित किया गया। अटल चौराहा बिसौली स्थित बंगाली भाई के प्रतिष्ठान से एक पेड़ा का नमूना संग्रहित किया गया। उधैती स्थित पालीवाल स्वीट्स से एक खोया का नमूना संग्रहित किया गया। बरामय खेड़ा स्थित अर्जुन किराना स्टोर से एक नमकीन का नमूना संग्रहित किया गया। बेहटा गुसाई बिल्सी स्थित आलम के प्रतिष्ठान से एक छेना मिठाई का नमूना संग्रहित किया गया।अभियान में संग्रहित किए गए इन कुल 08 नमूनों को वास्ते जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थो को ढ़ककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, शुद्ध एवं गुणवत्ता पूर्वक खाद्य पदार्थो को बेंचने, बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार नही संचालित करने के कड़े निर्देश दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण भगवत सिंह, खुशीराम, राजेन्द्र नाथ मिश्रा, माता शंकर बिन्द, करन सिंह, प्रमोद कुमार एवं सीमा यादव मौजूद रहे।

## नुमाइश ग्राउंड में चल रहे स्वदेशी मेले में उमड़ा अपार जनसमूह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त द्वारा दीप प्रज्वलन करते हुए किया गया**

मुरादाबाद। जिले के नुमाइश ग्राउंड पंचायत भवन में चल रहे स्वदेशी मेलाऽ2025 के अष्टम दिवस का आयोजन आज अपार जनसमूह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री योगेश कुमार एवं अन्य अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी श्री जयपाल सिंह व्यस्त द्वारा दीप प्रज्वलन करते हुए किया गया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक मनमोहक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। श्री साई कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।मुख्य अतिथि एमएलसी श्री जयपाल सिंह व्यस्त ने अपने संबोधन में कहा कि ञ्स्वदेशी मेला केवल एक प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की मिट्टी की खुशबू है। मुरादाबाद में, जहाँ कला और कारीगरी रग-रग में बसी है, यह मेला युवा उद्यमियों को नवोन्मेषी विचारों के साथ आगे बढ़ने का मंच दे रहा है। उन्होंने ज़ोर दिया कि स्थानीय उत्पादों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए गुणवत्ता और डिजाइन पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि वे वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बना सकें। यह मंच प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' के आह्वान को जन आंदोलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, और मुझे विश्वास है कि यही प्रयास हमें सही मायनों में 'आत्मनिर्भर' बनाएगा।ञ्मेले के आठवें दिन भी आगंतुकों की भारी संख्या को देखते हुए स्टॉलों पर विशेष व्यवस्था की गई। दीपावली के उत्पादों, विशेष रूप से मिट्टी के दीयों और पारंपरिक सजावटी वस्तुओं की माँग शिखर पर रही।स्वदेशी मेला 2025 में इस वर्ष विभिन्न प्रतिभाशाली उद्यमियों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर स्वदेशी उत्पादों की समृद्ध परंपरा और नवाचार का सुंदर प्रदर्शन किया।उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, इस मेले ने उद्यमियों को एक व्यापक मंच प्रदान किया है। विशेष रूप से, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (ख्ङ्घठ्ठइ) के तहत ऋण प्राप्त कर उद्यम शुरू करने वाले युवाओं ने अपने स्टॉल पर नवीनतम और कस्टमाइज्ड उत्पादों का प्रदर्शन किया, जो युवाओं के 'जॉब क्रिएटर' बनने के संकल्प को मजबूती देता है।आज आयोजित स्वदेशी मेला 2025 में स्थानीय उद्यमियों और कारीगरों ने अपने उत्कृष्ट उत्पादों की झलक प्रस्तुत की।कमलेश जी ने ञ्शिव मोमबत्तीञ्ञ् के नाम से एक आकर्षक स्टॉल लगाया, जिसमें उन्होंने अपने हाथों से बनाई गई विभिन्न डिज़ाइनों की सुंदर-सुंदर मोमबत्तियाँ प्रदर्शित कीं। उनकी अनोखी डिज़ाइन और हस्तनिर्मित गुणवत्ता ने आगंतुकों को प्रभावित किया।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश द्वारा पूर्व में की गयी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उनके अनुपालन के विषय में अवगत कराया। बैठक के अन्तर्गत एजेण्डा बिन्दु 1 के अन्तर्गत जल जीवन मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत पेयजल पाइपलाइन योजना के अन्तर्गत सड़क पुनर्स्थापन की गुणवत्ता के स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन के विषय में चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद में 4 नये चैक पोस्ट को लेकर भी जानकारी प्राप्त की गयी । स्कूली वाहनों के फिटनेस ,नो हेलमेट नो फ्यूल,जनपद की सड़क दुर्घटनाओं की तुलनात्मक समीक्षा ई- रिक्शा आदि बिन्दुओं पर भी चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## दीवाली उत्सव की मची धूम, रंगारंग प्रस्तुतियों गरबा पर बच्चों ने किया धमाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कार्यक्रम का शुभारम्भ क्लब के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया**

बदायूं। बदायूं क्लब के द्वारा आयोजित दीवाली उत्सव में देर रात तक रंगारंग कार्यक्रमों एवं रोचक मनोरंजक प्रस्तुतियों ने खूब धमाल मचाया। क्लब के सदस्य क्या जवान या वृद्ध, महिला बच्चों सहित अतिथियों ने भी खूब आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ क्लब के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

गणेश वन्दना पीहू वसिष्ठ द्वारा प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट क्षेत्राधिकारी रजनीश उपाध्याय का क्लब के सचिव डॉ. अक्षत अशेष द्वारा माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्लब के बहुत प्रतिभा है और ऐसे मंच का होना जनपद की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। सभी सदस्यों को दीवाली की बधाई देते हुये कहा, दीवाली का त्यौहार खुशियों एवं समृद्धता का त्यौहार है और आप सब इस दीवाली अपने आसपास रहने वाले कुछ बेसहारा व वंचित लोगों के त्यौहार में भी समृद्धता लाने का प्रयास करें। इस अवसर पर क्लब सदस्यों के बच्चों ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति देकर मन होह लिया, प्रमुख रूप से वैभवी विजय गुप्ता, पीहू, विराज अशेष, अविधा अरोरा, धवनि, अनिका जैन द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुति की गईं। लार्ड कृष्णा इंटर नेशनल स्कूल के बच्चों द्वारा गरवा और डांडिया का लोक लुभावन नृत्य प्रस्तुत किया गया, अनमोल आहूजा ने म्यूजिकल सरप्राइज गेम्स के रोचक कार्यक्रम में सदस्यों को खूब लुभाया। जोड़ी के गेम में अरिहंत हैं लिया जैन की जोड़ी और प्रदीप राठौर और उनकी पत्नी प्रथम रहे। कृतिका रस्तोगी की नारी शक्ति पर विशेष प्रस्तुति और रजनी मिश्रा द्वारा गीत प्रस्तुत किया। ऋचा अशेष ने अपने हास्य से परिपूर्ण गेम्स में क्लब के अनेक सदस्यों को मंच पर बुला कर खिलाया। कार्यक्रम के अन्त में अतिथियों द्वारा सभी प्रस्तुति करने वाले बच्चों व सदस्यों कोपुरस्कारों से पुरस्कृत किया। अन्त में लकी ड्रा निकाला गया। लकी ड्रा का प्रथम स्थान वरिष्ठ सदस्य एनुल हुदा नकवी ने जीता। समय वधता का पुरूस्कार शरद रस्तोगी ने जीता। उत्सव में नगर की अनेक महिलाओं ने हाथ से बानी हुयी वस्तुओं के सुन्दर स्टाल भी लगाए। इस अवसर पर कार्यक्रम में टीकाराम एन्ड संस ज्वेलर के नितिन वैश्य , बदायूं सिटी मॉल के नितिन अग्रवाल, जी एस हीरो के अनुपम गुप्ता जिम्मी, वेदव्रत त्रिवेदी, सोनरूपा विशाल , मणि गुप्ता , अनूप रस्तोगी, दीपक सक्सेना समेत अन्य लोग मौज़ूद रहे।

### राज्य स्तरीय डीएवी खेलों में डीएवी बबराला का जलवा, 86 पदक जीत रचा इतिहास

**बबराला।** डीएवी फर्टिलाइज़र पब्लिक स्कूल, बबराला के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय डीएवी खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 86 पदक (39 स्वर्ण, 44 रजत और 3 कांस्य) जीतकर इतिहास रच दिया। यह प्रतियोगिता 15 से 17 अक्टूबर तक डीएवी पब्लिक स्कूल, नोएडा में आयोजित हुई।विद्यालय के खिलाड़ियों ने ठ-14, ठ-17 और ठ-19 वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नेटबॉल में दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर टीम ने शानदार शुरुआत की। बैडमिंटन में ठ-14 टीम वर्ग में स्वर्ण, जबकि वासु वार्ष्णेय ने व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। एथलेटिक्स में आयुष कुमार ने शॉट पुट और डिस्कस थ्रो दोनों में स्वर्ण पदक जीता, वहीं शिव प्रताप (ठ-19 लांग जंप) और हर्षित कुमार (ठ-17 लांग जंप) ने भी स्वर्ण पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में बेस्ट एथलीट के रूप में ठ-17 वर्ग से हर्षित कुमार और ठ-19 वर्ग से शिव प्रताप चुने गए। विद्यालय के प्राचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। चेयरमैन एम. एस. प्रसाद ने कहा कि डीएवी बबराला के खिलाड़ी विद्यालय ही नहीं, पूरे डीएवी संगठन का मान बढ़ा रहे हैं।

### डीएम ने किया स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रेरणा दीपावली मेले का निरीक्षण

**संभल , बहजोई।** जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में लगाये गये प्रेरणा दीपावली मेले का निरीक्षण किया गया और जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को दीपावली के लिए दीपक, मोमबत्ती,गोबर से तैयार की गयीं भगवान गणेश जी एवं लक्ष्मी जी की मूर्तियां इत्यादि चीज यहाँ से क्रय करने के लिए प्रेरित किया। उसके उपरांत भीख से सीख संस्था से जुड़े बच्चों को जिलाधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में लगाये गये प्रेरणा दीपावली मेले से दीपक, मोमबत्ती,गोबर से तैयार की गयीं भगवान गणेश जी एवं लक्ष्मी जी की मूर्तियां क्रय कर दिलायीं तथा दीपावली का मिष्ठान भी भेंट किया । पराली ना जलाने को लेकर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से किसानों को जागरूक करने के लिए जागरूकता गाड़ी को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी डॉ. रेना सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे

### क्षेत्रीय माटीकला मेला-2025, 19 अक्टूबर तक

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह ने बताया कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा दीपावली के अवसर पर जनपद मुरादाबाद में ''क्षेत्रीय माटीकला मेला-2025'' 19 अक्टूबर 2025 तक नुमाईश ग्राउंड, पंचायत भवन परिसर, मुरादाबाद में आयोजन किया जा रहा है। माटीकला मेला-2025 में माटी के उत्पादों के 30 से अधिक स्टॉल लगे हैं। मेले में माटीकला बोर्ड का लाइव डेमो भी है। कोई भी इच्छुक पुरुष/महिला ई-चाक पर अपनी कला का प्रदर्शन कर सकते है। मिट्टी के उत्पादों जैसे खिलौने, बर्तन एवं दीये आदि सस्ती दरों पर खरीद सकते हैं। मिट्टी से निर्मित उत्पादों से जनप्रतिनिधि एवं आम जनमानस आकर्षित हो रहे है तथा अधिक से अधिक संख्या में खरीदारी कर अन्य लोगो को भी माटीकला मेले में आने के प्रेरित कर रहे है।

### आज होगा तहसील सहसवान में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**बदायूं।** जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार 18 अक्टूबर 2025 शनिवार को जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में प्रातः 10:00 बजे से तहसील सहसवान में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

### खेती को उद्योग के रूप में विकसित करें किसानः सीडीओ

**बदायूँ।** डायट परिसर स्थित प्रेक्षागृह में शुक्रवार को त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजनान्तर्गत किसान मेला एवं जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार व अन्य अधिकारियां ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। गोष्ठी के दौरान एग्रीजंक्शन योजनान्तर्गत लाभार्थियों को प्रशिक्षण उपरान्त प्रमाण पत्र तथा तिलहन योजनान्तर्गत कृषकों को निःशुल्क सरसों के मिनीकिट का वितरण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषकों से खेती को उद्योग के रूप में विकसित करने का आहवान करते हुए कहा कि कम खर्च में उत्पादन करें जिससे आय में वृद्धि हो। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक द्वारा कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में कृषको को अवगत कराया गया। अग्रणी बैंक प्रबन्धक (पंजाब नेशनल बैंक) द्वारा कृषकों को उपलब्ध ऋण, केसीसी के विषय में अवगत कराया गया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा जिले में रबी फसलों के तैयारियों के विषय में अवगत कराया गया। वरिष्ठ गन्ना निरीक्षक द्वारा प्राकृतिक खेती के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन आनन्द चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबन्धक (पंजाब नेशनल बैंक), वरिष्ठ गन्ना निरीक्षक, प्रबन्धक इफ्को, अध्यक्ष मृदा परीक्षण प्रयोगशाला सहित बड़ी संख्या में किसान, वैज्ञानिक आदि उपस्थित रहे।

### शारीरिक व मानसिक रूप से रहे फिट : एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह

**बदायूँ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन बदायूँ में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी। परेड का संचालन क्षेत्राधिकारी उझानी/लाइन ''डॉ0 देवेन्द्र कुमार'' द्वारा किया गया। तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु परेड ग्राउण्ड में दौड़ लगवाई गयी तथा टोलीवार पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चैक करते हुए सम्पूर्ण ड्रिल की कार्यवाही करवाई गयी। इस दौरान शस्त्रों के संचालन एवं उचित रख-रखाव हेतु अभ्यास कराया गया। परेड के पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन बदायूँ का निरीक्षण किया गया, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, गार्दरुम, जीपी स्टोर, यातायात कार्यालय, परिवहन शाखा, जीडी कार्यालय, केन्द्रीय पुलिस कैन्टीन, गैस एजेन्सी, आरओ प्लांट, पुलिस कन्ट्रोल रुम, क्रिप्टो सेन्टर पुलिस रेडियो शाखा, पुलिस मॉर्डन स्कूल बदायूँ, आटा/मसाला चक्की, भोजनालय, पुलिसकर्मियों के बैरक साथ ही निर्माणाधीन कार्यों आदि का निरीक्षण किया गया, तदोपरांत रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आर0टी0सी बैरक, स्कूल, अस्पताल, सैलून, भोजनालय, शौचायल आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी उझानी डॉ0 देवेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी बिल्सी संजीव कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात अशोक कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु/स्वतंत्र प्रभार थाना बिल्सी गौरव उपाध्याय एवं प्रतिसार निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस लाइन के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल ने बदल दी विद्यालय की तस्वीर,बच्चों को दिया दीपावली का तोहफा

**प्राथमिक विद्यालय महेशपुर की स्टेट अवार्डी प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से स्कूल की तस्वीर ही बदल कर रख दी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। कहते हैं कि जब कुछ अच्छा करने का हौसला और जज्बा हो तो निश्चित रूप से कामयाबी कदम चूमती है। इसकी मिसाल हैं प्राथमिक विद्यालय महेशपुर की स्टेट अवार्डी प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से स्कूल की तस्वीर ही बदल कर रख दी है। शुक्रवार को उन्होंने जब अपने निजी खर्चे से 150 नौनिहालों को दीपावली का तोहफा दिया, तो बच्चों के चेहरे खुशी से चमक उठे। एक ही तरह के ड्रेस पहनकर मासूम निगाहें अपलक ही खुद को निहारती रहीं।जी हां, हम बात कर रहे हैं जिले के शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर की, जहां की प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल को पिछले महीने उनके द्वारा किए गए अद्वितीय योगदान के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने न सिर्फ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया, बल्कि छात्र-छात्राओं के जीवन को समृद्ध बनाया। उनकी मेहनत, लगन, जज्बे और जुनून का ही प्रतिफल है कि आज प्राथमिक विद्यालय महेशपुर सिर्फ नवाबगंज क्षेत्र के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे जनपद में मिसाल बन चुका है। प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल ने शिक्षण में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करके स्कूल की तस्वीर को बदल दिया है। आज यह सरकारी विद्यालय किसी निजी कॉन्वेंट स्कूल को हर पैमाने पर मात दे रहा है। चाहे शिक्षा की बात हो, या आधुनिक सुविधाओं की। इस स्कूल में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन का भी पाठ पढ़ाया जा रहा है। प्रधानाध्यापिका ने प्राथमिक विद्यालय की तस्वीर बदलकर उसे एक आकर्षक और आधुनिक रूप दिया है, जहां भवन की रंगाई-पुताई, दीवारों पर शैक्षिक चित्रकला के साथ ही नई सुविधाओं का इंतजाम किया गया है। इस सुधार से न केवल विद्यालय की सुंदरता बढ़ी है, बल्कि छात्रों की संख्या में भी व्यापक वृद्धि हुई है, जो अन्य परिषदीय विद्यालयों के लिए एक मिसाल बन गया है। प्रधानाध्यापिका के प्रयास से इस विद्यालय का नवीनीकरण किया गया और इसे एक नया स्वरूप दिया गया। रंगाई-पुताई के साथ ही दीवारों पर शिक्षा और संस्कार से संबंधित मार्मिक चित्र उकेरे गए हैं। कक्षाओं की दीवारों पर शरीर के अंगों के नाम, दिनों के नाम और हिंदी व अंग्रेजी के वर्णमाला का वर्णन किया गया है। बच्चों के लिए अल्फाबेट के पैटर्न पर चित्र बनाए गए हैं, जिससे सीखना आसान हो। पर्यावरण प्रेमी प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल ने महेशपुर प्राथमिक विद्यालय के भौतिक परिवेश को पेड़-पौधों से आकर्षक एवं जीवंत बनाने का काम किया है।

### तोहफा पाकर खुशी से झूम उठे बच्चे

महेशपुर की प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल का सपना था कि वे अपने स्कूल के सभी बच्चों को दीपावली पर तोहफा दें। उन्होंने फैसला किया कि बच्चों को तोहफा के तौर पर लोअर व टी-शर्ट मुहैया कराएं। हालांकि, इसके लिए विभाग से अतिरिक्त बजट की कोई व्यवस्था नहीं थी। वंदना पटेल ने अपने निजी खर्चे से विद्यालय में अध्ययनरत सभी 150 बच्चों के लिए लोअर-टी-शर्ट मंगवाया और दीपावली से पूर्व शुक्रवार को सभी बच्चों को एआरपी अम्भुज तिवारी व प्रधानाध्यापिका वंदना पटेल द्वारा सभी बच्चों को वितरित किया गया। दीपावली का तोहफा पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। इस मौके पर शिक्षक अनिल कुमार प्रजापति, माधवी सिंह, वर्षा त्रिपाठी, पूनम यादव भी मौजूद रहीं। सभी ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अधिकारियों ने ऊंचाहार प्रकरण का किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। ऊंचाहार क्षेत्र में युवक की पिटाई कर हत्या किए जाने की घटना के संबंध में न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यवाही की वस्तुस्थिति जानने हेतु राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के निदेशक श्री उत्तम प्रकाश तथा वरिष्ठ अन्वेषक श्री गिरीश राठौर ने शुक्रवार को जनपद रायबरेली का दौरा किया। दोनों अधिकारियों ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जिलाधिकारी सुश्री हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने घटना से संबंधित विवेचना, गिरफ्तारी एवं न्यायिक कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की। साथ ही, जिलाधिकारी से पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई गई सरकारी सहायता, राहत राशि और पुनर्वास योजनाओं की जानकारी भी ली। आयोग के अधिकारियों ने जिला प्रशासन द्वारा की गई त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा की गई तत्पर कार्यवाही से भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने में सहायता मिलेगी। बैठक के पश्चात आयोग के अधिकारी ऊंचाहार के नई बस्ती, इमालिया का पुरवा गांव पहुंचे, जहाँ उन्होंने मृतक हरिओम की पत्नी संगीता से मुलाकात कर परिजनों की स्थिति जानी। मृतक की पत्नी ने बताया कि जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा हरसंभव सहयोग प्रदान किया गया है और सहायता की प्रक्रिया अभी भी जारी है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ऊंचाहार राजेश श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी गिरिजा त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री सृष्टि अवस्थी, तहसीलदार ऊंचाहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निदेशक उत्तम प्रकाश ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरण की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

# सामूहिक विवाह में जोड़ों को 85 हज़ार रुपये और आयोजन पर 15 हज़ार अतिरिक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। देवीपाटन मण्डल सहित प्रदेश में श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता में बढोतरी की गई है। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की पुत्रियों के विवाह हेतु कन्या विवाह सहायता योजना संचालित की जा रही है। बोर्ड द्वारा अपनी अधिसूचना 13 अक्टूबर 2025 द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना की धनराशि बढ़ा दी गयी है।पूर्व में पंजीकृत एवं पात्र निर्माण श्रमिकों को उनकी पुत्री अथवा पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिक के स्वयं के विवाह हेतु 55 हजार रुपये बोर्ड द्वारा दी जाती थी।जिसे बढ़ाकर 65 हजार रुपये कर दिया गया है। इसी प्रकार पूर्व में अन्तर्ज़ातीय विवाह हेतु 61 हजार रुपये प्रदान की जाती थी जिसे बढाकर 75 हजार रुपये कर दी गयी है। सामूहिक विवाह हेतु पूर्व में 65 हजार रुपये के साथ वर एवं वधु की पोशाक कय हेतु 10 हजार रुपये दिये जाते थे। जिसके स्थान पर धनराशि को बढाकर 85 हजार रुपये कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 15 हजार रुपये प्रति जोडे की दर से सामूहिक विवाह के आयोजन पर व्यय की अनुमति दी गयी है। उपरोक्त लाभ पंजीकृत निर्माण श्रमिक की दो पुत्रियों हेतु अनुमन्य है।उन्होने बताया कि पंजीकृत निर्माण श्रमिक को विवाह सम्पन्न होने के छह माह के भीतर समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित जनसेवा केन्द्र बोर्ड की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सामूहिक विवाह हेतु निर्धारित तिथि से 15 दिन पूर्व आवेदन ऑनलाइन किया जा सकेगा।उपरोक्त हितलाभ के लिये पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री का आधार प्रमाणीकरण कराया जाना आवश्यक होगा तथा सामूहिक विवाह के अतिरिक्त अन्य प्रकार के विवाह प्रकरणों में सम्बन्धित रजिस्ट्री कार्यालय से विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी।पंजी कृत श्रमिक द्वारा इस आशय का शपथ पत्र दिया जाना अनिवार्य होगा, कि वह योजना की पात्रता की शर्तों को पूरा करता है तथा उसके द्वारा तथ्यों को दुर्व्यपदेशन द्वारा या उन्हें छिपाकर या कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर योजना का लाभ प्राप्त नहीं किया जा रहा है एवं पंजीकृत श्रमिक द्वारा राज्य अथवा केन्द्र सरकार के अधीन संचालित समान प्रकार की योजना में हितलाभ प्राप्त नहीं किया गया है। प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच में पात्र पाये जाने पर निर्माण श्रमिक को उपरोक्तानुसार लाभ दिया जायेगा। योजना के अन्तर्गत उक्त संशो धन अधिसूचना की दिनांक 13 अक्टूबर 2025 से प्रभावी है।

# गोंडा में स्वच्छता हुई गुम,शहर के मुख्य चौराहे से निकलना हुआ मुश्किल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुरानी कहावत है कि शहर के मिजाज की झलक देखना हो तो वहां के चौक-चौराहों को देख लीजिए।अगर अपने शहर गोण्डा देवी पाटन के परिप्रेक्ष में भी इस बात को देखा जाए तो गलत नहीं होगा।यकीनन,यहां के चौराहों-तिराहों पर नजर दौड़ा लेंगे तो पता चल जाएगा कि बाकी शहर की सूरत कैसी होगी असल में यहां अव्यवस्थित रहने की मानसिकता से चौराहे-तिराहे भी नहीं उबर पाए हैं।कोई भी ऐसा चौराहा नहीं होगा जिसे देखकर यह लगे कि यह मंडल मुख्यालय का चौराहा है।कहीं अतिक्रमण तो कहीं टूटी सड़क या फिर गंदगी की व्यवस्था को मुंह चिढ़ा रही है।आसपास के लोग व्यवस्था को कोसने के अलावा बाकी दूसरों पर छोड़ देते हैं।कभी किसी ने चौराहे को लेकर न तो आं दोलन किया न ही कभी इसके पुनरोद्धार की पहल हुई।आइए,देखते हैं इन दिनों शहर के एक व्यस्ततम चौराहे पर बदबू से किस तरह जूझना पड़ रहा है।




### बड़गांव पुलिस चौकी झूलेलाल चौराहा

इस चौराहे की पहचान जिले में बड़गांव पुलिस चौ की झूलेलाल चौराहा के रूप में भी है जिसके बीचो बीच झूलेलाल सिंधी समाज के प्रमुख देवता की प्र तिमा लगाई गई है।कहने के लिए यह यह चौराहा शहर का सबसे बड़ा व्यस्ततम और महत्वपूर्ण चौरा हा है पर सबसे ज्यादा बदबू अव्यवस्था यहीं पर दि खती है।शहर के भीतर या बाहर कहीं जाना हो या फिर अयोध्या बहराइच बलरामपुर बिना इधर से गु जरे आगे नहीं बढ़ा जा सकता है।इस चौराहे पर ए क तीन मंजिला मिठाई की दुकान चौराहे पर स्थित है यहां पर तरह-तरह की मिठाइयां बनाई जा रही हैं जो मिलावटी होती हैं।इस बात की तस्दीक है कि झूलेलाल चौराहे के पास पहुंचने पर वहां से उठ रही दुर्गंध से ही होती है।यहां भीषण गंदगी है और दुर्गन्ध के कारण नाक बंद करना पड़ता है, सूत्र बता रहें है कि चौराहे पर स्थित मिठाई की दुकान पर जिसमें मिलावटी मिठाइयों के साथ ही पनीर व अन्य खाद्य पदार्थों को बड़े पैमाने पर बनाने का गोरखधंधा चलता है।सूत्रों का कहना है कि यहां दीपावली के त्यौहार के सीजन में मिठा इयों व पनीर में नुकसानदायक रंग का इस्ते माल किया जाता है।ऐसे में इन खाद्य पदार्थों के इस्तेमाल से लोगों के किडनी व लिवर खराब होने से ले कर कैंसर तक का खतरा रहता है।

### गंदगी से संक्रामक रोग फैलने का खतरा

सरकार स्वच्छता को लेकर गंभीर है।इंसे फ्लाइटिस के समूल नाश के लिए सरकार प्रयासरत है।मगर विभाग की लापरवाही से सरकार के मंसूबों पर पानी फिर रहा है।उदा सीनता का आलम यह है कि सड़क किनारे चौराहे पर सफाई न होने से गंदगी फै ली हुई है जिससे लोग संक्रामक रोग फैलने का ख तरा है।लोग यहाँ पर नारकीय जीवन जीने को मज बूर हैं।हम बात करे रहे है शहर के झूलेलाल चौरा हा की।इस चौराहे की हालत बहुत ही खराब है बिना नाक और मुँह पर रुमाल रखकर इस चौराहे से निकलना मुश्किल है।इस चौराहे की हालत गांव से भी बदहाल है।दुश्वारियों के बीच लोग नारकीय जी वन जीने को विवश हैं।एक तरफ मूलभूत सुविधाओं का अभाव है तो दूसरी तरफ गंदगी के चलते लोगों में संक्रामक बीमारियां फैल रही है विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से उपजे हालात को लेकर लोगों में आक्रोश है।

# एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के कंधे पर लगाया एक सफ़ेद सितारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पद पर कार्यरत श्री राधेश्याम राय को प्रोन्नति स्वरू प सलेक्शन ग्रेड प्रदान किया गया है।इस अवस र पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा राधेश्याम राय को उनके कंधे पर एक सफ़ेद सि तारा लगाकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

इस दौरा न अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत सहित अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्म चारियों ने भी श्री राधेश्याम राय को बधाई दी।राधेश्याम राय 2001 बैच के उत्तर प्रदेश पुलि स सेवा पीपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने एम.ए. एवं एम.एड. की उपाधियाँ प्राप्त की हैं।पुलिस सेवा के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है – जिनमें एसपी क्राइम मथुरा, स्टाफ ऑफिसर एडीजी जोन वाराणसी,एसपी सिटी झाँसी तथा एडिशनल एसपी प्रशिक्षण नि देशालय लखनऊ के रूप में उनकी सेवाएँ उल्ले खनीय रही हैं।राधेश्याम राय द्वारा अपराध नियं त्रण,जनसहभागिता एवं सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए गए हैं।वर्तमान में जनपद गोण्डा में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण में प्रभावी नेतृत्व प्रदान किया है।

# पटाखा निर्माताओं एवं विक्रेताओं के लिए जारी की गई एडवईज़री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**एडवाईज़री में बताया गया है कि केवल लाइसेंस प्राप्त इकाइयों द्वारा ही पटाखों का निर्माण किया जायेगा। जहां फायर अलार्म सिस्टम एवं अग्निशमन उपकरण, रेत तथा पर्याप्त पानी की व्यवस्था अनिवार्य है**

बहराइच । जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, बहराइच द्वारा आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पटाखों के निर्माण तथा बिक्री के सम्बन्ध में एडवाईज़री जारी की गई है। निर्माताओं के लिए जारी एडवाईज़री में निर्देश दिया गया है कि केवल लाइसेंस प्राप्त इकाइयों द्वारा ही पटाखों का निर्माण किया जायेगा। निर्माण इकाइयों में फायर अलार्म सिस्टम एवं अग्निशमन उपकरण, रेत तथा पर्याप्त पानी की व्यवस्था अनिवार्य होगी तथा धूमपान, मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित रहेगा। निर्माण कार्मिकों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण एवं सुरक्षा वर्दी पहनना अनिवार्य होगा तथा कच्चे रासायनिक पदार्थों अथवा ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थों का भंडारण नियमानुसार निर्धारित मात्रा में और अलग स्थान पर करना होगा। तैयार पटाखों की पैकिंग व परिवहन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार की जायेगी, निर्माण इकाई को हवादार एवं प्रकाश युक्त तथा उसमें पर्याप्त खुला स्थान होना अनिवार्य होगा। निर्माण इकाई में कार्यरत कर्मचारियों/श्रमिकों से निर्धारित अवधि तक ही काम लिया जा सकेगा।इसी प्रकार पटाखा विक्रेताओं हेतु जारी एडवाईज़री में निर्देशित किया गया है कि केवल वैध लाइसेंसधारी विक्रेता द्वारा ही पटाखों की बिक्री की जायेगी। दुकानें खुले मैदान तथा हवादार स्थानों पर लगेंगी। दुकान में अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी की बाल्टियां तत्काल प्रयोग के लिये हर समय उपलब्ध रहेंगी।

दुकान के आसपास धूम्रपान या खुली आग का प्रयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। ज्वलनशील पदार्थों (तेल, पेट्रोल, गैस आदि) के पास पटाखों को रखा जाना अथवा भंडारण नहीं किया जायेगा। ग्राहकों को पटाखों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दिया जाना तथा खराब गुणवत्ता के पटाखे की बिक्री नहीं की जायेगी। दुकानों के आस-पास भीड़ को नियंत्रित रखना होगा तथा दुकानों में अच्छी गुणवत्ता के तथा बिना कटे/छिले बिजली के तारों का प्रयोग किया जायेगा। दुकान में धूम्रपान निषेध व खुली आग निषेध का बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाना होगा।किसी दुर्घटना व आपात स्थिति में सभी विक्रेता व निर्माता द्वारा अपने कर्मचारियों को त्वरित निकासी प्रक्रिया की जानकारी होनी चाहिए। किसी दुर्घटना के कारण पीड़ित एवं घायलों को त्वरित चिकित्सा सहायता पहुंचाने हेतु चिकित्सा व्यवस्था रखना अनिवार्य होगा। पटाखों की मजबूत पैकिंग तथा सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने के साथ-साथ पटाखों को किसी भी ज्वलनशील पदार्थ एवं ईंधन अथवा गैस के साथ नहीं रखा जायेगा। खराब या नमी वाले पटाखे सुरक्षित तरीके से नष्ट किया अनिवार्य होगा। आपात स्थिति में तुरंत फायर सर्विस (101) या आपातकालीन नंबर (112) पर व जिला इमरजेन्सी आपरेशन सेन्टर, बहराइच के दूरभाष नम्बर 05252-230132 एवं टोल फ्री नम्बर 1077 पर संपर्क करना होगा।

# नष्ट कराया गया 124 किलो खोया 5 खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर निर्देशानुसार आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-ऋ्क रायबरेली द्वारा जनपद के विभिन्न बाजारों में विशेष छापामार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी सौरभ उत्तम एवं हरेन्द्र द्वारा खाद्य कारोबारकर्ता श्वेता स्वीट् हाउस, बसायन खेड़ा, सेमरी लालगंज रायबरेली के यहां से छेना व पनीर संग्रहित कर प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार त्रिपाठी द्वारा खाद्य कारोबारकर्ता झुल्लन स्वीटस्, भोजपुर लालगंज, रायबरेली के यहां से बर्फी संग्रहित कर प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सौरभ उत्तम द्वारा पिक अप वाहन संख्या-ठ्घ्36इड्ड3013, (वाहन चालक सत्येन्द्र सिंह) गोविन्दपुर माधव पो0 विशुनदासपुर, डलमऊ से खोया संग्रहित कर 94 कि0ग्रा0 मूल्य 24440/- विनिष्टीकरण कराया गया इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी उदय राज मौर्य द्वारा खाद कारोबारकर्ता रमेश, दुर्गापुर बछरावां महराजगंज, रायबरेली के यहां से पनीर संग्रहित कर 30 कि0ग्रा0 दूषित खोया मूल्य 8400/- विनिष्टीकरण कराया गया। इस अभियान में आज कुल 58 नमूनें संग्रहीत किये गये है। इस अभियान कार्यवाही मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रायबरेली के प्रभावी नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण तोगी, सत्येन्द्र यादव, महेन्द्र कुमार यादव, एवं सौरभ उत्तम द्वारा सम्पादित की गयी।

# केवीके पर रबी फसलों की बीजों का हुआ वितरण

**कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उच्च उत्पादकता वाली प्रजातियों से परिचित कराना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा द्वितीय में क्षमता परियोजना के अंतर्गत किसानों को रबी सीजन के लिए विभिन्न फसलों के उन्नत एवं प्रमाणित बीजों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उच्च उत्पादकता वाली प्रजातियों से परिचित कराना, नवीन कृषि तकनीकों का प्रसार करना तथा क्षेत्र में फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं दिशा-निर्देशन डॉ. संदीप कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा ने किया। उन्होंने कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य में उन्नत प्रजातियों का चयन ही टिकाऊ कृषि का आधार है। इन बीजों के माध्यम से किसान अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत गेहूं की उन्नत प्रजातियाँ डीबीडब्लू -187 एवं डीबीडब्लू-222 के बीज 90 किसानों को वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त धनिया के बीज 14 किसानों, पालक के बीज 12 किसानों, गाजर के बीज 10 किसानों तथा मूली के बीज 20 किसानों को उपलब्ध कराए गए। इन बीजों का चयन स्थानीय परिस्थितियों और किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए किया गया था। इस अवसर पर वैज्ञानिक डॉ. पी. के. सिंह, श्रीमती रेनू आर्या, सुनील कुमार, उमेश कुमार, संदीप कुमार गौतम एवं डॉ. एस. बी. सिंह, प्रक्षेत्र प्रबंधक, उपस्थित रहे। वैज्ञानिकों ने किसानों को बीज उपचार, संतुलित उर्वरक प्रयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन, जल संरक्षण तकनीक तथा खरपतवार नियंत्रण के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी। डॉ. संदीप कुमार ने किसानों को सलाह दी कि वे पारंपरिक खेती के साथ-साथ नवीन कृषि तकनीकों जैसे जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, एवं सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को अपनाएँ ताकि उत्पादन लागत घटे और लाभ बढ़े। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के लिए एक तकनीकी मार्गदर्शक के रूप में सदैव तत्पर है किसानों ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें गुणवत्तापूर्ण बीजों के साथ-साथ वैज्ञानिक जानकारी भी मिलती है, जो उनकी खेती को अधिक लाभकारी बनाती है। किसानों ने कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन गतिविधियों से क्षेत्र में कृषि उत्पादन में निश्चित रूप से वृद्धि होगी कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## हज यात्रियों के प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि हज यात्रियों के प्रशिक्षण हेतु हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा वेबसाइट हजकमेटी डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से 20 अक्टूबर 2025 तक आनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदकों की न्यूनतम शिक्षा इण्टरमीडिएट 12वीं पास या समकक्ष होना आवश्यक है। ऐसे स्नातक जिनको सूचना तकनीकी का ज्ञान होगा को वरीयता दी जाएगी।

इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 07 अक्टूबर, 2025 को 25 वर्ष से 60 वर्ष के मध्य हो आवेदन के लिए अर्ह होंगे। पुरुष एवं महिलाओं का चयन पुरुष एवं महिला हज यात्रियों की सख्या के अनुपात में किया जायेगा। आवेदक के लिए गत्त पाँच वर्षों में हज किया होना आवश्यक है। श्री खालिद ने बताया कि गेंद घर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय से अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# राहत जनता इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया सर सैयद डे

**शिक्षा और इंसानियत के पैग़ाम के साथ मनाया गया सर सैय्यद डे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। नगर के राहत जनता इंटर कॉलेज नानपारा में सर सैय्यद अहमद खाँ की यौमे विलादत के अवसर पर सर सैय्यद डे बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हाजी मुजतबा अली उर्फ हाजी गुन्ने ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गाजी इमाम आला मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अरशद खान, प्रधानाचार्य अरुण प्रकाश चौधरी, हिमाचल प्रदेश से पधारे रौनक अली, पूर्व चेयरपर्सन नगर पालिका परिषद नानपारा नसीबुन निशा उर्फ मलूकन, समेत नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभा का संचालन नगर के प्रसिद्ध शायर ठाकुर अब्दुल शहीद खां ने किया। उन्होंने अपने ओजस्वी शब्दों में सर सैय्यद अहमद खाँ के शिक्षा और सामाजिक सुधारों पर केंद्रित विचारों को विस्तार से बताया और कहा कि उनके सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 19वीं सदी में थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रा सना सईद द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुआ। इसके बाद कक्षा आठ के छात्र शाहिद ने नात-ए-पाक प्रस्तुत की। स्कूल की छात्राओं द्वारा नज़्म और भाषण प्रस्तुत कर सर सैय्यद अहमद खाँ के जीवन और उनके शैक्षिक आंदोलन को जीवंत कर दिया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सर सैय्यद अहमद खाँ ने शिक्षा को समाज के उत्थान का सबसे प्रभावी माध्यम माना और अल्पसंख्यक समाज को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया।उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे सर सैय्यद अहमद खां के दिखाए मार्ग पर चलकर शिक्षा, संस्कार और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान दें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक अरशद खान ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया तथा आयोजन को सफल बनाने वाले सहयोगियों को धन्यवाद दिया।

# कादूनाला को फारेस्ट सफारी और इको टूरिज्म हब के रूप में किया जायेगा विकसित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । तहसील मुसाफिरखाना के वीर भाले सुल्तानी शौर्य वन स्थली कादूनाला कंजास में आज जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल एवं ग्रीन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण तथा इको-टूरिज्म के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था। चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से संवाद स्थापित करते हुये कहा कि ग्राम पंचायत कंजास की भौगोलिक स्थिति अत्यंत उपयुक्त है और यहां का प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कादूनाला वन क्षेत्र को फॉरेस्ट सफारी एवं टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में इको-टूरिज्म के विकास के लिए शासन स्तर तक प्रस्ताव भेजा गया है। इसके विकसित होने पर न केवल यहां के पर्यावरण को संरक्षण मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और उनका संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में ऐसे इको-पार्क और फॉरेस्ट जोन विकसित किए गए हैं, वहां के लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। हम भी अमेठी को हरा-भरा और आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। डीएम ने ग्रामवासियों को तालाबों और नालों को पुनर्जीवित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी है। गांव के तालाब, नाले और जलाशयों को उनके मूल स्वरूप में पुनः लाना जरूरी है ताकि जल संकट की समस्या से निपटा जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि वन विभाग द्वारा द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टिट्यूट के सहयोग से एक योजना चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत ग्रामवासी द्वारा लगाए गए वृक्षों का हर 5 वर्ष में सर्वे किया जाएगा। इस सर्वे के आधार पर वृक्ष लगाने वालों को 6 डॉलर प्रति पेड़ कार्बन क्रेडिट के रूप में भुगतान किया जाएगा। यह अतिरिक्त आय उनके लिए एक स्थायी प्रोत्साहन होगी। इसके लिए ग्रामीणों को वन विभाग में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। चौपाल में

### वीर भाले सुलतानी शौर्य वन स्थली में ग्राम चौपाल व ग्रीन चौपाल सम्पन्न

मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नही बल्कि समाज का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि हम सभी धरती मां के पुत्र हैं, लेकिन क्या हम आज उन्हें उसी सम्मान से देखते हैं? यह विचार करने की जरूरत है। सीडीओ ने लोगों से अपील की कि वे ग्राम सभा बैठकों में पर्यावरण के संरक्षण के लिए सामूहिक रणनीति बनाएं, ग्राम को स्वच्छ रखें, कूड़ा-कचरा न फैलाएं और पौधारोपण को जीवन का हिस्सा बनाएं। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित ग्रामवासियों को फलदार पौधों का वितरण किया तथा सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने का संकल्प दिलाया।

# समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ सपा नेता राजकुमार राजू के आवास पर कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता राजकुमार ''राजू'' जी के आवास पर एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं बुद्धिजीवी शामिल हुए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री रामआसरे विश्वकर्मा जी उपस्थित रहे जिनका फूल मालाओ के साथ भव्य स्वागत किया गया एवं उन्हे शाल उढ़कर एव डायरी देकर सम्मानित किया गया उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि ल्लसमाजवादी विचारधारा ही देश के विकास और सामाजिक न्याय की सच्ची राह है। जब लोकतंत्र पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं, तब समाजवादी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर बाबा साहब अंबेडकर और नेता जी मुलायम सिंह यादव के विचारों को आगे बढ़ाना होगा।ङ्कपूर्व विधायक अरशद ख़ान ने कहा कि ल्लसमाजवादी पार्टी ही गरीब, किसान, नौजवान और अल्पसंख्यकों की सच्ची आवाज़ है। हमें अपने संगठन को मज़बूत बनाना है ताकि जनता की समस्याओं को सड़क से लेकर सदन तक उठाया जा सके।ङ्कपूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि ल्लसंगठन की असली ताक़त कार्यकर्ता होता है। हर बूथ पर समाजवादी झंडा बुलंद होना चाहिए और हर नौजवान को पार्टी की रीति-नीति से जोड़ना हमारा कर्तव्य है। कल्याण सिंह सरोज ने कहा कि ल्लसमाजवादी आंदोलन एक सोच नहीं बल्कि एक संस्कार है। हमें समाजवादी सिद्धांतों को घर-घर तक पहुँचाना होगा। हरिपाल लोधी ने कहा कि ल्लसमाजवादी पार्टी ने हमेशा सामाजिक समानता और भाईचारे की राजनीति की है। यही हमारी पहचान और शक्ति है। केदारनाथ गौतम ने कहा कि ल्लआज जरूरत है कि हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करें और जनता की आवाज़ को बुलंद करें। समाजवाद ही इस देश का भविष्य है। रियाज़ ख़ान ने कहा कि ल्लसमाजवादी कार्यकर्ता हमेशा संघर्ष की राह पर चलते हैं। हमें अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में एकजुट होकर आगे बढ़ना है। अनिल शर्मा ने कहा कि ल्लसंगठन तभी मज़बूत होगा जब हम सब मिलकर समाज के हर वर्ग तक पार्टी की नीतियाँ पहुँचाएँगे और जनता के बीच विश्वास पैदा करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सतीश वर्मा ने कुशलता से किया। समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी ने कहा कि ल्लकार्यकर्ता संवाद से संगठन में ऊर्ज़ा और एकजुटता आती है, और यही समाजवादी पार्टी की सबसे बड़ी पूँजी है।कार्यक्रम के अंत में राजकुमार ल्लराजूङ्क जी ने सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि ल्लहम सबका उद्देश्य सिर्फ सत्ता नहीं, बल्कि समाज में न्याय, समानता और भाईचारे की स्थापना है। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और उनका सम्मान ही हमारी सबसे बड़ी ताक़त है।ङ्क

इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे जिनमें –अहीद खा,इमरान वली खा,प्रकाश गौतम,छैल विहारी शर्मा,ओमकार भारती,संदीप शर्मा,बंटी शर्मा,ठाकुरदास,प्रशांत अवस्थी,रजनीश यादव,पुष्पा देवी मौर्य,भगवान दीन वर्मा,रणवीर सिंह,ब्रजपाल सिंह,हरिओम पासवान, छोटेलाल यादव,गुरप्रीत कौर,जुरावन लाल यादव,दिनेश वर्मा, अखिलेश शुक्ला, बसंत भारती,रमेश वर्मा जी, रामकैलाश, नथ्थूलाल, जबाहर लाल शर्मा, इक़्बाल, धर्मेश सिंह, रामलखन, दुर्वेश शर्मा, रामदास मौर्य,बद्री प्रसाद वर्मा, उस्मान, अफजल अंसारी, शिबम यादव आदि उपस्तिथ रहे।

# जायस पुलिस की जांच में चोरी की वारदात झूठी निकली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना जायस क्षेत्र के गांव मुबारकपुर मुखतिया में एक युवती द्वारा घर में सोने चांदी के जेवरातों को अपने प्रेमी को सौंप कर चोरी की मनगढ़ंत कहानी गढ़ी गई। युवती के पिता द्वारा स्थानीय पुलिस को घर से जेवरात चोरी हो जाने की तहरीर सौंपी गई तो पुलिस ने चोरी से संबन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्र की जांच में उक्त घटना झूठी पायी गयी। पुलिस ने प्रेमी के कब्जे से जेवरात बरामद कर पीड़ित परिवार को सौंप दिया है। थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर मुखतिया निवासी हरिशंकर पुत्र छेदीलाल द्वारा गुरुवार को लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि रात्रि करीब ग्यारह बजे अज्ञात चोर आवेदक के घर का ताला तोड़कर कीमती जेवरात चुरा ले गये। उक्त प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये थाना जायस के थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह मय टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई।मौके पर आवेदक, आवेदक की पत्नी, आवेदक की मां व आवेदक की दो बेटियां मिली जिनसे पूंछताछ में घटना संदिग्ध पायी गयी। गहनता से पूंछतांछ करने पर आवेदक की बड़ी बेटी ने बताया कि वह अपनी रिश्तेदारी में एक लड़के से प्रेम करती है साथ ही बताया कि उसके पिता लखनऊ में किराये पर रहकर ओला गाड़ी चलाते हैं एवं उसके चाचा जिनकी मृत्यु करीब एक वर्ष पूर्व हो चुकी है। मृत्यु के उपरान्त चाची से किये गये समझौते में प्राप्त जेवरात उसकी दादी के अलमारी व बक्शे में रखे थे। आवेदक की पुत्री द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा अपने पिता से खर्च के लिये रुपये मांगने पर उसके पिता द्वारा रुपये नहीं दिये जाते थे जिससे वह अपने पिता से नाराज रहती थी। पन्द्रह अक्टूबर को समय करीब दस बजे घर के सभी लोगों के सो जाने के उपरान्त उसने अपने संज्ञान में घर मे रखे सभी जेवरात को अपने प्रेमी लड़के को घर के बाहर बुलाकर दे दिया और कहा गया कि वह इन जेवरात को बेंचकर मिले रुपये कुछ मुझे दे देना बाकी के वह रख ले।आवेदक की पुत्री द्वारा बताये गये लड़के के संबन्ध में जानकारी कर उसके घरवालों से सम्पर्क कर घटना की जानकारी देते हुये उक्त लड़के व उसके घरवालों को थाना स्थानीय पर पूछताछ हेतु बुलाया गया। बताये गये उक्त लड़के के साथ उसके परिवारीजन व घटना से संबन्धित जेवरात को लेकर थाने पर आये। उक्त लड़के से प्राप्त जेवरात में आठ चांदी की अंगूठी, अठाइस चांदी की बिछिया, एक जोड़ी चांदी की पाजेब, एक जोड़ी चांदी का हथफूल, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक हाफ पेटी चांदी की, एक सोने का हार, एक सोने का मांगटीक, एक सोने का मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठी, दो सोने के कानफूल, एक कील व एक नथुनी सोने की पहचान आवेदक के द्वारा की गई और बताया गया कि कल रात्रि गायब हुये जेवरात यही सब हैं। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह ने बताया कि आवेदक से प्रकरण के सम्बंध में अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कहा गया तो आवेदक द्वारा दोनों पक्ष जोकि आपस में रिश्तेदार भी हैं अनजाने में गलती का होना बताया गया एवं कोई विधिक कार्यवाही न करने के बारे में थाना स्थानीय पर लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया और चोरी की घटना असत्य पायी गयी।

### पुलिस ने घर की एक युवती के प्रेमी से जेवरात बरामद कर पीड़ित परिवार को सौंपा

# अपने घरों में ग्रन्थों को रखने से ही सनातनी शिक्षा मिलेगी : आचार्य शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । क्षेत्र के गांव पूरे दान सिंह वैस शंकरगंज में ब्लाक प्रमुख तिलोई के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के सप्तम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भगवान के प्रथम पुत्र के रूप में प्रद्युम्न जी प्रकट हुये जिन्हे सम्बरासुर नें हरन कर लिया बाद में उसका वध करके अपनी पत्नी सती के साथ द्वारिका वापस आये हैं। उन्होंने कहा कि भगवान का दूसरा विवाह जामवन्त जी की पुत्री जाम्बवती से हुआ भगवान और जामवन्त जी में सत्ताइस दिन तक युद्ध हुआ अट्ठाइसवें दिन जामवन्त जी पहचान गयें कि आप ही हमारे त्रेता के राम जी हैं और भगवान से अपनी पुत्री का विवाह कर दिया।भगवान का तीसरा विवाह सत्यभामा,चतुर्थ विवाह कालिन्दी जी, पांचवां विवाह मित्रवृन्दा, छठां विवाह सत्या,सातवां विवाह भद्रा के साथ आठवां विवाह लक्ष्मणा जी के साथ हुआ इस प्रकार भगवान की ये आठ पटरानियां हुयीं और भगवान का सोलह हजार एक सौ विवाह नरकासुर नामक राक्षस की कैद में बंदी राजकुमारियों के साथ हुआ कालान्तर में सभी रानियों से दस दस पुत्र और एक एक पुत्री का जन्म हुआ और भगवान सानन्द गृहस्थ आश्रम का पालन करते हुये सानन्द रहने लगे।कथा व्यास ने कहा कि शुकदेव जी नें भगवान के दीनबन्धुता की कथा के रूप में सुदामा जी की कथा सुनाई है। भगवान के सखा और परम भक्त सुदामा जी विशुद्ध ब्राह्मन वृत्ति से जीवन यापन करते हुये भगवान का भजन करते थे घर में बहुत विपन्नता थी उनकी पत्नी शुशीला के कहने पर चार मुट्ठी चावल लेकर भगवान से मिलने गये हैं भगवान नें अपने मित्र का बहुत स्वागत किया है और उनके पत्नी के मनोभाव को समझते हुये उन्हें धनधान्य से परिपूर्ण कर दिया और अन्त में महाराज जी नें भागवत जी के महात्म्य को बताते हुये विभिन्न भजनों के माध्यम से भगवान का गुणगान करते हुये कथा को विश्राम किय है और सम्पूर्ण श्रोता आनंद से परिपूर्ण हो गये। यजमान अर्चना सिंह कृष्ण कुमार सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती पूजन किया। संचालन धर्मेश मिश्रा ने किया। इस मौके पर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, राजा भानु प्रताप सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह,संजय अग्रवाल, खण्ड शिक्षा अधिकारी पूजा सिंह, महिला थानाध्यक्ष कंचन सिंह, हिमांशु सिंह, भास्कर सिंहसंतोष तिवारी,नटराज सिंह राठौर, वीरेन्द्र तिवारी,देवी शरण बाजपेई, ज्ञानेंद्र सिंह,आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, अर्जिता सिंह, अपूर्वा सिंह, शिवी सिंह, कनिका शुक्ला, भावना सिंह हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### ब्लाक प्रमुख तिलोई के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिवस में श्रोताओं की उमड़ी भीड़

## चेयरमैन ने सड़कों का किया लोकार्पण वंदन योजना से बन रही सड़क का किया निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत स्टेशन रोड पर मधुबन के समीप बनाई गई सड़क और अयोध्या पुरम गली नंबर 5 का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने किया। इसके साथ ही गौरी शंकर मंदिर के समीप वंदन योजना के तहत बनाई जा रही सड़क का निरीक्षण भी किया। डॉ आस्था अग्रवाल ने मौके पर वहां के निवासियों से उनकी समस्याएं सुनी और उनके समाधान का आश्वासन दिया।इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में विकास की गंगा बह रही है। शहर में हर क्षेत्र में विकास कार्य हुए हैं। सड़के बनाई गई हैं। नाले बनाये गए हैं। अब सड़कों पर अंधेरा नहीं रहता। जगह-जगह वाटर कूलर लगाए गए हैं। मुख्य चौराहा और प्रमुख स्थानों पर हाई मास्ट लाइट लगाई गई है।वंदन योजना के तहत गौरीशंकर मंदिर के समीप बनाई जा रही सड़क को अच्छी गुणवत्ता से बनाए जाने के निर्देश दिए। बताया कि शीघ्र ही गौरी शंकर मंदिर कॉरिडोर की सारी सड़के बन जाएगी। इसके बाद श्रद्धालुओ को आने जाने में सुविधा रहेगी।

## छात्र अरुण कुमार ने संकुल स्तरीय प्रतियोगिता 100 मीटर दौड़ में पाया प्रथम स्थान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कंपोजिट विद्यालय कटैया पंडरी के छात्र अरुण कुमार ने संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं।विद्यालय पहुंचने पर स्टाफ और अन्य बच्चों ने उनका उत्साहवर्धन किया प्रथम स्थान अरुण कुमार ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर स्टाफ और अन्य बच्चों ने अरुण कुमार का उत्साहवर्धन किया है। खुशी और उत्साह का माहौल था।बच्चों का सम्मान अरुण कुमार को सम्मानित किया गया और उनकी उपलब्धि की प्रशंसा की गई। कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका हेमा जोशी ने छात्र अरुण कुमार को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने बताया कि इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम रोशन हुआ और अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिली है।

## बीच-बचाव करने आई महिला पर धारदार हथियार से हमला मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली थाना क्षेत्र के रहनी वाली उमैदी देवी ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र मे बताया कि कुछ गांव के दबंग व्यक्ति गांव के एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर रहे थे विवाद में बीच बचाव करने से नाराज दबंगों ने मिलकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया जिसमें महिला को गम्भीर चोटें आई सिर में चोट लगने से महिला की हालत गंभीर है जिसे अस्पताल मे इलाज के लिये भर्ती कराया गया हालांकि इस मामले में कोतवाली पुलिस ने तत्काल टांडा छत्रपति के नीरज, दीपक, शंकर लाल, सीमा देवी के खिलाफ धारा 115(2),351(3) मे मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है

## बीच-बचाव करने आई महिला पर धारदार हथियार से हमला मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली थाना क्षेत्र के रहनी वाली उमैदी देवी ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र मे बताया कि कुछ गांव के दबंग व्यक्ति गांव के एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर रहे थे विवाद में बीच बचाव करने से नाराज दबंगों ने मिलकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया जिसमें महिला को गम्भीर चोटें आई सिर में चोट लगने से महिला की हालत गंभीर है जिसे अस्पताल मे इलाज के लिये भर्ती कराया गया हालांकि इस मामले में कोतवाली पुलिस ने तत्काल टांडा छत्रपति के नीरज, दीपक, शंकर लाल, सीमा देवी के खिलाफ धारा 115(2),351(3) मे मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है

## बस-ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर होने पर मौके पर पहुंचे शिवम भदौरिया ने घायलो को उपचार के लिये पहुंचाया अस्पताल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गौ सेवा जिला प्रमुख राष्ट्रीय बजरंग दल के शिवम् सिंह भदौरिया ने बताया कि उनकी टीम के कार्यकर्ता पीलीभीत से कवि सम्मेलन से वापस लौट रहे थे उनकी सूचना पर तुरन्त पहुंचा और घायलों को तुरंत उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया पूरनपुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक बस और ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की जोरदार टक्कर हो गई यह हादसा सोनू ढाबा के पास सुबह करीब 5:40 बजे हुआ इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका एक हाथ कट गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है ।

# वर्शो से पत्रावली में चलता रहा बीटीसी कॉलेज, करोड़ों का फर्जीवाड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले में 12 साल से चल रहे फर्जी विद्यालय का प्रकरण जिला प्रशासन की संज्ञान में आया है। यह विद्यालय 2012-13 के दौरान अस्तित्व में आया था। लेकिन आज तक पत्रावली से बाहर आने की राह देख रहा है। हैरतअंगेज प्रकरण है कि प्रतिवर्ष लगभग 50 बच्चे इस कागजी विद्यालय से डिग्री लेकर भविष्य की ओर अग्रसर है।

पूरा मामला सुल्तानपुर जिले के धनपतगंज विकासखंड अंतर्गत उषा सिंह शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान कोरों से जुड़ा हुआ है। सत्र 2012-13 के दौरान शासन की अनुमति पर इस विद्यालय का संचालन कागज में पाया गया है। विभागीय रिकार्ड की मानें तो सबसे पहले विद्यालय की नींव धनपतगंज के कोरों में रखी गई। तत्कालीन अधिकारियों ने विद्यालय की काल्पनिक फोटो बनाकर उसके सामने अपनी उपस्थिति के फोटो तक खिंचवाए हैं। हैरतअंगेज बात है कि 2017 में मझवारा में यह विद्यालय स्थानांतरित किया गया लेकिन यहां भी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की पत्रावली से विद्यालय धरातल पर अस्तित्व में नहीं आ सका। जिलाधिकारी कुमार हर्ष के प्रकरण संज्ञान में आने के पश्चात उपनिदेशक कृषि राम आसरे के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच करने टीम मौके पर पहुंची तो ग्रामीण हैरत में आ गए। ग्रामीणों के मुताबिक ऐसा कोई विद्यालय आज तक नहीं देखा गया है। डीडी कृषि रामाश्रय का कहना है कि विद्यालय पत्रावली में तो मौजूद है लेकिन धरातल पर नहीं पाया गया है।

### डीएम के आदेश पर शुरू हुई जांच, 3 सदस्य टीम ने सौंपी रिपोर्ट

# बरनवाल जनसेवा समिति ने क्षय रोगियों को लिया गोद

## उनके खान-पान व दवा-ईलाज का रखेगी ख्याल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बरनवाल जनसेवा समिति द्वारा शुक्रवार को अमहट स्थित क्षयरोग अस्पताल पहुंचकर क्षय रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरित किया। समिति द्वारा पूर्व में भी तीन बार पांच-पांच क्षयरोगियों को गोद देकर उनके खानपान दवा, ईलाज की जिम्मेदारी बखूबी निभाई है, बरनवाल जनसेवा समिति द्वारा अभी तक कुल 90 पोषण पोटली वितरित किया जा चुका है। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक गुलाब चंद बरनवाल, अध्यक्ष देवेश कुमार बरनवाल, सदस्य इंद्रमनी बरनवाल, अजय कुमार बरनवाल, मौजूद रहें, बरनवाल जनसेवा समिति द्वारा क्षयरोगियों को पौष्टिक आहार किट वितरित करने के अवसर पर जिला क्षयरोग अधिकारी डा.आर.के. कन्नौजिया, उपजिला क्षयरोग अधिकारी डा. शफीउर्र रहमान, सुरेश कुमार,के.के. तिवारी, विवेक मिश्रा, राजीव लोचन पाण्डेय, पंकज तिवारी, श्यामलाल किशोर श्रीवास्तव, जुबेर एवं शहजाद उपस्थिति रहे ! क्षयरोगी विनय पाण्डेय, अर्चना पाण्डेय, पूजा पाण्डेय,प्रीति निषाद, उमा, मनीष,को पोषण पोटली देकर सहयोग किया गया।

# रेलवे डाकघर की महिला अधिकारी के रवैये से लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। रेलवे डाकघर में तैनात महिला अधिकारी सीमा जायसवाल के व्यवहार और कार्यशैली को लेकर उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है। बताया जा रहा है कि रजिस्ट्री कराने आने वाले लोग उनके अखड़ रवैये से त्रस्त हैं। जानकारी के अनुसार सीमा जायसवाल की ड्यूटी का समय दोपहर 3 बजे से रात 10:30 बजे तक तय है, लेकिन वह अक्सर रात 9 बजे तक ही काउंटर छोड़ देती हैं। इससे उपभोक्ताओं को रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट और अन्य डाक सेवाओं के लिए लौटना पड़ता है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जब कोई व्यक्ति इस बात पर आपत्ति जताता है या उनसे सेवा समय का हवाला देता है, तो वह उल्टा लोगों से बहस और बदसलूकी पर उतर आती हैं। कुछ लोगो ने बताया कि विवाद से बचने के लिए यह उल्टा खुद मुकदमा दर्ज कराने की धमकी भी देती है। इसी रवैये से परेशान होकर कार्तिक पांडेय नामक उपभोक्ता ने उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत भेजी है और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने भी कहा है कि अगर स्थिति ऐसी ही बनी रही तो जल्द ही सामूहिक रूप से शिकायत दर्ज कराई जाएगी। लोगों का कहना है कि डाकघर जैसी सार्वजनिक सेवा में इस तरह का रवैया अस्वीकार्य है और विभाग को तत्काल जांच कर सख्त कदम उठाना

## महिलाओं से अश्लील हरकतें करने वाला युवक गिरफ्तार

पूरनपुर। पूरनपुर पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने एक युवक को गिरफ्तार किया है यह युवक राह चलती महिलाओं और बालिकाओं से अश्लील हरकतें कर रहा था पुलिस महिला सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मिशन शक्ति और एंटी रोमियो अभियान तहत कार्य कर रही है उप निरीक्षक पिंकी यादव के नेतृत्व में हेड कंस्टेबल ऋषिपाल सिंह और कंस्टेबल संजू के साथ एंटी रोमियो ड्यूटी पर तैनात थे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को मुझा खुर्द तिराहे से गिरफ्तार किया गिरफ्तार युवक की पहचान दिलशाद पुत्र रियाज अहमद नि0 ब्लॉक रोड नूरी नगर पूरनपुर के रूप में हुई है आरोपी के खिलाफ थाना पूरनपुर में मु0अ0सं0 0621/2025 धारा 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है पुलिस ने बताया कि महिला सुरक्षा को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसी हरकतें करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में अविघ्न बने उपविजेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। अखिल भारतीय विद्या भारती शतरंज प्रतियोगिता में अविघ्न त्रिपाठी ने सिल्वर मेडल प्राप्त करते हुए रनर अप ट्राफी पर कब्जा जमा कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। ज्ञात हो कि विद्या भारती द्वारा आयोजित 36 वीं अखिल भारतीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर के बीच श्री राम दयाल खेमा विवेकानंद विद्यालय जूनियर कॉलेज तिरुविट्यूर चेन्नई में किया गया। जिसमें बल्दीराय क्षेत्र के ग्राम बिसुहिया निवासी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला संघ चालक डॉ अवधेश कुमार त्रिपाठी के पौत्र व नागा जी सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माल्देपुर बलिया के छात्र अविघ्न त्रिपाठी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया।अविघ्न दशमलव 5 प्वाइंट से गोल्ड मेडल जीतने से चूक गए। अविघ्न त्रिपाठी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल के साथ रनरअप ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। पौत्र अविघ्न की इस सफलता पर डॉ अवधेश त्रिपाठी ने बताया कि भविष्य में किसी अच्छे संस्थान से प्रशिक्षण प्रदान कराकर शतरंज की मुख्य धारा में लाने का प्रयास करूंगा।क्षेत्र के युवा बालक द्वारा यह उपलब्धि हासिल करने पर राम देव तिवारी, चंद्र भूषण तिवारी, हरेंद्र भूषण, बाबा ओंकार अग्निवंशी, घनश्याम त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, विनोद अग्रहरि, शुभम अग्रहरि, महेश साहू, पंडित राज कुमार शास्त्री, इंदुभूषण तिवारी, अम्बिका प्रसाद मिश्र, नरेंद्र अग्रहरि, जय बहादुर सिंह, विजय बहादुर सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## सम्पादकीय

# विकास दर की लय

जिस अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ पर पश्चिमी शक्तियों के मंसूबों के अनुरूप सुर में सुर मिलाने का आक्षेप लगता रहा है, यदि वह अब भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर दर्शाए तो इसे हम अपनी आर्थिकी की ताकत के रूप में देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आईएमएफ ने वर्ष 2025-26 के लिये भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.6 कर दिया है। इस नवीनतम अपडेट से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में देश की स्थिति और मजबूत हुई है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह संशोधन लचीली घरेलू खपत, मजबूत सेवा निर्यात और स्थिर सार्वजनिक निवेश के दृष्टिगत किया है। यह सुखद ही कहा जाएगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मनमाने और भारी-भरकम टैरिफ का कोई बड़ा नकारात्मक प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर दृष्टिगोचर नहीं होता है। लेकिन इस आशावाद के बावजूद हमें अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य की वास्तविकता का भी ध्यान रखना चाहिए। जिसके मूल में तमाम व्यापारिक व्यवधान, अमेरिकी टैरिफ वृद्धि और सख्त वित्तीय स्थितियों जैसे घटक भी शामिल हो सकते हैं। जो प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से कहीं न कहीं भारत की आर्थिक गति को प्रभावित कर सकते हैं। निर्विवाद रूप से भारत की अर्थव्यवस्था में आईएमएफ का भरोसा, मजबूत भारतीय घरेलू बाजार, राजकोषीय अनुशासन और औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि के उद्देश्य से किए गए सुधारात्मक उपायों के चलते जगा है। वहीं दूसरी ओर बुनियादी ढांचे पर खर्च, डिजिटल परिवर्तन को प्रोत्साहन और बेहतर कर संग्रह ने व्यापक आर्थिक बुनियादी ढांचे को मजबूत ही किया है। हालांकि निर्यात, विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र, संरक्षणवादी नीतियों और कमजोर वैश्विक मांग के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर चीन की मंदी और पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्संतुलन के साथ, भारत के सामने चुनौती और अवसर दोनों ही मौजूद हैं। ऐसे में भारत के लिए जरूरी है कि वह वैश्विक व्यापार में संतुलन बनाते हुए आत्मनिर्भरता की राह में कदम आगे बढ़ाए। इसमें दो राय नहीं हो सकती है कि केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था की मौजूदा चुनौती को महसूस करते हुए 'मेक इन इंडिया' की मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास एक आंदोलन के रूप में किया है। दरअसल, केंद्र सरकार द्वारा 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत विनिर्माण पर खासा जोर दिया जा रहा है। इसमें केंद्र सरकार की प्राथमिकता इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, सेमीकंडक्टर और हरित प्रौद्योगिकियों के लिये लक्षित प्रोत्साहनों को बढ़ावा देना है। निस्संदेह ये प्रयास कालांतर देश के औद्योगिक आधार को व्यापक रूप से मजबूत बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। लेकिन सरकार को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि हम अल्पकालिक लक्ष्यों के बजाय दीर्घकालीन जरूरतों को अपनी प्राथमिकता बनाएं। इसके लिये जरूरी है कि श्रम बाजार, भूमि अधिग्रहण में सुधार और व्यापार में कामकाज को आसानी को बढ़ावा दें। निस्संदेह, इन क्षेत्रों में गहन संरचनात्मक सुधारों की सख्त आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार की प्राथमिकता मुद्रास्फीति पर नियंत्रण की भी होनी चाहिए। महंगाई के बढ़ने से लोगों की क्रय शक्ति प्रभावित होती है, जिससे मांग व पूर्ति का संतुलन बिगड़ता है। वहीं दूसरी ओर कृषि उत्पादकता और रोजगार सृजन को भी नीतिगत एजेंडे के केंद्र में रखना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि आज भारत की आर्थिक सफलता की कहानी हमारे सतर्क आत्मविश्वास की परिणति है। देश की घरेलू अर्थव्यवस्था के लचीलेपन ने इसे कई बाहरी झटकों से बचाया है। लेकिन वहीं दूसरी ओर हमारी आत्मसंतुष्टि इस लाभ को कम सकती है। इसके अलावा दीर्घकालिक स्थिरता के लिये, भारत सरकार को राजकोषीय विवेक बनाए रखना होगा। वहीं दूसरी तरफ मानव पूंजी, उत्पादकता और नवाचार में निवेश को बढ़ाना होगा। निस्संदेह, हमारा विकास तभी सार्थक होगा जब वह समावेशी हो। वह देश के लाखों गरीब लोगों को ऊपर उठाने में सक्षम हो, न कि केवल सिर्फ सांख्यिकीय संकेतकों को बढ़ावा देने वाला हो। हमारी आर्थिक यात्रा में निरंतर स्थिरता बनी रहे, इसके लिये देश को आर्थिक सुधार की राह चुननी होगी ।

# सुख-समृद्धि का एहसास कराता है धनतेरस

**धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते हैं। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर में 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जिसमें से सबसे पहले दक्षिण दिशा में यम देवता के लिए और दूसरा धन की देवी मां लक्ष्मी के लिए जलाना चाहिए। इसी तरह दो दीये अपने घर के मुख्य द्वार पर, एक दीया तुलसी महारानी के लिए, एक दीया घर की छत पर और बाकी दीये घर के अलग-अलग कोने में रख देने चाहिए। माना जाता है कि यह 13 दीये नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं से रक्षा करते हैं। धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है। यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मरण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दु धर्म की ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्तानें होने से आपस में भाई-बहिन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है।**

## धनतेरस पर विशेष

धनतेरस का त्योहार दीपावाली पर्व के प्रारम्भ को दर्शाता है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। यह त्योहार लोगों के जीवन में समृद्धि और स्वास्थ्य लाने वाला माना जाता है इसलिए इसे बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदें। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है। धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते हैं। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के दौरान अपने घर में 13 दीये जलाना चाहिए और अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जिसमें से सबसे पहले दक्षिण दिशा में यम देवता के लिए और दूसरा धन की देवी मां लक्ष्मी के लिए जलाना चाहिए। इसी तरह दो दीये अपने घर के मुख्य द्वार पर, एक दीया तुलसी महारानी के लिए, एक दीया घर की छत पर और बाकी दीये घर के अलग-अलग कोने में रख देने चाहिए। माना जाता है कि यह 13 दीये नकारात्मक ऊर्जा और बुरी आत्माओं से रक्षा करते हैं। धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है। यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मरण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दु धर्म की ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्तानें होने से आपस में भाई-बहिन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है। इसलिए यमराज यमुना का स्नान करके दीपदान करने वालों से बहुत ही ज्यादा प्रसन्न होते और उन्हें अकाल मृत्यु के दोष से मुक्त कर देते हैं। धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चौक में रंगोली बनाकर सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाह्न किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावड़ी, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए। धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता हैं। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है। रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नई रूई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए। जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं। चूंकि यह दीपक मृत्यु के नियन्त्रक देव यमराज के निमित्त जलाया जाता है, अतः दीप जलाते समय पूर्ण श्रद्धा से उन्हें नमन तो करें। साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि वे आपके परिवार पर दया दृष्टि बनाए रखें और किसी की अकाल मृत्यु न हो। धनतेरस की शाम घर के बाहर मुख्य द्वार पर और आंगन में दीप जलाने की प्रथा भी है। धनतेरस को मृत्यु के देवता यमराज जी की पूजा करने के लिए संध्या के समय एक वेदी (पाट्टा) पर रोली से स्वास्तिक बनाइये। उस स्वास्तिक पर एक दीपक रखकर उसे प्रज्वलित करें और उसमें एक छिद्रयुक्त कोड़ी डाल दें। अब



इस दीपक के चारों ओर तीन बार गंगा जल छिडकें। दीपक को रोली से तिलक लगाकर अक्षत और मिष्ठान आदि चढाएं। इसके बाद इसमें कुछ दक्षिणा आदि रख दीजिए जिसे बाद में किसी ब्राह्मण को दे देवें। अब दीपक पर कुछ पुष्पादि अर्पण करें। इसके बाद हाथ जोडकर दीपक को प्रणाम करें और परिवार के प्रत्येक सदस्य को तिलक लगाएं। अब इस दीपक को अपने मुख्य द्वार के दाहिनी और रख दीजिए। यम पूजन करने के बाद अन्त में धनवंतरी पूजा करें। इस प्रथा के पीछे एक लोक कथा है। कथा के अनुसार किसी समय में एक राजा थे जिनका नाम हेम था। दैव कृपा से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने जब बालक की कुण्डली बनाई तो पता चला कि बालक का विवाह जिस दिन होगा उसके ठीक चार दिन के बाद वह मृत्यु को प्राप्त होगा। राजा इस बात को जानकर बहुत दुख हुआ और उन्होंने राजकुमार को ऐसी जगह पर भेज दिया जहां किसी स्त्री की परछाई भी न पड़े। दैवयोग से एक दिन एक राजकुमारी उधर से गुजरी और दोनों एक-दूसरे को देखकर मोहित हो गये और उन्होंने गन्धर्व विवाह कर लिया। विवाह के पश्चात विधि का विधान सामने आया और विवाह के चार दिन बाद यमदूत उस राजकुमार के प्राण लेने आ पहुंचे। जब यमदूत राजकुमार प्राण ले जा रहे थे उस वक्त उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुनकर उनका हृदय भी द्रवित हो उठा। परन्तु विधि के अनुसार उन्हें अपना कार्य करना पड़ा। यमराज को जब यमदूत यह कह रहे थे, उसी वक्त उनमें से एक ने यम देवता से विनती की- हे यमराज क्या कोई ऐसा उपाय नहीं है जिससे मनुष्य अकाल मृत्यु के लेख से मुक्त हो जाए। दूत के इस प्रकार अनुरोध करने से यम देवता बोले- हे दूत, अकाल मृत्यु तो कर्म की गति है। इससे मुक्ति का एक आसान तरीका मैं तुम्हें बताता हूं सो सुनो। कार्तिक कृष्ण पक्ष की रात जो प्राणी मेरे नाम से पूजन करके दीप माला दक्षिण दिशा की ओर भेट करता है, उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यही कारण है कि लोग इस दिन घर से बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीप जलाकर रखते हैं। '' धन्वंतराये नमः '' धन्वंतरि मंत्र है। इस मंत्र का जाप रोगों से मुक्ति और अच्छे स्वास्थ्य के लिए किया जाता है। चूंकि यह समृद्धि का त्योहार है इसलिए लोग अपने घरों को भी साफ करते हैं। उन्हें एक नया रंग देते हैं और कई तरह से सजाते हैं। धनतेरस हर किसी को समृद्ध और अच्छे स्वास्थ्य का एहसास कराता है। दीपावाली धन से ज्यादा स्वास्थ्य और पर्यावरण पर आधारित त्योहार है। दीपावली एक ऐसा त्योहार है जिसके अपने पर्यावरणीय निहितार्थ है। मौसम मे बदलाव और दीपपर्व में घनिष्ठ सम्बन्ध है। इसे समझते हुए कृपया दीपावली पर पर्यावरण को नुकसान पहुचाने वाली गतिविधियां ना करें। **-रमेश सर्राफ धमोरा**

# त्यौहारी सीजन का मारा....एक बेचारा

## सुधाकर आशावादी

**गृहस्थ जीवन में शांति पाठ का महत्व केवल श्रीमान जी ही जानते हैं, श्रीमती जी तो आपदा में अवसर ढूँढने की फिराक में ही रहती हैं, कि जैसे भी हो, त्यौहार के नाम पर कैकेयी बनकर कोप भवन में अनशन की धमकी देती रहे और श्रीमान जी को समझौता वार्ता के लिए विवश करती रहे। बहरहाल करवा चौथ के समापन के उपरांत श्रीमती जी यदि श्रीमान जी से प्राप्त उपहारों से संतुष्ट हों, तो बड़ी बात है, अन्यथा श्रीमान जी भले ही अपनी जेब का अतिक्रमण करके कितना ही महँगा उपहार श्रीमती जी की सेवा में प्रस्तुत कर दें ।**

कहने को समाज आजकल नारी पुरुष एक समान की नीति पर चल रहा है। अधिकारों के नाम पर श्रीमतियों की डिमांड अपने अपने श्रीमान जी से बढ़ती जा रही है। करवा चौथ पर्व पर जब श्रीमती जी ने श्रीमान जी के दीर्घायु होने की कामना में व्रत रखा, तो अपनी डिमांड की लम्बी फ़ेहरिस्त श्रीमान जी के हाथ में थमा दी। महंगी साड़ी के साथ महंगाई की ऊँची कूद लगाते स्वर्ण आभूषणों की डिमांड कर डाली। साथ ही धमकी भी दीं, कि चाहे जो मजबूरी हो, डिमांड श्रीमती जी की पूरी हो। श्रीमान जी मरते क्या न करते, श्रीमती जी की डिमांड पूरी करने के लिए बैंक के कर्जे की किश्त बढ़ाने के लिए विवश हो गए। गृहस्थ जीवन में शांति पाठ का महत्व केवल श्रीमान जी ही जानते हैं, श्रीमती जी तो आपदा में अवसर ढूँढने की फिराक में ही रहती हैं, कि जैसे भी हो, त्यौहार के नाम पर कैकेयी बनकर कोप भवन में अनशन की धमकी देती रहे और श्रीमान जी को समझौता वार्ता के लिए विवश करती रहे। बहरहाल करवा चौथ के समापन के उपरांत श्रीमती जी यदि श्रीमान जी से प्राप्त उपहारों से संतुष्ट हों, तो बड़ी बात है, अन्यथा श्रीमान जी भले ही अपनी जेब का अतिक्रमण करके कितना ही महँगा उपहार श्रीमती जी की सेवा में प्रस्तुत कर दें । श्रीमती जी को प्रसन्न करना आसान काम नही होता। त्यौहारी सीजन आता तो है, मगर सामान्य श्रीमान जी के सम्मुख मुसीबतों का पहाड़ खड़ा करने में पीछे नहीं रहता। करवा चौथ के उपरांत धन तेरस भी श्रीमान जी की जेब पर क्रूर प्रहार करने से नहीं चूकता। श्रीमती जी की सुविधा प्राप्त करने वाली फ़ेहरिस्त का आकार प्रतिवर्ष बढ़ता ही जाता है। अब पीतल के बर्तनों की डिमांड नही होती। डायमंड के गहनों की डिमांड अधिक होती है। साइकिल आज भी कुछ श्रीमानों के लिए सपना होगी, किंतु सुविधा भोगी श्रीमतियों की नजर किसी दोपहिया पर नहीं पड़ती। सामान्य चौपहिया भी उन्हें आराम दायक नहीं लगते। चौपहिया में भी उन्हें ऊँचे कद और तेज गति से दौड़ने वाली गाड़ियां ही पसंद आती हैं। ऐसा नहीं है कि श्रीमती जी श्रीमान जी की जेब की सीमाएँ न जानती हो, किंतु श्रीमती जी अपने अड़ोस पड़ोस, अपनी सहेलियों और रिश्तेदारों की समृद्धि को कैसे पचाएँ जो भौतिक संसाधनों से घर के ड्रॉइंग रूम में महँगे झूमर की रोशनी से नहा रहे हों तथा श्रीमती जी की महत्वकांक्षा के परों को उड़ान भरने के लिए उकसा रहे हों। ख़ैर जो भी हो, भले ही व्यापार घाटे में जाए या श्रीमान जी की नौकरी छूट जाए? त्योहारी सीजन श्रीमतियों के लिए ख्वाहिश बुनने और उन्हें पूरा कराने के लिए एक अदद श्रीमान जी पर दवाब बनाने का सीजन ज़रूर बन जाता है।

## सेहत मंत्र

# रोजाना खाएं 30 ग्राम अलसी के बीज ब्लड प्रेशर होगा कम, दिल रहेगा दुरुस्त

हाई ब्लड प्रेशर एक ऐसी घातक स्थिति है, जिसे अगर अनदेखा किया जाए तो जान भी जा सकती है। हाई ब्लड प्रेशर तब होता है जब किसी व्यक्ति की धमनियों की वॉल में खून का बहाव बहुत तेज हो जाता है। समय के साथ-साथ बढ़ता हाई ब्लड प्रेशर हमारी धमनियों के भीतर टिश्यू को नुकसान पहुंचाता है, जिसके कारण कोई भी व्यक्ति घातक ह्रदय रोगों का शिकार हो जाता है। हालांकि अपनी डाइट में कुछ बदलाव कर इस खतरे को अपने से दूर रखा जा सकता है। बाजार में कुछ सुपरफूड ऐसे है, जो किसी भी व्यक्ति के बीपी यानी की ब्लड प्रेशर को कम रखने में मदद कर सकते हैं। इन्हीं सुपर फूड में से एक है अलसी के बीज, जिनके सेवन से आप बीपी की शिकायत से दूर रह सकते हैं। यूरोपीय और एशियाई देशों में अलसी के बीजों को प्रयोग लंबे समय से होता आ रहा है। जर्नल हाइपरटेंशन में प्रकाशित एक कनाडाई अध्ययन के मुताबिक, वे लोग, जिन्होंने छह महीने तक रोजाना अपनी डाइट में 30 ग्राम अलसी के बीजों को शामिल किया उनके ब्लड प्रेशर (हाई ब्लड प्रेशर) में औसतन 15 एमएम एचजी की कमी पाई गई और लो ब्लड प्रेशर में भी औसतन 8 एमएम एचजी की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। वहीं, जिन लोगों ने प्लेसीबो सप्लीमेंट लिया उनके सिस्टोलिक (हाई) ब्लड प्रेशर में वृद्धि देखी गई जबकि डायास्टोलिक (लो) ब्लड प्रेशर स्थिर रहा। अध्ययन के शोधकर्ताओं ने कहा कि अलसी के बीजों को डाइट में शामिल करने से ब्लड प्रेशर का स्तर कम हो गया, जिसके परिणामस्वरूप स्ट्रोक की दर 50 फीसदी कम हो गई और 30 फीसदी हार्ट अटैक का जोखिम भी कम हो गया। 11 अध्ययनों से प्राप्त डेटा की समीक्षा में पाया गया कि तीन महीने से ज्यादा रोजाना अलसी के बीजों का सेवन करने से लो ब्लड प्रेशर दो एमएमएचजी तक कम हो जाता है। ब्लड प्रेशर का 2 एमएनएचजी तक कम हो जाना भी महत्वपूर्ण दिखाई देता है क्योंकि ब्लड प्रेशर में इतने अंकों की कमी से स्ट्रोक से मरने वालों की संख्या में 10 फीसदी तक कमी हो जाती है जबकि हृदय रोगों से मरने वालों की संख्या में सात फीसदी तक कमी पाई गई। इसलिए अपने दिल को दुरुस्त रखने के लिए अलसी के बीजों का सेवन जरूर करना चाहिए।

## धर्म मंत्र

# अमरकंटक आकर अंतर्मन आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से भर जाता है

अमरकंटक को मध्य प्रदेश के वनप्रदेश की उपमा प्राप्त है। आम, महुआ और साल सहित नाना प्रकार के वृक्ष मैकाल पर्वत का श्रृंगार करते हैं। अमरकंटक के जंगलों में आम के वृक्ष अधिक होने के कारण प्राचीन ग्रंथों में आम्रकूट के नाम से भी इस स्थान का वर्णन आता है। वृक्षों से आच्छादित यह वनभूमि प्रकृति प्रेमियों को सदैव ही आकर्षित करती है। यहाँ आकर मन, मस्तिष्क और शरीर प्रफुल्लित हो जाते हैं। प्रकृति के सान्निध्य से मानसिक तनाव और शारीरिक थकान दूर हो जाती है। अमरकंटक आकर अंतरमन आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से भर जाता है। कालिदास के मेघदूत जब लंबी यात्रा पर निकले थे, तब उन्होंने अपनी थकान मिटाने के लिए अमरकंटक को ही अपना पड़ाव बनाया था। कवि कालिदास ने 'मेघदूत' में लिखा है कि रामगिरि पर कुछ देर रुकने के बाद तुम (मेघदूत) आम्रकूट (अमरकंटक) पर्वत जाकर रुकना। अमरकंटक ऊंचे शिखरों वाला पर्वत है। वह अपने ऊंचे शिखर पर ही तुम्हारा स्वागत करेगा। मार्ग में जंगलों में लगी आग को तुमने बुझाया होगा, इसलिए तुम थक गए होगे। एक छोटे से छोटा व्यक्ति भी उसका स्वागत करता है, जिसने कभी उसके साथ उपकार किया था। फिर अमरकंटक जैसों की क्या बात कहना, जो स्वयं इतना महान है। जब महान कवि कालिदास अपने मेघदूत को अमरकंटक में ठहरने के लिए कह रहे हैं, तब मेरा यही सुझाव है कि हमें भी कुछ दिन अमरकंटक में गुजारने चाहिए।

## पर्यटन



# भारत की चार सबसे खूबसूरत 'ट्रेन यात्रा'

आप चाहें कितना भी प्लेन में सफर कर लें या फिर रोड ट्रिप पर चले जाएं, मगर जो मजा ट्रेन के सफर में मिलता है उसका कोई जवाब नहीं। यूं तो आप जब चाहें ट्रेन का सफर करें मगर जो मजा बचपन में गर्मियों की छुट्टियों के दौरान ट्रेन में बैठकर नानी-दादी के घर जाने में आता था, उसकी कोई तुलना नहीं है। ऐसा भी हो सकता है कि आप में से कुछ लोगों ने कभी ट्रेन का सफर न किया हो। मगर आज हम आपको ट्रेन के उन रुट्स के बारे में बताएंगे, जिनके बारे में पता चलने के बाद आप भी ट्रेन का सफर किये बगैर खुद को नहीं रोक पाएंगे। द-दार्जिलिंग हिमालयन रेलः द-दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे एक ट्रेन का नाम है। जिसे खासतौर पर पहाड़ों का सफर करने के शौकीन लोगों के लिए बनाया गया है। यह ट्रेन न केवल आपको पहाड़ों की सैर करवाती है बल्कि पूरे दार्जलिंग की खूबसूरत नजारे देखने में आपकी मदद करती है। आज भी यह ट्रेन कोयले की मदद से चलती है। ट्रेन की खास बात आपको दार्जलिंग घूमाते-घूमाते वहां के बाजारों में भी लेकर जाती है। तो अगर इस बार छुट्टियों में घूमने के लिए दार्जलिंग जाएं तो द-दार्जिलिंग हिमालयन रेल का सफर करना न भूलें। आईलैंड एक्सप्रेसः कोच्चि की रेलवे लाइन पर दौड़ने वाली आईलैंड एक्सप्रेस एक छोटी सी रेल यात्रा है, जो आपको गहरे घने पहाड़ों के बीच लेजाकर कुदरती नजारों को अपनी आंखों से देखने का अवसर प्रदान करती है। इस यात्रा के दौरान रास्ते में कोई द्वीप नहीं आता है। इस ट्रेन का नाम आईलैंड एक्सप्रेस इसलिए रखा गया क्योंकि 1970 के मध्य में यह रेल यात्रा कोच्चि के वेलिंगटन द्वीप मे स्थित कोचीन बंदरगाह टर्मिनस स्टेशन पर समाप्त होती थी। इस वजह से इसे तब से आईलैंड एक्सप्रेस के नाम से जाना जाता है। सी ब्रिज ट्रेनः आपको हैरान कर देने वाली रोमांच से भरी सी-ब्रिज ट्रेन पांबन-रामेश्वर जिले की पटरियों पर दौड़ती है। 143 खंभों वाले दो कि.मी. लंबे पुल पर जब यह ट्रन गुजरती है तो एक बार तो सबकी सांसे अटक सी जाती है। मगर जो लोग एंडवेचर के शौकीन हैं उनके लिए इस ट्रेन का सफर हमेशा यादगार रहेगा। जन्नत वाली ट्रेन : कश्मीर की हसीन वादियां, बर्फ से ढके पहाड़ और चिनार के पेड़ों के बीच से जब ये ट्रेन गुजरती है तो ऐसा लगता है बस सफर वहीं थम जाए। खास बात ये है कि इस ट्रेन में आपको खासतौर पर कश्मीर के फ़ेमस क्यूजीन चखने को मिलेंगे। इस ट्रेन की और बहुत सी खास बातें हैं, जैसे आप इस यात्रा का सफर 4 दिन और 3 रातों तक कर सकते हैं।

# डीएसपी ने प्रकाश पर्व पर दिया स्नेह और सौहार्द का संदेश, कुरीतियों से दूर रहने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। दीपावली जैसे प्रकाश पर्व को स्नेह, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक बताते हुए पुलिस उपाधीक्षक सुश्री गरिमा पंत ने लोगों से अपील की कि त्योहार की पवित्रता बनाए रखें और कुरीतियों से दूर रहें। मीडिया से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि कुछ लोग परम्परा का हवाला देकर जुआ जैसी सामाजिक बुराई को दीपावली पर्व का हिस्सा बना चुके हैं, जो न केवल गलत परंपरा है, बल्कि कानूनी एवं नैतिक रूप से भी अपराध की श्रेणी में आता है।

डीएसपी सुश्री गरिमा पंत ने बताया कि जुआ जैसी प्रवृत्तियां न केवल परिवारों में कलह का कारण बनती हैं, बल्कि समाज की मूल संरचना को भी कमजोर करती हैं। कई बार छोटे-छोटे मनोरंजन के नाम पर शुरू हुआ यह गलत चलन आर्थिक नुकसान, घरेलू विवाद और आपराधिक गतिविधियों का रूप ले लेता है। ऐसे में समाज को समझना होगा कि त्यौहार का उद्देश्य खुशियां बांटना है न कि जोखिम भरे खेलों में धन और समय गंवाना।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि दीपावली पर्व के दौरान जुआ या इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना मिली, तो पुलिस तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करेगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों की मर्यादा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। अंत में उन्होंने नागरिकों से अपील की कि दीपावली को सच्चे अर्थों में प्रकाश का पर्व बनाएं – दीप जलाएं, जरूरतमंदों की मदद करें, परिवार और समाज में प्रेम का संदेश फैलाएं और उन सब कुरीतियों से दूरी बनाएं जो हमारी संस्कृति और सभ्यता को आघात पहुंचाती हैं।

# शासकीय धन का दुरूपयोग कर प्रशासन को गुमराह करने वाले सिल्हौर प्रधान के प्रशासनिक एवम वित्तीय अधिकार सीज

**जिला मजिस्ट्रेट की कार्यवाही से सगे सम्बन्धियो के खाते में पैसे भेजने वाले प्रधानो में मचा हड़कम्प**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामसनेहीघाट बाराबंकी। बनीकोडर ब्लॉक अंतर्गत सिल्हौर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान द्वारा भाई के खाते में पैसे भेजने के मामले में जांच के बाद अनियमितता सिद्ध मिलने के पर जिला मजिस्ट्रेट ने ग्राम प्रधान प्रसासनिक एवम वित्तीय अधिकार सीज कर दिया है। डीयम के इस कार्यवाही से उन ग्राम प्रधानो में हड़कम्प मचा हुआ है, जिन्होने अपने सगे सम्बन्धियो के खाते में शासकीय धन भेजा है। बताते चले की बनीकोडर ब्लाक के सिल्हौर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान जवाहर लाल तिवारी ने गाव में विकास कार्य का पैसा अपने निकटतम परिजन के खाते में भेज दिया था, यह जानकारी होने पर गाव के ही शिकायतकर्ता अजीत कुमार व अमरनाथ ने उच्चाधिकारियों को शपथपत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी, जिसके बाद डीएम ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग से मामले कि जांच कराई तो अनियमितता की पुष्टि हुई जिसके बाद ग्राम प्रधान को नोटिस भेज कर अपना पक्ष रखने का समय दिया गया था, प्रकरण का खुलासा होने पर इस मामले में ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम निधि में पैसा जमा करने का स्पष्टीकरण दिया गया, स्पष्टीकरण भ्रामक व गुमराह करने वाला रहा जिससे असंतुष्ट होकर जिला मजिस्ट्रेट ने सिल्हौर प्रधान का वित्तीय एवम प्रसासनिक अधिकार सीज कर दिया, साथ ही यह भी निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में अन्य कार्यवाही भी सुनिश्चित हो।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत निंदूरा ब्लॉक में क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निंदूरा बाराबंकी। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को परिषदीय छात्रों की ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कम्पोजिट विद्यालय कुर्सी में किया गया। प्रतियोगिता का संचालन खण्ड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर के नेतृत्व में हुआ। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक के उच्च प्राथमिक स्तर की कक्षाओं के 179 छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस अभियान का उद्देश्य उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को प्रोत्साहन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास, प्रयोगात्मक अवसर प्रदान करना तथा विज्ञान, गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाना है।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन क्रमशः विद्यालय, विकासखण्ड और जनपद स्तर पर किया जाता है। जनपद स्तर पर चयनित 100 छात्रों को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एक्सपोज़र विजिट कराई जाएगी तथा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई । प्रथम चरण में छात्रों को 45 मिनट में 25 बहुविकल्पीय प्रश्न हल करने थे, जिसमें 29 छात्रों का चयन हुआ। द्वितीय चरण में चयनित छात्रों ने 10 लिखित प्रश्नों के उत्तर दिए, जिनके परिणामस्वरूप पांच छात्रों का चयन जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

# मृतक प्रमाण पत्र के एवज में महिला पंचायत सचिव ने मांगे बीस हजार रुपये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत के गौरा बारामऊ में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अंतिमा पाठक के ऊपर मृतक प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में 20000 रुपए मांगने का आरोप लगाया गया है। पूरा मामला विकास खन्ड बल्दीराय की ग्राम पंचायत गौरा बरामऊ का है गांव निवासी मुस्ताक अहमद ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके पिता सलीम की मृत्यु दिनांक 15/08/23 को हो चुकी है उसकी माता मरियम खातून ने मृत्यु प्रमाण बनवाने के लिए उप जिलाधिकारी के यहां आवेदन किया था। तहसील पटल से उक्त आवेदन जब अग्रिम कार्यवाही हेतु ब्लाक के पटल पर गया तो वहां पंचायत सचिव अंतिमा पाठक ने अपने आऊटसाइडर के माध्यम से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में बीस हजार रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता मुस्ताक अहमद ने बताया जब इतना पैसा देने से इंकार किया तो पंचायत सचिव का आउट साइडर ललित ने जब तक पूरा पैसा नही दोगे तब तक प्रमाण पत्र जारी नही होगा। मुस्ताक अहमद ने इसकी शिकायत उप जिलाधिकारी बल्दीराय से की है । पंचायत सचिव अंतिमा पाठक का कहना है कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाया गया पैसा मांगने का आरोप पूरी तरह झूठा और निराधार है। इस बाबत उपजिलाधिकारी बल्दीराय प्रवीण कुमार ने बताया कि शिकायत को तुरंत संज्ञान में लेकर जांच खंड विकास अधिकारी बल्दीराय को कार्यवाही के लिए सौंपी गई है। जांच में दोषी पाए जाने पर कार्यवाही होगी।

## सगे चाचा की हत्या के आरोपी भतीजे को आजीवन कारावास,76 हजार रूपये अर्थ दण्ड

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास तथा 76 हजार रूपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया। जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता अरविन्द राजपूत ने बताया कि थाना जैदपुर के ग्राम बलचट निवासी वादी भागीरथ गौतम पुत्र मिश्री लाल ने 18 नवंबर 2018 को उसके चाचा पुरई ने अपना तीन बीघा खेत वादी के सगे भाई प्रकाश को बटाई पर दे रखा था। घटना के दिन सुबह आठ बजे के करीब वादी के चाचा पुराई अपने बटाई के खेत का अनाज प्रकाश से मांगा इसपर विवाद कर प्रकाश ने पुराई पर फावड़े से प्रहार कर दिया था जिससे पुराई की मौके पर मौत हो गई थी।पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपी को भा द स की धारा 302/323 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया था। न्यायालय ने सुनवाई पूरी कर आरोपी को दोषी करार देकर आजीवन कारावास तथा 76 हजार रूपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया।

## विशेष स्वच्छता अभियान चलकर की गई सफाई

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम के अघहरड़ सरोवर पर शुक्रवार को बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।यह अभियान एसडीएम गुंजिता अग्रवाल के निर्देश पर नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी की देखरेख में संपन्न हुआ।विकासखंड सूरतगंज के सफाई कर्मियों ने सरोवर की सीढ़ियों और घाटों की सफाई की।अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को धनतेरस के अवसर पर दीपदान कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें सरोवर की सीढ़ियों पर 5100 दीप जलाए जाएंगे। कार्यक्रम में एसडीएम गुंजिता अग्रवाल दीप प्रज्ज्वलित करेंगी। यह आयोजन स्वच्छता और धार्मिक जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।17 नवंबर से महादेवा महोत्सव का शुभारंभ होगा जिसकी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।इस मौके पर ग्राम प्रधान राजन तिवारी ग्राम पंचायत अधिकारी चंद्रशेखर गुप्ता और सूरतगंज ब्लॉक के अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बार चुनाव को लेकर उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील बार एसोसिएशन चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।एल्डर्स कमेटी को प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी के नामांकन पत्र सौंपे। अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पदों पर दो-दो फॉर्म बिके थे, जिनमें से पहले दिन इन सभी पदों पर नामांकन पत्र जमा हो गए।चुनाव प्रक्रिया पर्चा बिक्री के साथ गुरुवार को ही शुरू हो गई थी। अंतिम दिन तक अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष सहित तीन पदों पर दो-दो प्रत्याशियों ने पर्चे खरीदे थे, जबकि अन्य पदों पर केवल एक-एक प्रत्याशी ने ही नामांकन पत्र लिया था।अध्यक्ष पद के लिए रामप्रसाद वर्मा और काशी प्रसाद द्विवेदी ने पर्चा जमा किया । कोषाध्यक्ष पद के लिए रमाकांत वर्मा और उपेंद्र यादव ने नामांकन पत्र जमा किया, जबकि महामंत्री पद पर राम हृदय यादव और राणा प्रताप सिंह ने पर्चा जमा किया।चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 15 और 16 अक्टूबर को पर्चा बिक्री हुई थी। 17 और 18 अक्टूबर को नामांकन दाखिल किए जाएंगे। पर्चों की जांच और वापसी 24 अक्टूबर को होगी, जबकि मतदान 28 अक्टूबर को कराया जाएगा।इन तीन प्रमुख पदों (अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष) पर चुनाव होने की संभावना है। अन्य पदों पर प्रत्याशियों का निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है।

## मिट्टी के दीयों से जगमगाएंगी दीपावली, चाक पर दिन-रात जुटे कुम्हार

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। दीपावली पर्व नजदीक आते ही कुम्हार समाज के घरों में चाक की आवाज़ गूंजने लगी है। मिट्टी के दीयों की बढ़ती मांग के बीच सैदनपुर, औरेला, पंजरौली सहित क्षेत्र के कई गांवों में कारीगर दिन-रात दीये और अन्य मिट्टी के बर्तन तैयार करने में जुटे हैं। कुम्हार समुदाय के कारीगर छोटू, सर्वजीत, तिलक राम और केशव राम बताते हैं कि पहले वे हाथ से चलने वाली चाक का उपयोग करते थे, जिससे सीमित संख्या में ही उत्पादन हो पाता था। अब इलेक्ट्रिक चाक के प्रयोग से काम में तेजी आई है। यह चाक सोलर पैनल, बैटरी और बिजली से आसानी से चल जाती है, जिससे कम समय में अधिक दीये बनाए जा रहे हैं।कारीगरों के अनुसार अच्छी मिट्टी की तलाश सबसे कठिन काम है, क्योंकि उपयुक्त मिट्टी मिलने पर ही दीये मजबूत और आकर्षक बन पाते हैं। दीपावली पर एक सैकड़ा दीये 70 से 80 रुपये तक बिक रहे हैं। दीयों के साथ-साथ कुल्हड़, गुल्लक, मटकी, गगरी, भुरका, मथना, मलिया, हाथी और छठ पर्व के लिए कोशी सहित कई प्रकार के साज-सज्जा और पूजा उपयोगी बर्तन तैयार किए जा रहे हैं।

# डीएम ने की चकबंदी कार्यों की समीक्षा,चकबन्दी कार्यो एवं वादों का ससमय निस्तारण के निर्देश

**चकबन्दी गतिमान गांवों की धरावार प्रगति का लिया ब्यौरा**

**डीएम ने चकबंदी प्रक्रिया की सभी धाराओं में प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश**

**पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी, शुक्रवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में उप संचालक चकबंदी (डीडीसी) सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में संचालित चकबंदी कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने चकबन्दी गतिमान ग्रामों की धरावार प्रगति की जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य मिशन मोड में संचालित कर समयबद्ध रूप से पूर्ण कराए जाएँ। उन्होंने कहा कि कार्य की प्रत्येक अवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो ताकि कास्तकारों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने भदरास, मवइया, रसूलपुर और कान्हीपुर गांवों में चल रहे कार्यों की प्रगति पर जानकारी ली और उसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सहावर, बिजौली, डिंगरी और बच्छराजमऊ गांवों में की जा रही गतिविधियों पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने लंबित आपत्तियों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। इसी प्रकार लाही, बबुआपुर, ओदार, जासेपुर,सलेमाबाद सहित अन्य ग्रामों में प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को तेज गति से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने पुराने मुकदमों के निस्तारण पर विशेष बल देते हुए कहा कि चकबंदी से जुड़े पुराने मुकदमों का मेरिट के आधार पर शीघ्र और प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक चकबंदी अधिकारी द्वारा निस्तारित मुकदमों की प्रगति देखी।

**चकबन्दी गतिमान गांवों की धरावार प्रगति का लिया ब्यौरा**

बैठक में बताया गया कि जनपद के कुल 41 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया गतिमान है जिसमें धारा-7 में 09 ग्राम, धारा-8 में 07 ग्राम, धारा-9 में 02 ग्राम, धारा-10 में 05 ग्राम, धारा-20 में 08 ग्राम, धारा-24 में 02 ग्राम, धारा-27 में 60 ग्राम व धारा-52 में 1 ग्राम लंबित है। जिलाधिकारी ने सभी धाराओं में प्रगति बढ़ाते हुए इस वित्तीय वर्ष में कुल लक्षित गांव की चकबंदी पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी (एसओसी) श्री संजय कुमार विश्वास, चकबंदी अधिकारी बी.के. मिश्रा, सुरेश कुमार शर्मा एवं सहायक चकबंदी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# देवा मेला का भव्य समापन : आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उमड़ा उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**इको-फ्रेंडली आतिशबाजी और मेगा लेजर-शो से सजी मेले की शाम**

**स्कूली बच्चों की प्रस्तुति और उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित कर यादगार बनाया अंतिम दिन**



बाराबंकी। सूफी संत सैय्यद हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली शाह की स्मृति में आयोजित दस दिवसीय देवा मेला 2025 का शुक्रवार शाम को रंग-बिरंगी आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य समापन हुआ। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की धर्मपत्नी श्रीमती संपदा विजयवर्गीय ने तमाशे की बत्ती जलाकर इको-फ्रेंडली आतिशबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरा आसमान जगमगा उठा और दर्शक आतिशबाजी का आनंद लेते हुए एकटक निहारते रहे।

समापन समारोह से पहले, मुख्य अतिथि श्रीमती संपदा विजयवर्गीय ने दीप प्रज्ज्वलित कर देवा मेला 2025 की स्मारिका का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने मेला आयोजन की पूरी टीम का आभार जताया और कहा कि देवा मेला 2025 को सफल बनाने में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने मेला समिति सहित सभी अधिकारियों को प्रोत्साहित किया और कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सौहार्द और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है । डीएम श्री शशांक त्रिपाठी ने अपने संदेश में कहा कि देवा मेला केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि कौमी एकता का प्रतीक है। उन्होंने मेला आयोजन को जनपद की सांस्कृतिक धरोहर बताया और इसे सहेजने तथा आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसी तरह पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय व कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उनकी पत्नी श्रीमती संपदा विजयवर्गीय ने भी मेला आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। देवा मेला 2025 में जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें मुख्य अतिथि श्रीमती संपदा विजयवर्गीय, जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मेला सचिव/अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह ने संक्षिप्त आख्या प्रस्तुत करते हुए मेले को सफल बनाने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में मेगा लेजर-शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लेजर लाइटों में सूफी संत के जीवन और उनके संदेश का दृश्य प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी मेले को और आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) राज कुमार सिंह, उपजिलाधिकारीगण और देवा मेला समिति के सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे। इस तरह देवा मेला 2025 ने अपने दस दिवसीय उत्सव को यादगार, मनोरंजक और सामाजिक सौहार्द एवं कौमी एकता का प्रतीक बनाते हुए सम्पन्न हुआ। देवा मेला 2025 में, 09 आतिशबाजों के बीच आतिशबाजी की जबरदस्त प्रतियोगिता हुई। निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेता को पुरुस्कार के साथ मोमेंटो देकर सम्मानित किया। शेष आतिशबाजों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम श्रृंखला को दर्शकों ने खूब सराहा

**देवा मेला के अंतिम दिन स्कूली बच्चों ने प्रस्तुति किये मनमोहक कार्यक्रम**

बाराबंकी, शुक्रवार को देवा मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम श्रृंखला की शुरुआत नोडल/ जीजीआईसी देवा की प्रिंसिपल डॉ सुविद्या वत्स और खंड शिक्षा अधिकारी देवा, सुनील कुमार गौड ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पहली प्रस्तुति कंपोजिट विद्यालय सरसौंदी के बच्चों ने गणेश वंदना, श्री गणेशा देवा, की प्रस्तुति देकर की। इसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय देवा की छात्राओं ने ''शिव तांडव'' नृत्य की मोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद यूपीएस धौरमऊ की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य ''सांवरिया'' की प्रस्तुति दी। प्राथमिक विद्यालय पड़रियाडीह के बच्चों ने लोकनृत्य प्रस्तुत किया। यूपीएस धौरमऊ के बच्चों ने, ''अबके बरस'' गीत की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राथमिक विद्यालय माधौपुर के बच्चों ने सोशल मीडिया पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर इसके सदुपयोग और दुरुपयोग की तरफ ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद यूपीएस धौरमऊ की छात्राओं ने, ''मेरी सास के पांच पुत्तर थे'' पर नाटिका प्रस्तुत किया। इसके बाद ओम दिव्य ज्योति के बच्चों ने ''रंगीलो मारो ढोलना'' पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने, ''ओ देश मेरे'' देशभक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# न्यूजीलैंड की विश्व कप सेमीफाइनल की राह मुश्किल करने उतरेगा पाकिस्तान

एजेंसी

कोलंबो। अंतिम चार में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी पाकिस्तान की टीम शनिवार को आईसीसी महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें विरोधी टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फ़ेरने पर टिकी होंगी। पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच बारिश के कारण धुल जाने के कारण गंवाए गए मौकों का मलाल होगा। पाकिस्तान ने बारिश से बाधित 31 ओवर के मैच में इंग्लैंड को नौ विकेट पर 133 रन पर रोका और फिर 113 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए 6.4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 34 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बारिश के कारण मैच को अंततः रद्द करना पड़ा। बारिश के कारण पाकिस्तान की जीत की संभावना खत्म हो गई और वह चार मैच में तीन हार और एक बेनतीजा मैच के साथ अंक तालिका में सबसे









निचले पायदान पर है। वर्ष 2000 का चैंपियन न्यूजीलैंड तीन मैच में तीन अंक के साथ शीर्ष चार से बाहर है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो मैच गंवाने के बाद न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत के साथ वापसी की। हालांकि टीम का श्रीलंका के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। भारत और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमशः 23 और 26 अक्टूबर को होने वाले कड़े मुकाबलों को देखते हुए न्यूजीलैंड की टीम सेमीफाइनल की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए पाकिस्तान को हराना चाहेगी। पाकिस्तान ने गेंदबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है जिसमें कप्तान फातिमा सना ने इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट लेकर आक्रमण की अगुवाई की। बाएं हाथ की स्पिनर सादिया इकबाल ने भी दो विकेट लेकर बारिश के खलल पड़ने से पहले अपनी टीम को नियंत्रण में रखा। पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाजी क्रम को रोकने के लिए गेंदबाजी में एक और ऑलराउंड प्रयास की जरूरत होगी। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन पारियों में 86.66 की औसत से रन बनाए हैं। ब्रुक हॉलिडे की दमदार पारी के साथ उनकी संयमित पारी ने न्यूजीलैंड को बांग्लादेश के खिलाफ वापसी दिलाने में मदद की थी। हालांकि शीर्ष क्रम में निरंतरता की कमी चिंता का विषय बनी हुई है। अनुभवी सूजी बेट्स, जॉर्जिया प्लिमर और अमेलिया केर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में जूझ रही हैं जिससे डिवाइन पर पारी को संभालने का अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। न्यूजीलैंड की गेंदबाजी में स्थिरता रही है। डिवाइन (54 रन पर तीन विकेट) और ब्री इलिंग (39 रन पर दो विकेट) ने अपने पिछले मैच में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। लेकिन दोनों टीम की बल्लेबाजों को खराब मौसम के कारण अपने पिछले मुकाबलों में मैदान पर अधिक समय बिताने का मौका नहीं मिला और अगर हालात सही रहे तो वे इसका पूरा फ़ायदा उठाना चाहेंगे। बारिश बड़ा मुद्दा बनी हुई है।

# भारत-पाकिस्तान विश्व कप मुकाबले ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, बना महिला क्रिकेट इतिहास का सबसे ज़्यादा देखा गया अंतरराष्ट्रीय मैच

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच 5 अक्टूबर को खेले गए महिला वनडे विश्व कप मुकाबले ने दर्शक संख्या के सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, इस मैच ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 28.4 मिलियन की पहुंच और 1.87 अरब मिनट के व्यूइंग टाइम के साथ महिला क्रिकेट इतिहास का सबसे ज़्यादा देखा गया अंतरराष्ट्रीय मैच बन गया है। आईसीसी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि यह मुकाबला दर्शक संख्या के लिहाज़ से टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच रहा। वहीं, लीग चरण के पहले हिस्से में भी दर्शकों की संख्या में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि देखने को मिली है। भारत-पाकिस्तान मैच टीवी पर भी विश्व कप इतिहास का सबसे ज्यादा रेटिंग वाला लीग मैच बन गया है। टूर्नामेंट के पहले 11 मैचों ने कुल 72 मिलियन दर्शकों तक पहुंच बनाई, जो पिछली बार की तुलना में



166% अधिक है। इसके साथ ही, व्यूइंग मिनट्स में 327% की वृद्धि दर्ज की गई और यह आंकड़ा 6.3 अरब मिनट तक पहुंच गया। स्टेडियम में दर्शकों की उपस्थिति भी उत्साहजनक रही है। भारत में भारतीय टीम के मैचों और श्रीलंका में श्रीलंका के मैचों में बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। हालांकि, अन्य टीमों के मुकाबलों में दर्शक संख्या अपेक्षाकृत कम रही। कोलंबो में जब भारत या श्रीलंका नहीं खेल रहे होते हैं तो दर्शक संख्या हजारों में रही है। मौसम ने भी उपस्थिति को प्रभावित किया है। आईसीसी और जियोहॉटस्टार के संयुक्त आंकड़ों के मुताबिक, टूर्नामेंट के पहले 13 मैचों तक 60 मिलियन से अधिक दर्शक पहुंचे, जो 2022 संस्करण की तुलना में पांच गुना अधिक है। वहीं कुल वॉच टाइम 7 अरब मिनट तक पहुंच गया, जो पिछले टूर्नामेंट से 12 गुना अधिक है। 12 अक्टूबर को भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के मुकाबले में 4.8 मिलियन पीक समकालिक दर्शक दर्ज किए गए, जो महिला क्रिकेट के इतिहास में एक और नया रिकॉर्ड है।

# संक्षिप्त समाचार

## ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट क्रिकेटर निक मैडिन्सन ने कैंसर से जूझने का खुलासा किया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट क्रिकेटर निक मैडिन्सन ने खुलासा किया है कि इस साल की शुरुआत में वृषण (टेस्टिकुलर) कैंसर का पता चलने के बाद उन्होंने कीमोथेरेपी करवाई थी लेकिन अब वे अपना करियर फिर से शुरू करने के लिए पूरी तरह से स्वस्थ हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टेस्ट और छह एकदिवसीय मैच खेलने वाले इस 33 साल के खिलाड़ी ने बताया कि उन्हें इस साल मार्च में न्यू साउथ वेल्स टीम से बाहर होना पड़ा था। उन्हें इसके बाद इस चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' ने मैडिन्सन के हवाले से लिखा, ''जब मुझे पता चला कि मुझे कीमोथेरेपी करवानी है, तो इससे निपटना मेरे लिए काफी मुश्किल था। यह मेरे पेट के 'लिम्फ नोड्स' और फ़ेफड़ों के कुछ हिस्सों में फैल गया था। यह मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण दौर था। आईपीएल 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए तीन मैच खेलने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, '' दूसरे या तीसरे सप्ताह तक मेरे सारे बाल झड़ गए। मैं अब काफी सामान्य महसूस कर रहा था। मैं इसके दुष्प्रभावों से निपटने के लिए तरह-तरह के स्टेरॉयड (दवा) ले रहा था, लेकिन इससे मैं रात भर सो नहीं पता था। उन्होंने कहा, ''मैं लगभग एक बजे तक सोता था, लेकिन कभी-कभी मैं सुबह छह बजे तक जागा रहता था। मुझे यह मुश्किल लग रहा था। मैं बहुत थक गया था और मुझे ऐसा लग रहा था जैसे मुझे चौबीसों घंटे सोना ही है। ये नौ सप्ताह मेरे लिए काफी मुश्किल भरे रहे थे। कीमोथेरेपी से हालांकि मैडिन्सन को काफी फायदा हुआ और वह अपनी क्रिकेट यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने बृहस्पतिवार को न्यू साउथ वेल्स टीम के साथियों के साथ मैदान पर अभ्यास शुरू किया। उन्होंने कहा, '' मुझे यह जानकर बहुत डर लगा कि कम उम्र में ही मैं इस बीमारी की चपेट में आ गया और फिर यह मेरे शरीर के दूसरे हिस्सों में फैल गई। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि अगर आपको किसी बात की चिंता है, तो उसकी जांच करवाना बहुत जरूरी है।

## नाओमी ओसाका ने चोट के कारण जापान ओपन क्वार्टर फाइनल से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली।** नाओमी ओसाका ने बाएं पैर में चोट के कारण शुक्रवार को जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल मैच से अपना नाम वापस ले लिया है। डब्ल्यूटीए टूर की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि मैच से पहले ओसाका के हटने के परिणामस्वरूप जैकलीन क्रिस्टियन वॉकओवर के आधार पर सेमीफाइनल में पहुंच गईं हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि शीर्ष वरीयता प्राप्त ओसाका दूसरे दौर के मैच के अंत में लगी चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाई हैं। क्रिस्टियन का इस साल का यह तीसरा सेमीफाइनल होगा और क्ले कोर्ट के अलावा किसी अन्य सतह पर उनका यह पहला सेमीफाइनल होगा। चोट लगने से पहले ओसाका ने वाकाना सोनोबे और 2024 चैंपियन सुजान लामेंस पर जीत हासिल की थी। लामेंस के साथ पहले दो सेट बराबर करने के बाद ओसाका ने तीसरे सेट में 5-0 की बढ़त बना ली, लेकिन लामेंस के 0-5 और 30-15 के स्कोर पर सर्विस करते समय ओसाका के बाएं पैर में चोट लग गई। लामेंस का बैकहैंड वाइड चला गया, लेकिन अगले पॉइंट के बाद उन्होंने मेडिकल टाइमआउट का अनुरोध किया, जिसके बाद ओसाका ने पॉइंट जीत लिया। चार बार की प्रमुख विजेता ओसाका अपनी बाईं जांघ में चोट और गतिशीलता में कमी के साथ कोर्ट पर लौटीं, लेकिन अपने तीसरे मैच पॉइंट पर मैच जीतने में सफल रहीं। ओसाका सितंबर के अंत में चाइना ओपन के दूसरे दौर में और पिछले हफ़्ते वुहान ओपन के भी दूसरे दौर में हार गईं थीं। शुक्रवार को जापान ओपन के एक अन्य क्वार्टर फ़ाइनल में, 2021 यूएस ओपन की फ़ाइनलिस्ट लेयला फ़र्नांडेज़ ने रेबेका स्रामकोवा को 7-6 (2), 6-3 से हराया।

## भारतीय डाक 24 घंटे, 48 घंटे में 'डिलीवरी' की गांरटी के साथ नई सेवाएं करेगा पेश

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय डाक 24 घंटे और 48 घंटे में 'डिलीवरी' की गांरटी के साथ डाक एवं पार्सल सेवा शुरू करेगा। मंत्री ने कहा कि जनवरी से 24 घंटे और 48 घंटे डाक वितरण तथा अगले दिन पार्सल वितरण शुरू हो जाएगा। सिंधिया ने कहा, '' हम डाक और पार्सल की डिलीवरी की गारंटी के साथ नई सेवाएं पेश करने जा रहे हैं। 24 घंटे की स्पीड पोस्ट सेवा होगी जो 24 घंटे के भीतर डाक की डिलीवरी सुनिश्चित करेगी। इसी तरह, 48 घंटे के भीतर डिलीवरी के लिए 48 घंटे की स्पीड पोस्ट सेवा होगी। उन्होंने कहा कि ये सेवाएं जनवरी में शुरू की जाएंगी। मंत्री ने कहा कि पार्सल की अगले दिन डिलीवरी के लिए भी ऐसी ही सेवाएं होंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि पार्सल अगले दिन डिलीवर हो जाए जबकि अभी इसमें तीन से पांच दिन लगते हैं। सिंधिया ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2029 तक भारतीय डाक को 'लागत केंद्र' से 'लाभ केंद्र' में तब्दील करना है।

## केनरा एचएसबीसी लाइफ का शेयर अपने निर्गम मूल्य से करीब पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नयी दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 106 रुपये से करीब पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर शेयर 106 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में, बीएसई पर यह 4.62 प्रतिशत चढ़कर 110.90 रुपये पर और एनएसई पर 4.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 111 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 10,488 करोड़ रुपये था। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत बुधवार को 2.29 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 2,517 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 100-106 रुपये प्रति शेयर था। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, केनरा बैंक द्वारा प्रवर्तित एक संयुक्त उद्यम है। इसमें केनरा बैंक की 51 प्रतिशत और एचएसबीसी समूह की एचएसबीसी इंश्योरेंस (एशिया पैसिफिक) होल्डिंग्स की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## एमईआईएल को कुवैत ऑयल कंपनी से मिली 22.5 करोड़ डॉलर की परियोजना

**हैदराबाद।** मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) ने कुवैत ऑयल कंपनी (केओसी) से 22.55 करोड़ अमेरिकी डॉलर की परियोजना हासिल की है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इसमें पश्चिमी कुवैत के तेल क्षेत्रों में एक नई 'गैस स्वीटनिंग' एवं 'सल्फर रिकवरी' सुविधा (एनजीएसएफ) के 'डिजाइन', निर्माण, संचालन और रखरखाव का काम शामिल है। एमईआईएल के निदेशक पी. दोराया ने कहा कि यह परियोजना कार्यान्वयन चरण और संचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) चरण में पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा, '' पश्चिम कुवैत में इस रणनीतिक गैस 'स्वीटनिंग' सुविधा के लिए कुवैत ऑयल कंपनी के साथ साझेदारी करके हमें गर्व महसूस हो रहा है।

# रोहित, कोहली की मौजूदगी में गिल को कप्तान के तौर पर बेहतर होने का मौका मिलेगा: अक्षर

एजेंसी

पर्थ। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारतीय वनडे टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी शुभमन गिल को एक कप्तान के तौर पर बेहतर होने में मदद करेगी। भारतीय टीम रविवार को तीन मैचों की श्रृंखला के पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। टीम के यहां पहुंचने के बाद दूसरे अभ्यास सत्र के बाद अक्षर ने कहा कि मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार भारत के लिए खेलने को तैयार रोहित और कोहली पहले की तरह ही चुस्त दिख रहे हैं। भारत ने रोहित की अगुवाई में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। इसके बावजूद गिल को इस दौरे पर वनडे टीम की कमान सौंपी गयी है। अक्षर ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड के साथ एक





संयुक्त बातचीत में कहा, ''गिल के लिए यह एकदम सही है। रोहित भाई और विराट भाई मौजूद हैं और इसके साथ ही वे कप्तान भी रहे हैं। इसलिए वे अपना योगदान भी दे सकते हैं। ऐसे में कप्तान के तौर पर गिल का अच्छा विकास होगा। उन्होंने कहा, ''गिल की कप्तानी में अब तक जो अच्छी बात रही है, वह यह है कि उन पर दबाव हावी नहीं हुआ है। रोहित और कोहली को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेले हुए काफी समय हो गया है लेकिन अक्षर ने कहा कि वह पहले की तरह ही फिट और चुस्त दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, ''वे दोनों विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। उनके फॉर्म (लय) के बारे में हमें शुरुआती वनडे मैच के बाद पता चलेगा। वे पेशेवर हैं, इसलिए उन्हें पता है कि क्या करना है। वे बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) में अभ्यास कर चुके हैं, इसलिए मुझे लगता है कि वे खेलने के लिए तैयार हैं। एक दशक पहले भारतीय खिलाड़ी के रूप में पहली बार ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाले इस हरफनमौला ने कहा, ''वे अभ्यास सत्र के दौरान अपने खेल और फिटनेस दोनों में बहुत अच्छे दिख रहे हैं। अक्षर सहित अधिकांश भारतीय क्रिकेटरों ने ऑस्ट्रेलिया में काफी क्रिकेट खेला है। ये खिलाड़ी परिस्थितियों को लेकर मानसिक रूप से सहज महसूस करते हैं। अक्षर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में बातचीत विपक्षी टीम के खिलाफ रणनीति बनाने पर ज्यादा केंद्रित होती है। हम पिचों की उछाल और प्रकृति के बारे में ज्यादा बातचीत नहीं करते है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि 2015 (ऑस्ट्रेलिया में उनका पहला दौरा) के बाद से काफी बदलाव हुए हैं। उस समय हमें ऑस्ट्रेलिया का ज्यादा अनुभव नहीं था ऐसे में हम पिचों, परिस्थितियों और उछाल के बारे में बात करते थे।

## हेड को रोहित और कोहली के 2027 एकदिवसीय विश्व कप में खेलने की उम्मीद

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को उम्मीद है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की सीमित ओवरों की महान जोड़ी 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप तक खेलती रहेगी। रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं और रविवार से शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला में सभी की निगाहें इन दोनों स्टार भारतीय बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल के साथ मीडिया से बात करते हुए हेड ने कहा कि वह रोहित और कोहली को दो साल बाद होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलते हुए देखना चाहेंगे, हालांकि आगामी श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया में उनकी आखिरी श्रृंखला होने की उम्मीद है। हेड ने कहा, ''दो स्तरीय खिलाड़ी, सफ़ेद गेंद के दो बेहतरीन खिलाड़ी। शायद विराट सफ़ेद गेंद का सबसे महान खिलाड़ी है। रोहित भी शायद बहुत पीछे नहीं हैं।''

# सरकार ने कृषि श्रृंखला की हर कड़ी को मजबूत करने की कई पहल की: सीतारमण

एजेंसी

रायचूर (कर्नाटक)। केंद्रीय वित्त एवं कार्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने देश के किसानों के लाभ के लिए कृषि श्रृंखला की हर कड़ी को मजबूत करने की कई पहल की हैं। इनमें कृषि उपजों का लाभदायक समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने से लेकर बीमा तथा कर्ज की सुविधाओं को विस्तार की पहल शामिल है। उन्होंने किसानों को अच्छी फसल के समय कृषि मंडियों में कीमतों में गिरावट के झटकों से बचाने के लिए इसके विभिन्न पहलुओं पर ध्यान रखने की जरूरत को रेखांकित किया है। वित्त मंत्री सीतारमण यहां रायचूर ज़िले में किसान प्रशिक्षण एवं सामान्य सुविधा केंद्र का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रही थीं। कार्यक्रम का आयोजन वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग ,नाबार्ड और सांसद क्षेत्रीय विकास योजना (एमपीलैड) ने मिल कर किया था। श्रीमती सीतारमण ने अपने एमपीलैड कोष से इस केंद्र को वित्तीय सहयोग दिया है। उन्होंने कहा ''सरकार ने हमारे किसानों के लाभ के लिए इस श्रृंखला की हर कड़ी - मूल्य समर्थन, बाज़ार, मिट्टी, पानी, जोखिम सुरक्षा और कार्यशील पूंजी - पर काम किया है। उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के माध्यम से आय सुरक्षा, ई-नाम प्लेटफॉर्म से मंडी सुविधा के विस्तार, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, फसल बीमा और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का विशेष रूप से उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने कहा कि अरहर का एमएसपी 2013-14 के 4,300 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2025-26 में 8,000 रुपये हो गया है जो 86 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसी तरह मूंग के एमएसपी में इस दौरान 95 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 4,500 से बढ़कर लगभग 8,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है, उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य 81 प्रतिशत बढ़कर 4,300 से 7,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। सामान्य किस्म के धान का एमएसपी भी 1,310 प्रति क्विंटल की तुलना में बढ़कर 2,369 तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि ई-नाम प्लेटफॉर्म पर आज 1,473 मंडियाँ जुड़ी हैं, जिनमें 1.79 करोड़ किसान, 2.59 लाख व्यापारियों ने 4.01 लाख करोड़ रुपये का का रिकॉर्ड व्यापार किया है। श्रीमती सीतारमण ने कहा '' हमने उत्पादन का आधार मज़बूत किया है। 24.74 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गये हैं और 8,272 परीक्षण प्रयोगशालाएँ स्थापित की हैं और राज्यों को 1,700 करोड़ से रुपये अधिक की राशि जारी की गयी है।'' प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत, 2021-26 की अवधि के लिए सभी राज्यों को 93,000 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित की गयी है।

# भारत का रूसी तेल आयात पिछली तिमाही में गिरावट के बाद अक्टूबर में बढ़ा

नयी दिल्ली। रूस से भारत का कच्चा तेल आयात अक्टूबर के पहले पखवाड़े में मजबूत हुआ, जिससे जुलाई-सितंबर के दौरान आवक में तीन महीने की गिरावट थम गई। जहाजों की आवाजाही से जुड़े आंकड़ो से यह जानकारी मिली। त्योहारी मांग को पूरा करने के लिए रिफाइनरियां पूरी तरह से काम पर लौट आई हैं। रूस से आयात जून में 20 लाख बैरल प्रतिदिन से घटकर सितंबर में 16 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया था। अक्टूबर के आरंभ में हालांकि आंकड़ों से सुधार का संकेत मिलता है। भारत को यूराल और अन्य रूसी 'ग्रेड' के आयात में तेजी आई है जिसे पश्चिमी बाजारों में कमजोर मांग के बीच नए सिरे से छूट से समर्थन मिला है। वैश्विक व्यापार विश्लेषण कंपनी 'केप्लर' के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चला है कि अक्टूबर में आयात लगभग 18 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रहा, जो पिछले महीने की तुलना में लगभग 2,50,000 बीपीडी की वृद्धि है (हालांकि चालू महीने के आंकड़ों में संशोधन हो सकता है)। ये आंकड़े अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 15 अक्टूबर के उस बयान से पहले के हैं जिसमें उन्होंने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूसी कच्चे तेल के आयात को रोकने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी बातचीत की जानकारी नहीं है। केप्लर में प्रमुख शोध विश्लेषक (रिफाइनिंग एवं मॉडलिंग) सुमित रिटोलिया का मानना है कि ट्रंप का बयान किसी आसन्न नीतिगत बदलाव का प्रतिबिंब होने के बजाय व्यापार वार्ता से जुड़ी दबाव की रणनीति अधिक है। उन्होंने कहा, ''आर्थिक, संविदात्मक और रणनीतिक कारणों से रूसी तेल का भारत की ऊर्ज़ा प्रणाली में अहम स्थान है। भारतीय रिफाइनरियों ने भी कहा कि सरकार ने अभी तक उनसे रूसी तेल आयात बंद करने को नहीं कहा है। पारंपरिक रूप से पश्चिम एशियाई तेल पर निर्भर भारत ने फरवरी, 2022 में रूसी सेना के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद रूस से अपने आयात में उल्लेखनीय वृद्धि की।

# धनतेरस पर देशभर में 50 हजार करोड़ रुपये के सोना-चांदी के व्यापार का अनुमान

एजेंसी

नई दिल्ली। दीपावली के त्योहार पर इस वर्ष दिल्ली सहित देशभर के बाजारों में बड़ी धूमधाम है। ग्राहकों का लंबा तांता बाजारों की ओर रोज रूख कर रहा है। कारोबारी संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) तथा इसके ज्वेलरी विंग ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फ़ेडरेशन (एआईजेजीएफ) ने धनतेरस के अवसर पर देशभर में करीब 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के सोने-चांदी के व्यापार होने का अनुमान जताया है। कैट एवं एआईजेजीएफ ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि देशभर के सर्राफा बाजारों में किए गए धनतेरस सर्वेक्षण के अनुसार इस वर्ष धनतेरस पर सोने-चांदी के सिक्कों की बिक्री में जबरदस्त उछाल

**सोना और चांदी के बढ़े दामों का बाजार में असर नहीं, सिक्कों की भारी मांग**

देखने को मिल रहा है, जबकि स्वर्ण आभूषणों की बिक्री में कुछ गिरावट का अनुमान है। लंबे समय के बाद व्यापारियों और ग्राहकों के चेहरे पर खुशी की चमक देखने को मिल रही है। शनिवार को धनतेरस का त्योहार मनाया जा रहा है। इस दिन सोना चांदी, बर्तन और रसोई उपकरण को खरीदना शुभ माना जाता है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल और एआईजेजीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोरा ने बताया कि सोनाऽचांदी के



रिकॉर्ड ऊंचे दामों के चलते मध्यम और उच्च वर्ग के ग्राहक निवेश के रूप में अब ठोस सिक्कों को अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। ज्वैलरी की मांग में कमी दर्ज की जा रही है।

विवाह सीजन के खरीदार भी अब भारी आभूषणों की जगह हल्के गहनों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष दीपावली के दौरान सोने की कीमत करीब 80 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम थी, लेकिन इस वर्ष बढ़कर 1,30,000 रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर गई है, जो करीब 60 फीसदी की वृद्धि है। इसी प्रकार चांदी की कीमतें 2024 में 98 हजार रुपये प्रति किलोग्राम थीं, जो अब 1,80,000 रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई, इसमें लगभग 55 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इन बढ़ी कीमतों के चलते निवेशक बड़ी संख्या में सर्राफा बाजार की ओर आकर्षित हुए हैं। खंडेलवाल के अनुसार धनतेरस से दीपावली तक के त्योहारी सीजन में सबसे अधिक मांग बुलियन और सिक्कों की रहने की संभावना है। अरोरा ने बताया कि देशभर में करीब 5 लाख छोटे-बड़े ज्वैलर्स सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक ज्वैलर औसतन 50 ग्राम सोना बेचता है, तो कुल मिलाकर लगभग 25 टन सोने की बिक्री होगी, जिसकी मौजूदा भाव से अनुमानित कीमत 32,500 करोड़ होगी।

## एशिया में मांग बढ़ने से सोना 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है: रिपोर्ट

मुंबई। वैश्विक केंद्रीय बैंक की सतत खरीद, लगातार भू-राजनीतिक तनाव और मजबूत एशियाई मांग से विदेशी बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी जारी रहने और इसके 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने का अनुमान है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष अब तक रिटर्न के मामले में सोने से बेहतर प्रदर्शन करने वाली चांदी की कीमत के मजबूत औद्योगिक खपत एवं बढ़ती आपूर्ति घाटे से करीब 75 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने का अनुमान है। वर्ष 2025 में सोने की कीमत 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ी और 4,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई । इस वर्ष 35 से अधिक बार यह रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंची। सोने में तेजी वैश्विक अनिश्चितता, इस वर्ष के अंत में अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों और केंद्रीय बैंक के निरंतर संचय के मिश्रण से प्रेरित हैं।

# भारतीय सेना प्रमुख से मिले नेपाली सेना के उप प्रमुख, स्थायी संबंधों को सशक्त बनाने पर जोर

एजेंसी



नई दिल्ली। राजधानी में संयुक्त राष्ट्र मिशन में योगदान देने वाले देशों (यूएनटीसीसी) के सैन्य बलों के प्रमुखों के 14 से 16 अक्टूबर तक हुए सम्मेलन के बाद नेपाली सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप जंग केसी ने भारत के सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ शुक्रवार को यहां द्विपक्षीय बैठक की।

भारतीय सेना के मुख्यालय में हुई इस मुलाकात को लेकर नेपाली सेना ने काठमांडू मे एक वक्तव्य जारी किया जिसमें कहा गया कि इस बैठक में दोनों देशों की सेनाओं के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पेशेवर संबंधों को और आगे ले जाने को लेकर बातचीत हुई है। इस बैठक के दौरान भारत और नेपाली सेना के बीच स्थायी संबंध और मजबूत करने पर जोर दिया गया। दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों ने रक्षा सहयोग को मजबूत करने, संयुक्त प्रशिक्षण पहल को बढ़ाने और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सहयोग को गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान एक ऐसा क्षेत्र है, जहां दोनों देशों ने अपने योगदान के लिए वैश्विक सम्मान अर्जित किया है। जनरल द्विवेदी और लेफ्टिनेंट जनरल केसी ने नियमित संस्थागत आदान-प्रदान और रक्षा संवाद बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने दोनों पड़ोसी सेनाओं के बीच निरंतर सहयोग के माध्यम से परिचालन तालमेल और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया।

# अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी में बरेका मंडप ने बिखेरी तकनीकी नवाचार की आभा

जेंसी

नई दिल्ली। एशिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईईऽ2025) के 16वें संस्करण का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। 15 से 17 अक्टूबर तक चले इस तीन दिवसीय आयोजन में बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के तकनीकी कौशल, स्वदेशी नवाचारों और हरित समाधानों की अद्‌भुत प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया।

प्रदर्शनी के दौरान रेलवे बोर्ड (रेल मंत्रालय) के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार ने बरेका मंडप का विस्तृत अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित अत्याधुनिक लोकोमोटिव तकनीकों एवं उनमें प्रयुक्त होने वाले स्वदेशी उपकरणों की सराहना करते हुए कहा कि बरेका मंडप भारतीय रेल की तकनीकी आत्मनिर्भरता और नवाचार क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यहां प्रदर्शित अमृत भारत एवं एरोडायनेमिक लोको भारतीय रेलवे के स्वर्णिम भविष्य की झलक देती हैं।




इस अवसर पर बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने अध्यक्ष और सीईओ, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार को पुष्पगुच्छ प्रदान कर हार्दिक स्वागत किया और स्मृति स्वरूप लोको मॉडल भेंट भी किया।

सतीश कुमार ने 'अमृत भारत पुशऽपुल तकनीक, डब्ल्यूएजीऽ9, डब्ल्यूएपीऽ7, तथा बरेका द्वारा डिज़ाइन की गई ऐरोडायनेमिक डब्ल्यूएपीऽ7 लोकोमोटिव' का अवलोकन किया और इन्हें 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के अनुरूप भारतीय रेल की सतत प्रगति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि श्रीलंका, बांग्लादेश, मोज़ाम्बिक सहित 11 देशों को निर्यात किए गए इंजन भारत की वैश्विक तकनीकी विश्वसनीयता और बरेका की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा का जीवंत प्रमाण हैं।

बरेका मंडप के भीतर रनिंग एवं स्टेटिक लोको मॉडल तथा डिजिटल डिस्प्ले द्वारा लघु फिल्मों का इंटरएक्टिव प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बरेका की रेल परियोजनाओं और नवाचारों को इतने प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया कि आगंतुक अभिभूत हुए बिना नहीं रह सके।

बरेका महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने इस अवसर पर बरेका टीम की सराहना करते हुए कहा कि आईआरईईऽ2025 में बरेका मंडप ने तकनीकी उत्कृष्टता एवं श्रेष्ठ नवाचार को जिस सौंदर्य के साथ प्रस्तुत किया गया है, वह टीम भावना और समर्पण के प्रति हमारी अटूट निष्ठा का परिणाम है। बरेका मंडप में टीम बरेका ने अपने उपलब्धियों को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया गया है जिससे कि बरेका की तकनीकी उत्कृष्टता एवं श्रेष्ठ नवाचार की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और सुदृढ़ हुई है। बरेका मंडप में लोकोमोटिव के क्षेत्र में किए गए तकनीकी नवाचार क्रांति आए हुए आगंतुकों को बेहद प्रभावित किया है,जो हम सभी बरेका परिवार के लिए गर्व का अनुभूति कराता है।

# मप्र की राजधानी भोपाल के मॉडल स्कूल को एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में मिला प्रथम स्थान

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के टीटी नगर स्थित मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल ने एजुकेशन वर्ल्ड संस्था की ओर से जारी सरकारी स्कूलों के रैंकिंग में वर्ष 2025-26 में पहला स्थान प्राप्त किया है। मॉडल स्कूल को यह सम्मान स्टूडियो क्लास, इन्फ्रास्ट्रक्चर और साइकोलॉजी और अन्य विशेषताओं के कारण मिला है। नई दिल्ली में गुरुवार की रात आयोजित समारोह में केन्द्र सरकार के वित्तीय सलाहकार विनय प्रताप सिंह ने मॉडल स्कूल की प्राचार्य रेखा शर्मा को पुरस्कृत किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने शुक्रवार को बताया कि एजुकेशन वर्ल्ड शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए पोर्टल है, जो हर साल विश्व स्तरीय स्कूलों की रैंकिंग जारी करता है। इस रैंकिंग में मॉडल स्कूल ने पिछले परीक्षा परिणाम, सांस्कृतिक गतिविधियों, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षकों की उपलब्धता उनका आउटपुट, मेंटल और इमोशनल वैलबीइंग सेवाओं, खेल, अकादमिक गतिविधियों एवं अन्य आधारों पर की गई है। इन सभी क्षेत्रों में पूरे भारत से विद्यालय चयनित किए जाते हैं एवं उनके आधार पर निर्धारित मानकों में से अंक दिए जाते हैं स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर मार्किंग की जाती है। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टीटी नगर ने लगातार तीन वर्ष शासकीय क्षेत्र के विद्यालयों की कैटेगरी में अपना स्थान बनाया है। यह स्कूल प्रदेश का एकमात्र स्कूल बन गया है, जिसने शिक्षा की गुणवत्ता के आधारपर अपना स्थान बनाया है। सरकारी क्षेत्र का यह स्कूल हैट्रिक बनाने वाला मध्य प्रदेश का पहला स्कूल है। मॉडल स्कूल की प्राचार्य रेखा शर्मा ने बताया कि स्कूल में स्टूडियो क्लास शुरू की गई। इससे अन्य स्कूल वर्चुअली जुड़कर मॉडल स्कूल में जो लैक्चर होते हैं, उनका वे लाभ उठा रहे हैं। स्कूल में बनाई गई साइकालॉजी लैब में बच्चों का समय-समय पर टेस्ट होता है, इससे पता चलता है कि बच्चा पढ़ाई के बोझ के कारण किसी प्रकार के तनाव में तो नहीं है। उन्होंने बताया कि यह गौरव सभी सरकारी स्कूलों के लिये है। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिये माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के अधिकारियों और विद्यालय के संपूर्ण स्टाफ का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि मॉडल स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की भलाई के लिये और भी नवाचार किये जाते रहेंगे।

# रामायण के अध्यायों पर आधारित कलात्मक नज़ारे श्रद्धालुओं को करेंगे आकर्षित

एजेंसी

अयोध्या । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि दीपोत्सव 2025 केवल प्रकाश पर्व न होकर श्रद्धा, संस्कृति और डिजिटल अनुभव का ऐसा संगम बने जो विश्व को अयोध्या की नई पहचान दे। इसी कड़ी में अयोध्या धाम को और भव्य स्वरूप देने के लिए 20 विशेष ॡसेल्फी प्वाइंटॠ तैयार किए जा रहे हैं। ये सेल्फी प्वाइंट रामायण के विभिन्न अध्यायों पर आधारित होंगे और धर्मपथ, लता चौक, राम की पैड़ी तथा रामकथा पार्क सहित प्रमुख स्थलों पर स्थापित किए जा रहे हैं। हर सेल्फी प्वाइंट की थीम रामायण के किसी खास प्रसंग से जुड़ी होगी। इनमें सुमेरु पर्वत को लेकर उड़ते हुए हनुमान जी, भगवान श्रीराम को वर्षा से बचाने के लिए केले के पत्ते के नीचे खड़े हनुमान, श्रीराम और लक्ष्मण को कंधे पर लेकर उड़ते हनुमान, जटायु से वार्तालाप करते प्रभु श्रीराम, अशोक वाटिका में मां सीता से भेंट करते हनुमान, रावण वध का दृश्य, भगवान राम और माता सीता से मिलते केवट, रावण पर बाण चलाते श्रीराम, लंका दहन करते हनुमान, अग्नि परीक्षा देती मां सीता जैसे भावनात्मक व प्रेरक दृश्य शामिल हैं। इन संरचनाओं को विशेष रूप से धनुष के आकार में कार्विंग किया जा रहा है, जो अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान और प्रभु श्रीराम के प्रतीक को जीवंत करेगा। श्रद्धालु इन सुंदर सेल्फी प्वाइंट्स के साथ तस्वीरें लेकर दीपोत्सव की स्मृति को हमेशा के लिए सहेज सकेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा चयनित कार्यदायी संस्था सार्क मीडिया इन सेल्फी प्वाइंट्स का निर्माण कर रही है। संस्था के संचालक सौरभ कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या केवल धार्मिक नगरी नहीं, बल्कि आधुनिक कला और आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बन रही है। ये 20 सेल्फी प्वाइंट श्रद्धालुओं को 'रामायण अनुभव' से जोड़ने का माध्यम बनेंगे। हमारा उद्देश्य है कि हर आगंतुक अपने कैमरे में अयोध्या की अनोखी सांस्कृतिक झलक कैद कर सके।

## पेज एक का शेष

### छात्रवृत्ति...

69 लाख और अल्पसंख्यक वर्ग के 90 हजार 758 विद्यार्थियों को 27 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में भेजी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा एकदम स्पष्ट है, जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी जी कहते हैं,ॡपारदर्शिता ही सुशासन की पहचान है।ॠडीबीटी प्रणाली इसी पारदर्शिता का सशक्त उदाहरण है।

पारदर्शी और तकनीक आधारित व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। गत वर्ष जिन विद्यार्थियों को संस्थानों की लापरवाही या पोर्टल की त्रुटियों के कारण छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई थी, उनके लिए पोर्टल को पुनः सक्रिय किया गया है। जैसे ही डेटा एंट्री पूरी होगी, एक विशेष समारोह में उन्हें भी डीबीटी के माध्यम से राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य स्पष्ट है कि प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे, हर छात्र अपने सपनों की उड़ान भर सके।

शिक्षा ही स्वावलंबन का मार्ग

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि ॡपढ़-लिखकर ही हम स्वावलंबी बन सकते हैं और समाज के लिए कुछ कर सकते हैं।ॠ उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी बाबा साहब ने शिक्षा के बल पर अपनी राह बनाई। आज हमारे पास संसाधनों की कमी नहीं, आवश्यकता है मेहनत, अनुशासन और लगन की। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पुस्तकालयों की ओर रुझान बढ़ाएं, नियमित रूप से विद्यालय जाएं, नवाचार के प्रति जिज्ञासा रखें और समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

4 करोड़ 27 लाख विद्यार्थियों को अब तक लाभ

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में 4 करोड़ 27 लाख से अधिक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया है। 2016-17 से पहले की सरकारों ने अनुसूचित जाति और जनजाति छात्रों की छात्रवृत्ति रोक दी थी, लेकिन हमारी सरकार ने न केवल वह राशि जारी की बल्कि दो वर्षों की छात्रवृत्ति एक साथ दी। उन्होंने कहा कि हमारा स्पष्ट संकल्प है कि किसी भी विद्यार्थी के साथ भेदभाव नहीं होगा। ईमानदारी, पारदर्शिता और समान अवसर हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

शिक्षा-सशक्तिकरण की नई पहलें

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में शिक्षा-सशक्तिकरण के लिए कई नई पहलें की गई हैं। अटल आवासीय विद्यालय के माध्यम से सभी 18 कमिश्नरी में विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जहां श्रमिक परिवारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा मिल रही है। आश्रम पद्धति विद्यालय के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कस्तूरबा बालिका विद्यालय के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग की बालिकाओं को इंटरमीडिएट स्तर तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। अभ्युदय कोचिंग योजना के तहत प्रदेश के प्रत्येक जनपद में प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी का अवसर मिल रहा है, जिससे अब छात्रों को बाहर नहीं जाना पड़ता।

सामाजिक सुरक्षा की दिशा में कदम

मुख्यमंत्री ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के माध्यम से प्रदेश के 1 करोड़ 5 लाख परिवारों को 12,000 वार्षिक पेंशन डीबीटी के जरिए दी जा रही है। पहले 300 मासिक पेंशन छह महीने में दी जाती थी, जिसमें बिचौलिये हिस्सा खा जाते थे। हमारी सरकार ने इसे बढ़ाकर अब 1,000 प्रति माह किया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब तक 4 लाख से अधिक बेटियों के विवाह कराए जा चुके हैं। प्रत्येक विवाह हेतु ?1 लाख की सहायता राशि दी जाती है।

गरीबी उन्मूलन में ऐतिहासिक उपलब्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। देश में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं,जबकि उत्तर प्रदेश में 6 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का शताब्दी संकल्प 2047 हमें प्रेरित करता है कि शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक न्याय के माध्यम से हम नवभारत के निर्माण में सहभागी बनें।

हर छात्र में है समाज बदलने की क्षमता

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों से कहा कि स्कूल अवश्य जाएं, नियमित पढ़ाई करें, मेहनत करने की आदत डालें। आपमें नैसर्गिक प्रतिभा है। यदि आप लगन और परिश्रम से अध्ययन करेंगे, तो बाबा साहब का सपना साकार कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी छात्रों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि अन्य पात्र विद्यार्थियों को भी यही लाभ समयबद्ध रूप से मिलेगा,ताकि कोई भी छात्र या छात्रा शिक्षा से वंचित न रहे।

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड, अल्पसंख्यक समाज कल्याण के राज्य मंत्री मो. दानिश आजाद अंसारी, अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सुभाष चंद्र शर्मा, प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक कल्याण विभाग संयुक्ता समद्दार और अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत मौजूद रहे।

### हमारा...

से 26 नवंबर तक हर विधानसभा क्षेत्र में 8 से 10 किलोमीटर लंबी 'एकता पदयात्रा' निकाली जाएगी। इसमें आर्मी के रिटायर्ड जवान, अन्नदाता, श्रमिक, भाजपा के अनुषांगिक संगठन, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड सभी को जोड़ा जाएगा। यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'नेता जी सुभाष चंद्र बोस अमर रहें' के जयघोष गूंजेंगे। हर दो किलोमीटर पर पड़ाव होगा, जहां समाज से संवाद कायम करते हुए एकता का संदेश दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि हर कार्यकर्ता को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। बूथ स्तर से लेकर जिला पदाधिकारी तक सभी को सक्रिय होना होगा।

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाएगा, जो बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। इस दिन प्रत्येक जिले से पांच युवाओं को दिल्ली भेजा जाएगा, जहां से वे गुजरात में होने वाली पदयात्रा में शामिल होंगे। यह यात्रा 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक चलेगी, ताकि युवा देशभर में सरदार पटेल और बाबा साहब दोनों के योगदान से प्रेरणा ले सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1946-47 में जो अंग्रेज भारत की अखंडता को तोड़ना चाहते थे, आज वही भारत ब्रिटेन को पछाड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा, यह हर भारतीय का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि त्योहारों पर स्वदेशी उत्पाद खरीदें। इससे स्थानीय कारीगरों, महिला समूहों और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम स्वदेशी खरीदते हैं, तो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री धर्मपाल, संयोजक संजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, बीजेपी प्रदेश मंत्री शंकर लोधी समेत बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और संगठन से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### धनतेरस ...

को अस्थायी रूप से लाइसेंस देने के सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही की जाये। पटाखों की दुकानों के पास आवश्यक अग्निरोधक उपाय किये जाये, जिससे कि आग लगने पर आग बुझाने के लिए त्वरित कार्यवाही की जा सके। आतिशबाजी विक्रय के लिए रिहायशी क्षेत्र से अलग स्थान को चिन्हित करें। अग्निशमन विभाग के कार्मिकों चौबीस घंटे सतर्क रहे। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की सघन मानीटरिंग की जाए।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए लखनऊ में मुख्य सचिव और डीजीपी संग बैठक की थी। उन्होंने सख्त निर्देश दिए है कि त्योहार हर्षोंउल्लास के साथ मनाया जाए। शांति शोहार्द बिगाड़ने वालों से सख्ती पुलिस निपटे।

### प्रधानमंत्री...

लॉन्च किया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए शिवराज सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द ही इन 11 मंत्रालयों के मंत्रियों और सचिवों सहित नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित जाए, जिससे प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का अधिकतम लाभ देश के किसान भाई-बहनों को मिल सके। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए इस मिशन से संबंधित राज्यों से जुड़े नोडल अधिकारियों के साथ भी एक बैठक आयोजित करने का अधिकारियों को निर्देश दिया, जिससे कि मिशन को सफलतापूर्वक लागू किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि 11 अक्टूबर को पूसा, दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया था। इससे पहले 16 जुलाई 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी थी। वित्त वर्ष 2025-26 से ये योजनाएं छह वर्ष की अवधि के लिए चलाई जाएगी। इसका वार्षिक परिव्यय 24,000 करोड़ रुपये है। वहीं, 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' छह वर्षों की अवधि में 11,440 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ क्रियानवित किया जाएगा। इस मिशन से 2030-31 तक दलहन क्षेत्रफल को 275 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 310 लाख हेक्टेयर तक विस्तृत करने, उत्पादन को 242 लाख टन से बढ़ाकर 350 लाख टन तक बढ़ाने और उत्पादकता को 1130 किलोग्राम/हेक्टेयर तक बढ़ाने की उम्मीद है। उत्पादकता में वृद्धि के साथ-साथ यह मिशन बड़ी संख्या में रोजगार सृजन भी करेगा।

### जुबिन...

इस दौरे में उनका किसी पार्टी कार्यक्रम में हिस्सा लेना निर्धारित नहीं था।

वहीं सोनापुर में जुबिन गर्ग की श्रद्धांजलि समाप्त करने के बाद वह जुबिन गर्ग के काहिलीपार स्थित आवास के लिए रवाना हो गये। वहां वह जुबिन गर्ग की पत्नी गरिमा गर्ग और परिवार से मिलने के बाद दिल्ली लौट जाएंगे। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राहुल गांधी के साथ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष तथा सांसद गौरव गोगोई ने भी जुबीन गर्ग को श्रद्धांजलि दी। इसी तरह कार्यक्रम में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देवब्रत सैकिया, कांग्रेस के असम प्रभारी जितेंद्र सिंह के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

### हर्ष संघवी...

नहीं हुआ। इस तरह से इन चार और हर्ष संघवी, प्रफुल्ल पानसेरिया सहित कुल छह मंत्री पुराने मंत्रिमंडल से शामिल किए गए हैं। नए मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित कुल 26 मंत्रियों को शामिल किया गया है। नए मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 7 पाटीदार, 8 ओबीसी, 3 एससी और 4 एसटी वर्ग के मंत्री हैं, जिनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। नए मंत्रिमंडल की सूची में सबसे बड़ा बदलाव यह रहा कि करीब 10 पुराने मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। आगामी चुनाव और संगठनात्मक रणनीति के तहत इन वरिष्ठ नेताओं को स्थान नहीं दिया गया है, जिनमें बलवंतसिंह राजपूत, राघवजी पटेल, बचुभाई खाबड, मूलु बेरा, कुबेर डिंडोर, मुकेश पटेल, भीखुसिंह परमार, कुवरजी हळपती, जगदीश विश्वकर्मा और भानुबेन बाबरिया शामिल हैं। हालांकि जगदीश विश्वकर्मा को पहले ही प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है।

### डाक विभाग ...

प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करना है, जिससे देश भर में तेज़ और अधिक विश्वसनीय वितरण सुनिश्चित हो सके।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया को संबोधित करते हुए इंडिया पोस्ट ऑफिस की एक वर्ष की परिवर्तनकारी प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे ग्रामीण डाक सेवक भारत की पूंजी हैं। गांव-गांव में जाकर विश्वास और प्रेम का संबंध स्थापित करते हैं। उनके सशक्तिकरण के आधार पर, उनकी वोकेशनल ट्रेनिंग के आधार पर उनके लिए नए लाइन ऑफ बिजनेस उनके लिए शुरू करके प्रगति और विकास भी सुनिश्चित करें।

### प्रवर्तन...

बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रलोभन-मुक्त और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक समन्वित और प्रभावी रणनीति तैयार करना था।

### बिहार...

लड़ रहे हैं और देशभर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। इस बार हमें चार-चार दीपावली मनाने का मौका मिल रहा है। पहली दीपावली जब प्रभु श्री राम वनवास से अयोध्या लौटे थे। वह कुछ दिनों के बाद आने वाली है। दूसरी दीपावली समाप्त हो गई, जब बिहार की हर जीविका दीदी के अकाउंट में नीतीश जी और मोदी जी ने 10-10 हजार रुपये भेजे हैं। छठी मैया की पूजा और दीपावली के दिन बिहार के माता-बहनों के खाते खाली नहीं रहेगा। तीसरी दीपावली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सुधार के साथ जब 395 चीजों के दाम कम कर दिए गए और चौथी दीपावली 14 नवम्बर को बनेगी, जब रिकॉर्ड मतों के साथ बिहार में राजग की सरकार बनेगी और लालू-राहुल का सूपड़ा साफ हो जाएगा।

गृह मंत्री ने कहा कि राजग की सरकार राज्य के 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को मुफ्त बिजली दे रही है। वृद्धा पेंशन तीन गुना बढ़ाया गया है। अब बिहार में कहीं जाने में 5 घंटे से ज्यादा का समय नहीं लगता। पहले बिहार में अपहरण और फिरौती की इंडस्ट्री चलती थी। अब बिहार में सड़क और उद्योग लगाने का काम राजग की सरकार कर रही है। अमित शाह ने कहा कि 550 साल तक रामलला अपनी जन्मभूमि पर एक झोपड़ी में विराजमान थे। जब मंदिर बनाने की बात उठी, तो कंग्रेस और उनके साथी दलों ने विरोध किया। नरेन्द्र मोदी जी ने 2019 में राम मंदिर का भूमि पूजन किया और प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर का भव्य निर्माण पूर्ण कराया। बिहार में भी सीतामढ़ी के पुनौराधाम में माता सीता का भव्य मंदिर बन रहा है। इससे पहले अमित शाह ने आज पटना के अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में नीतीश कुमार से मुलाकात की। करीब 18 मिनट तक दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। इसके बाद अमित शाह एयरपोर्ट रवाना हो गए। यहां से वह छपरा के तरैया पहुंचे और इस जनसभा को संबोधित किया।

### छत्तीसगढ़ ...

भारत के संविधान में अपना विश्वास पुर्नस्र्थापित करने के इन सभी के निर्णय की सराहना करता हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार की निरंतर कोशिशों का ही यह परिणाम है कि नक्सलवाद आखिरी सांसें ले रहा है। नक्सलियों के विरुद्ध हमारी नीति स्पष्ट है, जो आत्मसमर्पण करना चाहते हैं, उनका स्वागत है, लेकिन जो लोग हथियार उठाए रहेंगे, उन्हें हमारी सुरक्षाबलों की कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सभी नक्सलियों से मेरी अपील कि वे अपने हथियार त्याग दें और मुख्यधारा में लौट आएं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर बताया कि देश में अब नक्सली प्रभावित जिलों की संख्या 18 से घटकर 11 रह गई है। इसमें भी जो सबसे ज्यादा प्रभावित जिले थे। उनकी संख्या 6 से 3 रह गई है। अब केवल छत्तीसगढ़ का बीजापुर, सुकमा और नारायणपर ही 3 ऐसे जिले रह गए हैं।

### स्वदेशी...

साथ कई लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। यह स्वदेशी तकनीक से बना विदेशी निर्भरता से मुक्त है।

# उत्तराखंड में वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च को सशक्त करें विश्वविद्यालय: राज्यपाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। कुलाधिपति व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राजभवन में राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक ली। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र न होकर राष्ट्र निर्माण के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे युवा तैयार करना है जो न केवल रोजगार प्राप्त करें, बल्कि समाज, राज्य और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक विश्वविद्यालय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके छात्र भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ज्ञान और कौशल प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में शिक्षा को उद्योग जगत, नवाचार और प्रौद्योगिकी से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक विश्वविद्यालय को प्रदेश की आवश्यकताओं, प्राकृतिक संसाधनों और सामाजिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपने पाठ्यक्रमों को अद्यतन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को उद्योगों, अनुसंधान संस्थानों और स्टार्टअप जगत से जोड़कर व्यावहारिक अनुभव दिया जाए ताकि वे भविष्य की तकनीकी और व्यावसायिक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बन सकें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से अलुमनाई नेटवर्क को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अलुमनाई किसी भी संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी होती है और उनके अनुभव, मार्गदर्शन एवं संसाधन विश्वविद्यालय के विकास में अमूल्य योगदान दे सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विश्वविद्यालय में सक्रिय प्लेसमेंट सेंटर स्थापित हों जो उद्योग जगत से सतत संवाद बनाए रखें और छात्रों को इंटर्नशिप व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय संबद्धता से संबंधित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानक पूरे नहीं करने वाले कॉलेजों को संबद्धता न दी जाए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को अपने गोद लिए गए गांवों में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योगदान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थान केवल कैंपस तक सीमित न रहें, बल्कि समाज के बीच जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और आजीविका के क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाएं। राज्यपाल ने कहा कि वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च के अंतर्गत सभी विश्वविद्यालयों द्वारा उत्कृष्ट शोध कार्य किया गया है। उन्होंने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि अब इस पहल के द्वितीय चरण में नए, प्रासंगिक और प्रभावशाली शोध विषयों का चयन किया जाए ताकि शोध कार्य प्रदेश और राष्ट्र की आवश्यकताओं से सीधे जुड़ सके। इस विषय पर बैठक में विस्तृत चर्चा भी हुई। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को एआई, नई प्रौद्योगिकियों और उभरते क्षेत्रों में अध्ययन और शोध को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों के समुचित उपयोग से उत्तराखण्ड के युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सकता है।

# पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे ने अररिया से दाखिल किया नामांकन पर्चा,निकाली पदयात्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अररिया। बिहार के तेजतर्रार आईपीएस में शुमार सुपर कॉप के नाम से जाने जाने वाले शिवदीप वामनराव लांडे ने अररिया विधानसभा से शुक्रवार को अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया।

सैकड़ों समर्थकों के साथ पदयात्रा करते हुए शिवदीप वामनराव लांडे अररिया समाहरणालय परिसर स्थित एसडीओ कार्यालय पहुंचे।जहां उन्होंने अररिया के निर्वाची पदाधिकारी सदर एसडीओ रवि प्रकाश के समक्ष अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया। शिवदीप लांडे के साथ रानीगंज (अजा) सुरक्षित सीट से उनके समर्थक अमन राज ने भी अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया।शिवदीप लांडे और अमन राज ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इससे पहले शिवदीप लांडे ने पदयात्रा को शुरुआत शिवपुरी के वंदना हॉल से अनुमंडल कार्यालय तक पदयात्रा की।उनके साथ उनकी पत्नी डॉ ममता भी साथ रही। नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद शिवदीप लांडे ने कहा कि एक पुलिस अधिकारी के रूप में उन्होंने सेवा की और अब जनसेवक को रूप में सेवा करने के लिए चुनाव लड़ रहे है।उन्होंने कहा कि उन्होंने नामांकन पर्चा दाखिल कर दी है और अब यह लड़ाई अररिया के युवाओं की लड़ाई है। प्राथमिकता के तौर पर थाना और प्रखंड स्तर पर निहित भ्रष्टाचार के खात्मे को अपनी प्राथमिकता करार दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस का एक सीमा तक कार्य क्षेत्र होता है और राजनीति में कार्यक्षेत्र बड़ा होता है।जहां सरकार से सीधा जवाब तलब किया जा सकता है और इसी कारण से उन्होंने सियासत की राह पकड़ी।उन्होंने अररिया से मिले अपार प्रेम और सहानुभूति से भावविभोर होने की बात कही।उन्होंने कहा कि पदयात्रा में मेरे प्रति प्रेम रखने वाले सैकड़ों युवा साथ चले। अनेक बुज़ुर्ग, माताएं और बहनें भी बड़ी संख्या में जुड़ीं और मेरा हौसला बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि अररिया की जनता बदलाव चाहती है। जो शांति सुशासन और पारदर्शिता का बदलाव होगा।

# बकाया वेतन को लेकर शिक्षक कल तरनतारन में करेंगे विरोध प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

फगवाड़ा। पंजाब के सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के हजारों शिक्षक, जिनमें से कई को पिछले नौ से 18 महीनों से वेतन नहीं मिला है, शनिवार को तरनतारन में विरोध प्रदर्शन शुरू करने वाले हैं। उपचुनाव अवधि के दौरान आयोजित होने वाले इस प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य संघ के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मदनीपुर और राज्य सचिव शरणजीत सिंह कदीमाजरा करेंगे, जो सरकार की ''शिक्षक विरोधी नीतियों'' के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। सहायता प्राप्त स्कूल शिक्षक संघ की ज़िला अध्यक्ष मोनिका शर्मा ने शुक्रवार को यहां कहा कि सी एंड वी श्रेणी के शिक्षक 18 महीने से वेतन का इंतज़ार कर रहे हैं, जबकि अन्य कर्मचारियों को पिछले नौ महीनों से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा, ''शिक्षा और वित्त विभाग के अधिकारियों और मंत्रियों के साथ बार-बार बैठकों के बावजूद, वेतन वितरण के लिए कोई अनुदान जारी नहीं किया गया है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग ने स्कूल प्रबंधन समितियों के ऑडिट के बहाने अनुदान रोक रखा है। सुश्री शर्मा ने कहा, ''शिक्षा विभाग के पास न तो पर्याप्त ऑडिट स्टाफ है और न ही ऑडिट करने के लिए पर्याप्त शैक्षणिक अधिकारी। इस प्रशासनिक शून्यता का खामियाजा शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। यूनियन ने यह भी दावा किया कि 1967 के बाद यह पहली बार है जब पंजाब सरकार ने ऑडिट औपचारिकताओं का हवाला देकर वेतन अनुदान रोक दिया है। सरकार पर सहायता प्राप्त स्कूलों को बंद करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों को दशहरा और दिवाली जैसे त्योहार बिना वेतन के मनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने पंजाब मानवाधिकार आयोग से वेतन में देरी की ज़िम्मेदारी तय करने का आग्रह करते हुए कहा, तथाकथित 'शिक्षा क्रांति' सरकार शिक्षकों को उनका वेतन मिलना भी सुनिश्चित नहीं कर सकती। यह अमानवीय है और शिक्षित वर्ग का अपमान है।

# क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, 54 हजार ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट्स बरामद, एक गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच की मध्य रेंज टीम ने एक शातिर ड्रग तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 54,000 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड (Treken-100) टैबलेट्स बरामद की हैं। जिनकी कीमत करीब 32 लाख बताई जा रही है। ये टैबलेट्स नशीले और प्रतिबंधित दवाओं की श्रेणी में आती हैं। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि मदनपुर खादर इलाके में नशीली दवाओं की सप्लाई की जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने मेहक अपार्टमेंट, मादनपुर खादर एक्सटेंशन-ऋ सरिता विहार के पास जाल बिछाया। शाम करीब 6:30 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। जिसकी पहचान मादनपुर खादर निवासी मोहम्मद अबिद (50) के रूप में हुई। कानूनी प्रक्रिया के तहत तलाशी लेने पर अबिद के पास से एक बड़े कार्टन बैग में छिपाई गई 54,000 ट्रामाडोल टैबलेट्स बरामद हुईं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित अबिद ने खुलासा किया कि उसका साला मोहम्मद जावेद खान भी इस धंधे में शामिल है और वह ही दवाओं की सप्लाई करता था। पुलिस ने 8 से 10 अक्टूबर के बीच जसोला विहार और जोहरी फार्म, जामिया नगर में कई जगह छापेमारी की, लेकिन जावेद पुलिस के हाथ नहीं लगा। अबिद के मोबाइल की डिजिटल जांच में भी यह सामने आया कि जावेद ने उसे व्हाट्सऐप पर नशीली दवाओं की तस्वीरें भेजी थीं। जिन्हें बेचने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस अधिकारी के अनुसार जांच में पता चला है कि मोहम्मद अबिद दसवीं तक पढ़ा हुआ है। वह पहले पशु आहार का छोटा कारोबार करता था। लेकिन जल्दी पैसे कमाने की लालच में उसने नशे की दवाओं की अवैध सप्लाई का रास्ता पकड़ लिया।

# दीपावली पर 'मेड इन इंडिया' लाइट्स की चमक, चाइनीज उत्पादों को पीछे छोड़ा

चंडीगढ़। दीपावली के त्योहार पर इस बार चंडीगढ़ की मार्केटें जगमगा रही हैं। घरों को रोशन करने के लिए जहां पहले चाइनीज लाइट्स का बोलबाला था, वहीं अब 'मेड इन इंडिया' लाइटों की धूम देखने को मिल रही है। इलेक्ट्रानिक मार्केटों में भारतीय और चाइनीज दोनों तरह की एलईडी झालरें 50 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की रेंज में उपलब्ध हैं। सेक्टर-18 की इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में सबसे ज्यादा मांग इंडियन इलेक्ट्रिक लैंप, इलेक्ट्रिक बेल, इलेक्ट्रिक प्लांट और इलेक्ट्रिक स्टार्स की है। व्यापारियों का कहना है कि कुछ सालों से चाइनीज उत्पादों के बहिष्कार की मुहिम चल रही है, जिसका असर अब साफ दिखाई दे रहा है। लोग इस बार स्वदेशी उत्पादों को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। बाजार में सजावट के लिए डेकोरेटिव आइटम, आर्टिफिशियल फूलों की लड़ियां, और रंग-बिरंगी लाइट्स के शोपीस भी खूब बिक रहे हैं।

# पंजाब के पूर्व डीजीपी के बेटे की दवाई की ओवरडोज से मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा के बेटे की गुरुवार की रात दवाई की ओवरडोज से पंचकूला में मौत हो गई। मृतक की मां पंजाब में पूर्व मंत्री भी रह चुकी हैं। जानकारी के अनुसार पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा पंचकूला में रहते हैं। मोहम्मद मुस्तफा के 35 वर्षीय बेटे अकील अख्तर ने बीती रात दवाई का अधिक सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि अकील शादीशुदा था, जिनके एक बेटा व एक बेटी है। अकील के पिता व पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा अलसुबह ही कागजी कार्रवाई के बाद सहारनपुर जिले के अपने पैतृक गांव में हरडा में चले गए थे। पंचकूला में पोस्टमॉर्टम के बाद उनके 2 रिश्तेदार शव को एम्बुलेंस से लेकर सहारनपुर चले गए, जहां उनकी अंतिम रस्में होंगी।

# सारथी फाउंडेशन समिति ने निर्बल वर्ग के साथ बाटी दीपावली की खुशियां

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हल्द्वानी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सारथी फाउंडेशन समिति के द्वारा निर्बल वर्ग मेहनती लोगों संग दिवाली मिलन का कार्यक्रम *माँ जगदम्बा बैंक्विट हाल* नहर कवरिंग मुखानी रोड पर बड़े ही धूम धाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष नवीन पन्त द्वारा की गई, अतिथि के रूप में सीए सरोज आनंद जोश की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन सचिव ज्ञानेंद्र जोशी द्वारा किया गया, जैसा कि सभी को विधित है कि सारथी फाउंडेशन हर वर्ष दिवाली से पहले मेहनती एवं निर्बल वर्ग के संग दिवाली कार्यक्रम का आयोजन करता आया है इसी सिलसिले मै आज सारथी फाउंडेशन समिति के द्वारा परिवारों को दिवाली की मिठाई, खिले, खिलोने, बिस्कुट, नमकीन, चॉकलेट, जूस, मोमबत्ती, दिये आदि का वितरण मां जगदम्बा बैंक्विट हाल नहर कवरिंग रोड पर किया गया। संस्था अध्यक्ष नवीन पन्त ने दिवाली उत्सव के वितरण कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कहा कि संस्था का उद्देश्य मेहनती और निर्बल वर्ग के परिवारो को आगे लाकर समाज में सम्मान देना और छोटी छोटी खुशियां उत्सवों के माध्यम से बांटना संस्था का लक्ष्य है उसी प्रयासों को करने का प्रयास संस्था के सदस्यों द्वारा सारथी फाउंडेशन समिति कर रही है जो निरंतर जारी रहेगा। अतिथि सी,ए सरोज आनंद जोशी जी ने सारथी फाउंडेशन समिति के सभी सदस्यों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वह सारथी के साथ समाजसेवा में सदा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और संस्था को उनके द्वारा हर तरह का सहयोग सदा मिलता रहेगा। संस्था के संरक्षक योगेश चन्द्र पाण्डे एवं गिरीश लोहनी ने वितरण कार्यक्रम में कहा कि संस्था और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर कार्य करें यह हम सबका संकल्प है बगैर रूकें बगैर थके चलना ही सारथी फाउंडेशन समिति की एक अलग पहचान है। दिवाली वितरण कार्यक्रम में आये हुए मेहनती एवं निर्बल वर्ग के लोगों के साथ संस्था के सदस्यों द्वारा बातचीत कर सभी को मिठाई खिलाकर सभी सदस्यों द्वारा वितरण कार्य किया गया, संस्था द्वारा 19 मेहनती परिवारो के सदस्यों को वितरण कर दिवाली की बधाईयां दी गई।

# ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस की सख्ती, सड़क किनारे ठेला-खोमचा जब्त करने का आदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



भागलपुर। शहरी क्षेत्र की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई। बैठक में डीएम ने ट्रैफिक डीएसपी संजय कुमार को यातायात में तैनात पुलिस बल को बदलने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नए पुलिस बल को प्रतिनियुक्ति के बाद अच्छी तरह ब्रीफिंग की जाए ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार दिखे। बैठक में यह भी बताया गया कि सड़क किनारे लगने वाले ठेला-खोमचा और अवैध अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बढ़ रही है। इस पर डीएम ने सड़क के किनारे बेतरतीब ढंग से लगने वाले ठेला-खोमचा को जब्त करने के सख्त निर्देश दिए। निर्देश के बाद शनिवार को ट्रैफिक डीएसपी संजय कुमार वरीय पदाधिकारी के आदेश पर दल-बल के साथ स्टेशन चौक पहुंचे और जहां-तहां खड़े रिक्शा, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को फटकार लगाई। इसके बाद ट्रैफिक डीएसपी ने एम.पी. द्विवेदी रोड में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य खनन तत्परता सूचकांक में पंजाब, त्रिपुरा के साथ 'सी' कैटेगरी में अग्रणी स्थान पर उत्तराखंड

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




देहरादून। केंद्रीय खनन मंत्रालय की गुरुवार को जारी राज्य खनन तत्परता सूचकांक में उत्तराखंड को 'सी' कैटेगरी में अग्रणी स्थान मिला है। इस सूचकांक में मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान को 'ए' कैटेगरी, गोवा, उत्तर प्रदेश और असम 'बी' और उत्तराखंड को पंजाब और त्रिपुरा के साथ 'सी' कैटेगरी में अग्रणी स्थान प्रदान किया गया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया को बताया कि यह उपलब्धि उत्तराखंड सरकार के सशक्त शासन मॉडल, पारदर्शी नीतियों, दक्षता, सतत विकास और तकनीकी उन्नयन के प्रति किए जा रहे सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य विकास और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित करते हुए खनन क्षेत्र को सतत विकास की दिशा में अग्रसर करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों के प्रतिनिधि व अधिकारी भी उत्तराखण्ड आकर खनन क्षेत्र में क्रियानवित मॉडल का अध्ययन कर रहे हैं तथा यहाँ की नीतियों और व्यवस्थाओं को अपने-अपने राज्यों में लागू करने के प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर नियंत्रण के लिए सैटेलाइट आधारित निगरानी प्रणाली लागू की गई है। खनिज परिवहन के लिए ई-रवन्ना प्रणाली को सख्ती से लागू कर राजस्व हानि पर प्रभावी रोक लगाई गई है। पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में सस्टेनेबल माइनिंग प्रैक्टिसेस को अपनाने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बजट 2025ऽ26 में की गई घोषणा के अनुरूप तैयार सूचकांक देश के विभिन्न राज्यों का मूल्यांकन खनन सुधारों, नीतिगत पारदर्शिता, पर्यावरणीय संतुलन, खनिज अन्वेषण क्षमता और प्रशासनिक दक्षता जैसे अनेक मापदंडों के आधार पर करता है। इस साल इस सूचकांक में मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान को 'ए' कैटेगरी मिली है। इसके अलावा गोवा, उत्तर प्रदेश और असम 'बी' और उत्तराखंड को पंजाब और त्रिपुरा के साथ 'सी' कैटेगरी में अग्रणी स्थान मिला है। खनन मंत्रालय के अनुसार, यह सूचकांक राज्यों में खनन क्षेत्र में बेंचमार्किंग और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने का कार्य करेगा, जिससे देशभर में खनन सुधारों की गति और पर्यावरण-अनुकूल नीतियों के क्रियान्वयन को और बल मिलेगा। खनन विभाग ने बताया कि राज्य में खनन क्षेत्र के समुचित नियमन, सतत निगरानी और स्थानीय जनहितों की सुरक्षा के लिए ठोस कार्ययोजनाएं लागू की जा रही हैं। भविष्य में खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक दोहन और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन को और मज़बूती प्रदान की जाएगी। उत्तराखंड सरकार का उद्देश्य है कि आने वाले वर्षों में खनन क्षेत्र में पारदर्शी प्रक्रियाओं, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण के लिए देश में एक आदर्श राज्य के रूप में स्थापित हो।

# मैथिली ठाकुर ने अलीनगर और जीवेश मिश्रा ने जाले विधानसभा क्षेत्र से दाखिल किया नामांकन

पटना। बिहार में दरभंगा जिले की अलिनगर विधानसभा सीट से प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर और जाले से विधायक जीवेश मिश्र ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के रुप में शुक्रवार को अपना-अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले मैथिली ठाकुर ने नवादा गांव स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की और नामांकन करने के बाद एक सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान मैथिली ने अलीनगर को आदर्श नगर बनाने की बात कही, साथ ही सभा में आए लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। नामांकन सभा मे भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, जाले विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जीवेश मिश्रा ने नामांकन किया। जीवेश मिश्रा साइकिल पर सवार होकर नामांकन करने के लिए पहुंचें। इस दौरान सैंकड़ों समर्थक जीवेश मिश्रा के आगे-पीछे चलते रहे। अपने आवास से 2 किलोमीटर साइकिल चलाकर वे डीडीसी कार्यालय पहुंचे और वहां अपना नामांकन दाखिल किया। नामंकन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जीवेश मिश्रा ने कहा कि वे एक साधारण व्यक्ति हैं। इसी कारण साइकिल पर सवार होकर नामांकन करने आये थे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063